बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 35, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज 16

इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय 15

## लखनऊ में राजनाथ और अमेठी से स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन





**लखनऊ।** भाजपा उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय सीट और केंद्रीय नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज संसदीय सीट से पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। वहीं, केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी से नामांकन दाखिल किया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे।

## नीट पीजी : इंटर्नशिप कटऑफ विस्तार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने इस साल 23 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कुछ समय तक दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस पर विचार नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि मेरा मतलब है कि जब कोई कटऑफ होता है तो लोग एक विशेष रेखा के पक्ष में जाने के लिए बाध्य होते हैं।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने नेट की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। परीक्षा की तिथि को 18 जून को इसलिए किया गया है क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश ने कहा अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से कहा ट्रायल कोर्ट में क्यों नहीं दी अर्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- धनशोधन के एक मामले में जामानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अपनी जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका क्यों नहीं दायर की।

केजरीवाल ने ईडी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। पीठ ने केजरीवाल की ओर से कोर्ट में पेश अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया? डॉ. सिंघवी ने जवाब दिया कि हमने याचिका दायर कर ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस पर पीठ ने आश्चर्य प्रकट किया और कहा तो फिर कोई जमानत याचिका नहीं? सिंघवी ने जवाब दिया हां, इस अदालत का क्षेत्राधिकार व्यापक है। पीठ ने आगे कहा हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि क्यों... हम सिर्फ तथ्य की बता रहे हैं। सिंघवी ने कहा मैंने एक प्रत्युत्तर नोट और एक प्रारंभिक नोट भी भर दिया है। पीठ ने पूछा आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? सिंघवी ने कहा कि सबसे पहले तो इसलिए कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है।

## एक नजर

### प्रोफेसर पर छात्रा का यौन उत्पीड़न करने का आरोप

**नयी दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। छात्र संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण मजबूर होकर छात्रा ने परिसर छोड़ दिया। छात्र संघ ने कहा कि पीड़िता की महिला साथियों ने भी उसी शिक्षक पर यौन और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है, लेकिन इसके बावजूद छात्राओं की एक अन्य शिकायत पर भी जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं व 12वीं के नतीजे आज

**रामनगर।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षाफल मंगलवार (आज) को घोषित किया जाएगा। इसके साथ सुधार परीक्षा (द्वितीय) 2023 का परीक्षाफल भी घोषित किया जाएगा। जानकारी देते हुए बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि बोर्ड मुख्यालय में मंगलवार को सभापति महावीर सिंह बिष्ट पूर्वाह्न 11.30 बजे परीक्षाफल की घोषणा करेंगे। इसके बाद बोर्ड की वेबसाइट पर परीक्षाफल अपलोड कर दिया जाएगा। इस बार 10वीं कक्षा में 1,16379 परीक्षार्थी और 12वीं में 94,768 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 30 अप्रैल को ही वर्ष 2022-23 की द्वितीय सुधार परीक्षा का भी परिणाम जारी किया जाएगा। इस बार परीक्षाफल पिछले वर्षों के मुकाबले पहले जारी किया जा रहा है।

### ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन कैब बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने नियुक्ति के चार महीने के भीतर ही इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने कहा कि कंपनी 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। बख्शी जनवरी, 2024 में कंपनी में शामिल हुए थे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि कंपनी के ओला कैब्स डिवीजन में जनवरी में करीब 900 लोग थे और छंटनी से 90-140 लोग प्रभावित हो सकते हैं। संपर्क करने पर ओला ने इस सूचना पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

# अल्पसंख्यकों के लिए कांग्रेस कर रही धर्म आधारित आरक्षण की बात

## प्रधानमंत्री ने कहा- किसी सूरत में सफल नहीं होने देंगे उसके मंसूबे

**बागलकोट (कर्नाटक), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समुदाय अब भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है।

हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है। उन्होंने कहा वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।



कर्नाटक में एक जनसभा में लोगों का अभिवादन करते नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं। ये लोग धर्म के आधार पर, अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए, आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है। संसद में एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकतर सांसदों के भाजपा के साथ होने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं।

### इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगी : मोदी

**सोलापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडी समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए, तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा एक तरफ मोदी है, जिसको 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडी समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

## राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या कार्यालय।** राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान बनवारी लाल (70) निवासी राजस्थान के रूप में हुई, जबकि दूसरी मृत महिला श्रद्धालु (50) की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हालांकि घटना का कारण तेज धूप गर्मी के साथ-साथ श्रद्धालु के द्वारा पानी न पीए जाने का कारण बताया जा रहा है। मृत महिला श्रद्धालुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सोमवार को राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये बनवारी लाल की मंदिर परिसर से निकलने के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना मन्दिर में दर्शन कर प्रसाद काउंटर पर पहुंची एक महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गई। वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें श्रीराम चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी परिसर के अधिकारियों को दी गई। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने बताया कि महिला श्रद्धालु की पहचान नहीं हो पाई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है

## ब्याज वसूली का तरीका बदलें बैंक, अतिरिक्त शुल्क लौटाएं : आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी**

- केंद्रीय बैंक ने कहा- ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में निष्पक्षता और पारदर्शिता जरूरी

भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों के ब्याज वसूलने के तौर तरीकों पर आपत्ति जताते हुए इसमें तत्काल सुधार करने को कहा। आरबीआई ने कहा कि ग्राहकों से वसूला गया अतिरिक्त शुल्क बैंक वापस लौटाएं। आरबीआई के दायरे में आने वाली वित्तीय संस्थाओं (आरई) को ब्याज वसूलने में निष्पक्षता और पारदर्शिता अपनाने को कहा।

केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए कहा कि इसके निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। आरबीआई ने कहा, 31 मार्च, 2023 को समाप्त अवधि के लिए विनियमित इकाइयों की भौतिक जांच के दौरान रिजर्व बैंक को ऋणदाताओं द्वारा ब्याज वसूलने में कुछ अनुचित गतिविधियों की जानकारी मिली। केंद्रीय बैंक ने सभी इकाइयों को निर्देश दिया है कि वे ऋण वितरण के तरीके, ब्याज लगाने और अन्य शुल्कों के संबंध में अपने तरीकों की समीक्षा करें और जरूरी होने पर प्रणालीगत बदलाव जैसे कदम उठाएं। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकों एवं अन्य कर्जदाताओं की जांच में पाया गया कि कई जगहों पर ऋण की मंजूरी की तारीख या ऋण समझौते होने की तारीख से ब्याज वसूला जा रहा है, न कि ग्राहक को धन के वास्तविक वितरण की तारीख से। ऐसे भी मामले सामने आए जहां चेक की तारीख से ब्याज वसूला गया जबकि ग्राहक को चेक कई दिनों बाद सौंपा गया। रिजर्व बैंक ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा, विनियमित इकाइयों को इस तरह लिया गया अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क ग्राहकों को वापस करें। केंद्रीय बैंक ने कहा कि ऋण वितरण के लिए चेक जारी करने के बजाय बैंकों को खाते में ऑनलाइन राशि ट्रांसफर की जानी चाहिए।

## इंदौर प्रत्याशी नामांकन वापसी कर भाजपा में शामिल, कांग्रेस को झटका

**इंदौर, एजेंसी**



- नामांकन वापसी के आखिरी दिन अक्षय बम समेत तीन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया

पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन पर्चा वापस ले लिया। वह भाजपा में शामिल हो गए हैं।

अक्षय बम, स्थानीय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपना पर्चा वापस लिया। लौटते वक्त वह मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने ने बताया कि कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन उम्मीदवारों ने सोमवार को तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस बीच, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने एक्स खाते पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें बम उनके साथ कार में बैठे नजर आ रहे हैं। मेंदोला को विजयवर्गीय का विश्वस्त माना जाता है। विजयवर्गीय ने तस्वीर के साथ लिखा इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है।

## गुलदार का वन क्षेत्राधिकारी पर हमला, गंभीर घायल

**संवाददाता, नगीना (बिजनौर)**



- गांव ज्ञानपुर बघाला में आश्रम के पास हुई घटना

**अमृत विचार :** क्षेत्र में पिंजरा व जाल लगा रही वन विभाग की टीम में शामिल वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर गुलदार ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

नगीना-नहटौर मार्ग स्थित गांव ज्ञानपुर बघाला स्थित के आश्रम के संचालक महात्मा सुनील कुमार ने वन विभाग से आश्रम के चारों ओर जाल और पिंजरा लगाने की मांग की थी। सोमवार दोपहर एक बजे वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में टीम आश्रम के चारों ओर जाल व पिंजरा लगाने के लिए गई थी। वन दरोगा जगत सिंह राणा ने बताया कि गेहूं के खेत में मौजूद गुलदार ने प्रदीप शर्मा पर हमला कर दिया। गुलदार ने उनके सिर पर हमला किया। इससे उनके सिर व हाथ गहरे घाव हो गए हैं। वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाकर गुलदार को भगाया।

## हाइवे पर हादसे में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री समेत पांच घायल

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



- शाहजहांपुर से मुरादाबाद आ रहे थे भाजपा नेता दुष्यंत गौतम

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-लखनऊ बाईपास पर गागन नदी के पुल के पास भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम की कार हादसे का शिकार हो गई। इसमें राष्ट्रीय महामंत्री समेत पांच लोग घायल हुए हैं।

सोमवार को दुष्यंत गौतम इनोवा कार में सवार होकर शाहजहांपुर से मुरादाबाद आ रहे थे। रात करीब 8.45 बजे गागन नदी के पुल के पास पीछे से कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दुष्यंत गौतम की कार डिवाइडर पर चढ़कर विपरीत दिशा में पहुंचकर हाइवे पर लगे एंगिल में जा टकराई और वहीं रुक गई। कार की खिड़की खुल गई और दुष्यंत गौतम सड़क पर गिर गए थे। सड़क पर गिरने से भाजपा नेता की पीठ में चोट आई है। राष्ट्रीय महामंत्री के आगमन की खबर पर उन्हें रिसीव करने के लिए महापौर विनोद अग्रवाल वहां पहुंचे हुए थे। जब उन्हें हादसे की जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे और उन्हें टीएमयू अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज किया है।

## मोदी को अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पीएम पर लगाया देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप
- याचिका में कोई दम नहीं, गलत धारणा पर आधारित : कोर्ट

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गयी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है। देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है।

## मां ने दो बेटों के साथ कुएं में कूदकर जान दी

**चित्रकूट।** मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे झलमल में मां ने सोमवार को अपने दो बेटों के साथ कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। मामले के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है। पुलिस ने जांच शुरू की है। झलमल निवासी सबित लाल कोल की पत्नी अंजू (28) ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दो बेटों सुदीप (1) और सुधीर (3) को एक-एक कर कुएं में फेंका और फिर वह भी कूद गई। घटना के समय पति घर पर नहीं था। लौटने पर पत्नी-बच्चों को घर में न पाकर ढूंढने निकला तो किसी ग्रामीण ने बताया कि कुएं में तीनों के शव पड़े हैं। इसके बाद गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया।

# 46 प्रत्याशी करोड़पति, 25 पर आपराधिक मामले

**तीसरा चरण : भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी करोड़पति, बरेली के सपा प्रत्याशी सबसे अधिक धनवान**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उप्र. की 10 सीटों पर हो रहे तीसरे चरण के चुनाव में सपा, भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा धनवान हैं, इनकी औसत संपत्ति 47.67 करोड़ रुपये है। लगभग 182 करोड़ रुपये संपत्ति के साथ बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह एरन सबसे ज्यादा धनवान हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम के पास मात्र 12 हजार की संपत्ति ही बताई गई है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों के शपथपत्रों की पड़ताल करने के बाद उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह ने सोमवार को बताया कि भाजपा के सभी 10 उम्मीदवार, सपा व बसपा के सभी नौ-नौ प्रत्याशी, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक प्रत्याशी और जन शक्ति एकता पार्टी का इकलौता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.94 करोड़ है। दलों की बात करें तो सपा के बाद दूसरे नंबर पर भाजपा के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 11.74 करोड़ है। जबकि, बसपा के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.45 करोड़ है। वहीं, पीस पार्टी के तीन उम्मीदवारों के पास 1.13 करोड़ रुपये औसत संपत्ति है।

तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 25 पर आपराधिक मामले घोषित हैं। इनमें भाजपा व बसपा के चार-चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं, सपा के पांच प्रत्याशी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से एक उम्मीदवार ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें गंभीर मामलों की बात करें तो 20 उम्मीदवारों ने बताया कि उन पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### सपा प्रत्याशी ज्यादा धनवान

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि सपा के धनवान उम्मीदवारों में प्रवीन सिंह एरन के बाद दूसरे नंबर पर फिरोजाबाद के अक्षय यादव हैं। जिनकी संपत्ति 136 करोड़ रुपये के करीब है। वहीं, मैनपुरी से चुनाव लड़ रही अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव के पास करीब 42 करोड़ की संपत्ति है।

### मात्र 12 हजार की संपत्ति लेकर उतरे हसनुराम

सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम अम्बेडकरी के पास मात्र 12 हज़ार की संपत्ति हैं। दूसरे नंबर पर एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कैलाश कुमार हैं जिनकी संपत्ति 19 हज़ार बताई गई हैं। तीसरे नंबर पर निर्दल प्रत्याशी रवि कुमार की कुल संपत्ति 21 हज़ार रुपये है।

### कांग्रेस उम्मीदवार पर सबसे अधिक 17 मामले

फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर सबसे ज्यादा 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर बसपा के फिरोजाबाद प्रत्याशी चौधरी बशीर हैं, इनके खिलाफ नौ मामले हैं। वहीं, तीन आपराधिक मामलों के साथ संभल सीट के उम्मीदवार पवन कुमार तीसरे नंबर पर हैं।

## एक नजर

### भीषण गर्मी में जनहित के लिए प्याऊ की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोगों ने जनहित के लिए इस भारी गर्मी में प्याऊ लगाने की मांग की है। लोगों ने यह मांग जिला प्रशासन के साथ ही शहर के धनाढ्य लोगों से मुख्य रूप से की है। इस समय एक-एक घंटे में लोगों को प्यास लग रही है। लेकिन कहीं पर भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं है। इससे मजबूरन लोगों को बोतल का महंगा पानी खरीदना पड़ रहा है। जबकि बोतल का पानी भी बहुत विश्वसनीय नहीं है। इसलिए जनता की मांग को देखते हुए प्याऊ खुल जाएं तो काफी सहूलियत होगी। शहर में प्रतिदिन हजारों लोग अपने काम से आ रहे हैं। वे पानी के लिए परेशान होते हैं। इसलिए शहर के अनेक स्थानों पर प्याऊ की जरूरत है। जिला कचहरी आने वाले श्रीराम चौधरी का कहना है कि हर जगह पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। बिना पैसे के कहीं पर भी पानी उपलब्ध नहीं होता है। इसलिए शहर के बड़े लोगों को प्याऊ की व्यवस्था करानी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र से आए रमेश कुमार ने कहा कि इन दिनों बिना भोजन के तो चलेगा, लेकिन बिना पानी के नहीं चलेगा। लेकिन शहर में प्याऊ की बड़ी समस्या है।

### नाला निर्माण में सुस्ती से व्यापारियों को परेशानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ रोड पर हरथला मुख्य मार्ग के किनारे नाला निर्माण कार्य में सुस्ती से राहगीरों व व्यापारियों को परेशानी हो रही है। चुनाव के चलते कार्य की सुस्त चाल से इस मार्ग के दोनों पटरियों पर सड़क के गड्ढों व मिट्टी के ढेर के बीच लोग आवाजाही कर रहे हैं। वहीं एक पटरी पर नाले से निकाले गए सिल्ट से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना है। सड़क पर उड़ रही धूल से भी लोग परेशान हैं। हादसे की आशंका भी बनी है। वहीं नाला निर्माण कार्य के चलते दुकानों पर ग्राहकों के न आ पाने से कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### ईवीएम की सुरक्षा में न करें लापरवाही

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिह ने सोमवार को मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम/सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को लापरवाही न करने का निर्देश दिया। कहा कि ईवीएम की सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। इस दौरान वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी पर उपस्थिति उन्होंने रजिस्टर में चेक की।

# सीओ के गनर ने दिखाई दबंगई आवास पाने को काट दी लाइट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महिला का हेड कांस्टेबल पति आगरा में चुनाव ड्यूटी पर है तैनात

**अमृत विचार :** सीओ हाईवे के गनर की दबंगई से हेड कांस्टेबल सत्येंद्र के सरकारी आवास में सोमवार रात 10 बजे भी अंधेरा पसरा था। हेड कांस्टेबल आगरा में चुनाव ड्यूटी पर है।

आरोप है कि गनर ने आवास खाली कराने के चक्कर में उनके घर की लाइट कटवा दी। दोपहर से रात हो गई, घर की लाइट दोबारा जुड़ नहीं पाई। सीओ ने भी अनदेखी की। ऐसे में विवश हेड कांस्टेबल की पत्नी ने अपनी व्यथा कहते हुए वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वायरल वीडियो में पीड़िता अपना नाम कुमकुम बता रही है। वह कह रही है कि मेरे पति की ड्यूटी चुनाव में लगी है। घर पर कोई नहीं है। एएसपी/सीओ का गनर मुझे परेशान कर रहा है। मेरे घर की लाइट काट दी है। पीड़िता वायरल वीडियो में बता रही है कि उसने गनर से कहा कि वह एडीजी के पास पेश होंगी तो बोला, मुख्यमंत्री के पास जाओ, कुछ नहीं होगा। कमरा खाली करो। वीडियो में महिला बोल रही है कि उसका बच्चा बीमार है। वह खुद पैरों से परेशान हैं। दूसरे वीडियो में चारपाई पर लेटे अपने बेटे को दिखाया है और पूरे घर में अंधेरा है। संपर्क करने पर कुमकुम ने बताया ढाई महीने से उनके पति घर नहीं लौटे हैं। महिला ने कहा, गनर की दबंगई बताने के लिए वह सीओ के पास गई थी। वह अपने कार्यालय के बाहर तार जोड़वा रहे थे। इस मामले में एएसपी/सीओ अमरिंदर सिंह से उनके मोबाइल (9855282842) पर संपर्क कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो रिसीव करने वाले ने कह दिया कि सॉरी रॉग नंबर...।

## अब कल तक बंटेगा अप्रैल का मुफ्त राशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत निशुल्क खाद्यान्न वितरण की इस महीने की तारीख दो दिन और बढ़ा दी गई है। अब एक मई तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान से अप्रैल का राशन लिया जा सकता है।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि अप्रैल में खाद्यान्न व बाजरा का वितरण अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को 29 अप्रैल तक किया जाना था। लेकिन, कई जगह शत प्रतिशत वितरण न होने को देखते हुए एक मई तक तारीख बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय कार्ड धारकों को 14-14 किलो गेहूं व चावल और 7 किलोग्राम बाजरा सहित कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। जबकि पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट एक किलो गेहूं व 2 किलोग्राम चावल व 2 किलोग्राम बाजरा सहित कुल पांच किलो खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है।

## 19 अप्रैल को मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए पहले चरण में हुआ था मतदान

# मतगणना का इंतजार प्रत्याशियों पर पड़ रहा भारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**लोकसभा चुनाव**

- 4 जून को कराई जाएगी मतगणना, 12 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में है बंद
- भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह का मतदान के अगले ही दिन हो गया था निधन

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। मतदान के बाद मतगणना में लंबा समय होने से प्रत्याशियों व उनके समर्थकों को इंतजार करना भारी पड़ रहा है। पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी परिणाम को लेकर उत्सुक हैं। लेकिन, समय अधिक होने से उनके लिए सब्र करना मुश्किल हो रहा है।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान कराया गया। इस सीट पर 12 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला रहा। 62 प्रतिशत मतदान होने से किसी की उम्मीद हिलोरे मारने लगीं तो कोई चिंता में पड़ गया। वहीं मतदान के अगले दिन भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का निधन होने से भाजपा खेमे में उदासी छा गई। हालांकि परिणाम को लेकर भाजपा के लोगों की भी नजर है। यदि भाजपा प्रत्याशी की जीत होती है तो फिर से चुनाव कराने की नौबत आएगी, यदि कोई अन्य प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं का जनादेश आता है तो फिर फर्क नहीं पड़ेगा। ऐसे में अब 4 जून पर सबकी निगाहें टिकी हैं। इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के कुंवर सर्वेश सिंह, सपा की रुचि वीरा और बसपा के इरफान सैफी के बीच तय है। त्रिकोणीय मुकाबले में जीत किसके पाले में जाएगी यह तो 4 जून को ईवीएम का लॉक खुलने पर ही पता चलेगा।

परिणाम को लेकर लड़ाई में मुख्य प्रतिद्वंदियों और उनके समर्थकों की सांसें अटकी हैं व हर दिन बूथों पर मिले वोटों को गुणा गणित करने में जुटे हैं।

मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की निगरानी एक तरफ जहां जिला प्रशासन कर रहा है। वहीं प्रत्याशियों की ओर से भी इस पर पैनी नजर रखी जा रही है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ईवीएम की सुरक्षा है।

### तीन चरण में हैं मंडल की छह लोस सीटें

मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों में छह लोकसभा सीटें हैं। इनमें तीन चरणों में मतदान हो रहा है। पहले चरण में मुरादाबाद, रामपुर और बिजनौर जिले की बिजनौर और नगीना (सुरक्षित) सीट के लिए मतदान हुआ। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मंडल के अमरोहा जिले में मतदान हुआ। अब तीसरे चरण में संभल लोकसभा सीट पर मतदान होना है। इसकी तैयारियां चल रही हैं। इस प्रकार अब तक छह में से पांच सीटों पर मतदान हो चुका है। अब निगाहें संभल लोकसभा सीट पर टिकी हैं। हर जगह मतदान होने के बाद 4 जून को सभी सीटों पर एकसाथ मतगणना होगी।

# उपलब्धि: गेहूं खरीद में मुरादाबाद संभाग प्रदेश में चौथे स्थान पर

## अभी तक की गेहूं खरीद में 1,09,593 मीट्रिक टन के साथ बरेली प्रदेश में टाप, मुरादाबाद संभाग में 41,272 मीट्रिक टन हुई है खरीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- झांसी 58,852, लखनऊ 44370, चित्रकूट संभाग में 39037 मीट्रिक टन की खरीद

**अमृत विचार :** शासन की गेहूं खरीद में तेजी लाने की मंशा पर बरेली प्रदेश में टाप पर है। वहीं मुरादाबाद संभाग की भी स्थिति बेहतर है। 41,272 मीट्रिक टन खरीद के साथ मुरादाबाद संभाग प्रदेश में चौथे स्थान पर है। संभाग के पांचों जिलों में गेहूं खरीद पर अधिकारियों का जोर है।

एक मार्च से शुरू हुए गेहूं खरीद सत्र में दो महीने बीतने को है। 27 अप्रैल तक के विभागीय आंकड़े देखें तो 10,95, 93 मीट्रिक टन के साथ बरेली प्रदेश में टाप स्थान पर है। जबकि झांसी 58, 852 दूसरे और 44, 370 मीट्रिक टन की खरीद के साथ लखनऊ संभाग तीसरे स्थान पर है। बात करें मुरादाबाद संभाग की तो यहां पर अब तक 41,272 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। इसके आधार पर संभाग प्रदेश में चौथे स्थान पर है। वहीं चित्रकूट संभाग ने 39,037 मीट्रिक टन खरीद के साथ पांचवां स्थान हासिल किया है। इसमें और तेजी लाने के लिए शासन के नामित नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य को जिम्मेदारी दी गई है। मुरादाबाद संभाग के लिए शासन के नोडल अधिकारी केपी सिंह नामित किए गए हैं।

### जिलेवार स्थिति में मुरादाबाद 14वें स्थान पर

प्रदेश में गेहूं खरीद में मुरादाबाद जिला 14वें स्थान पर है। जिले में 27 अप्रैल तक 12,144 मीट्रिक टन गेहूं अब तक सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीदा गया है। हालांकि फसल पकने और कटने में देरी के चलते यहां पर खरीद सुस्त रही। वहीं लोकसभा चुनाव का भी असर देखा गया। 19 अप्रैल को मतदान के बाद खरीद में तेजी आई है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह का कहना है कि गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों, विपणन निरीक्षकों और केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है। गेहूं का अवैध भंडारण व संचरण करने वालों पर भी सख्ती कर कार्रवाई करा रहे हैं।

### प्रदेश में जिलेवार खरीद की स्थिति

| जिला | गेहूं खरीद (मीट्रिक टन में) |
|---|---|
| शाहजहांपुर | 53,418 |
| जालौन | 26,064 |
| बरेली | 22,222 |
| झांसी | 22,088 |
| खीरी | 21,806 |
| हमीरपुर | 19,744 |
| पीलीभीत | 18,873 |
| महराजगंज | 16,962 |
| अलीगढ़ | 15,390 |
| बदायूं | 15,079 |
| मिर्जापुर | 13,129 |
| रामपुर | 12,959 |
| संभल | 12,855 |
| मुरादाबाद | 12,140 |
| महोबा | 11,513 मीट्रिक टन |

## गेहूं खरीद में अमरोहा की खराब प्रगति पर नोडल अधिकारी ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



सर्किट हाउस सभागार में बैठक करते नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद केपी सिंह, साथ में संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार व अन्य अधिकारी।

**सख्ती**

- संभाग में अभी तक 5,40,000 मीट्रिक टन के सापेक्ष सिर्फ 45,189 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद
- सर्किट हाउस सभागार में हुई बैठक, अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद कम खरीद पर हुए नाराज

**अमृत विचार :** शासन के नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग कामता प्रसाद ने सोमवार को सर्किट हाउस सभागार में मुरादाबाद संभाग के अधिकारियों के साथ गेहूं खरीद को लेकर बैठक की। उन्होंने अमरोहा में खरीद की प्रगति काफी कम होने पर नाराजगी जताई। हर हाल में खरीद बढ़ाने का निर्देश दिया।

अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग को बताया गया कि मुरादाबाद संभाग के पांचों जिलों को मिलाकर शासन ने 5,40,000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया है। जिसमें से 45,189.61 मीट्रिक टन की खरीद 6006 किसानों से हुई है। जो लक्ष्य का कुल 8.37 प्रतिशत है। जिलेवार खरीद की स्थिति की समीक्षा करने पर उन्होंने पाया कि अमरोहा की स्थिति अत्यंत खराब है। जिस पर नोडल अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताकर वहां के अधिकारियों को चेतावनी दी। गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क कर खरीद बढ़ाने का निर्देश दिया। मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से भी खरीद के लिए कहा। रामपुर में पीसीएफ और पीसीयू के खरीद केंद्र की स्थिति भी संतोषजनक नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताकर इसमें सुधार के लिए तत्काल जुटने को कहा। नोडल अधिकारी ने सभी जिलों के अधिकारियों व क्रय एजेंसियों के प्रबंधकों को गांव-गांव जाकर किसानों से सीधे संपर्क करने और मोबाइल क्रय केंद्र संचालित कर किसानों के दरवाजे पर ही खरीद सुनिश्चित कराने के लिए कहा।

गेहूं का अवैध संचरण रोकने के लिए जिले की सीमाओं पर चेकिंग अभियान चलाकर ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। कहा कि गेहूं खरीद की धनराशि का भुगतान हर हाल में 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में करने का निर्देश दिया। बैठक में संभागीय खाद्य नियंत्रक मनोज कुमार, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी दिनेश कुमार तिवारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी मुरादाबाद राजेश्वर प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी रामपुर कौशल देव, संभल विजेयता सिंह, बिजनौर के जिला खाद्य विपणन अधिकारी अमित द्विवेदी और अमरोहा के जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुभाष चंद मैथाणी के अलावा क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



महापौर व अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को पीलीकोठी स्थित महापौर व नगर आयुक्त के शिविर कार्यालय पर पहुंचकर मंगल का अवैध बाजार बंद करने की मांग उठाई। उन्होंने महापौर विनोद अग्रवाल व अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार को नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मंगलवार को लगने वाले अवैध बाजार को बंद कराने के लिए कहा।

व्यापारियों ने इसके अलावा महानगर में संचालित अवैध ई-रिक्शा का संचालन रोकने के लिए कार्रवाई करने की मांग की। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि टाउनहॉल पर मंगल का बाजार अवैध रूप से लगता है। यहां बाहर के व्यापारी आते हैं। जिससे स्थानीय व्यापारियों को नुकसान होता है। इसको नगर निगम प्रशासन तत्काल बंद कराए अन्यथा बड़ा आंदोलन करने को विवश होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि व्यापारियों की मांग है कि महानगर में चलने वाले अवैध ई-रिक्शा का संचालन रोका जाए। इनके चलते बुध बाजार सहित अन्य बाजारों में जाम लगता है। जिससे व्यापारियों के साथ नागरिकों को भी परेशानी होती है। अंत में व्यापारियों ने महापौर और अपर नगर आयुक्त प्रथम से कारवाई की मांग की। इस दौरान प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल, सुनील कत्याल महानगर अध्यक्ष, सुनील अग्रवाल महामंत्री, संजय अग्रवाल, दीपक कत्याल, मूलचंद चौहान, मोहित खन्ना सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## श्री बल्लभाचार्य का प्राकट्य महोत्सव 4 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद गुजराती समाज की ओर से इस वर्ष भी 4 मई को अखंड भूमंडलाचार्य जगतगुरु श्री बल्लभाचार्य का 547वां प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए सोमवार को संगठन के कार्यकारिणी की सभा मनमोहन दास पोरवाल के सिविल लाइंस स्थित घर पर हुई। इसमें आयोजन पर चर्चा की गई।

सभा में निश्चित किया गया कि 4 मई शनिवार को सुबह 8:00 बजे गुजराती मोहल्ले के श्री दाऊ महाराज के मंदिर से प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसके बाद मंदिर में केसर स्नान का दर्शन कराया जाएगा। सभा का संचालन कार्यक्रम के संयोजक मनमोहन दास पोरवाल ने किया। इस दौरान सौरभ पारिख, जगमोहन पोरवाल, भरत पोरवाल, रवि गुजराती, डॉ. देवेंद्र गुजराती, कुलदीप पारिख, मधुकर सेठ, संजय सेठ मौजूद रहे।

# डॉ. अनुराग अध्यक्ष, डॉ. सीपी सिंह बने सचिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जॉर्जियन समिति के वार्षिक उत्सव में शामिल महानगर के डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश के प्रतिष्ठित व अग्रणी मेडिकल कालेज जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस करने वाले पूर्व छात्रों का संगठन जॉर्जियन सोसाइटी द्वारा वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महानगर के जाने-माने चिकित्सकों ने खूब मस्ती की।

रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों ने अपने कॉलेज के दिनों और अपने पूर्व शिक्षकों को याद किया। कार्यक्रम में मुरादाबाद, अमरोहा, काशीपुर, रामपुर, संभल, चंदौसी, बिजनौर, धामपुर, गाजियाबाद, बरेली, मोदीनगर, मेरठ और आसपास के सभी जॉर्जियन डॉक्टर एकत्र हुए। अगले वर्ष का कार्यभार नए अध्यक्ष डॉ. अनुराग अग्रवाल और सचिव डॉ. सीपी सिंह को दिया गया। डॉक्टरों ने परिवार सहित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान डॉ. सीपी सिंह व उनकी पत्नी ने आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर गाने पर डांस किया। डॉ. दिशांतर गोयल ने साथियों संग मेरा नाम है, लखन गाने पर डांस किया। 1960 के दशक से अब तक केजीएमयू से पढ़े डॉक्टरों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. अर्चना अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. स्मिता अग्रवाल, डॉ. निधि ठाकुर, डॉ. निधि सिंहल, डॉ. शाजिया मोनिस, डॉ. विमिता अग्रवाल, डॉ. सोमा अवस्थी, डॉ. लीना चौहान भी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि डॉ. अमित रस्तोगी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. नरेंद्र कुमार और डॉ. अतुल गुप्ता ने गीत गाए। सभा का मुख्य आकर्षण जार्जियन बॉयज ग्रुप डांस रहा। इसमें डॉ. राजशेखर, डॉ. रंगित पांडेय, डॉ. दिशांतर गोयल व डॉ. विवेक शर्मा ने खूब मस्ती में डांस किया। डॉ. राकेश कुमार ने अपने संस्मरण सुना कर सबको गुदगुदाया। कार्यक्रम में महानगर के सबसे वरिष्ठ जॉर्जियन के तौर पर डॉ. एचएस सक्सेना (1960 बैच), 1966 बैच के डॉ. अशोक कुमार, डॉ. यूसी रस्तोगी, डॉ. एनसी अग्रवाल को सम्मानित किया गया। डॉ. अर्पित कुमार ने कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सचिव डॉ. दिशांतर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**हज यात्रा** शिविर में 480 जायरीनों का हुआ टीकाकारण, हज ट्रेनरों ने सभी को बताए हज के अरकान

# दो सूटकेस व एक हैंडबैग ले जा सकेंगे जायरीन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पीरगैब मोहल्ले में शिविर में जायरीनों का टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**अमृत विचार :** हज यात्रा 2024 को लेकर तैयारियां की जा रही है। नौ मई को जिले से हजयात्रा के लिए जाने वाले जायरीनों के लिए दिल्ली से पहली फ्लाइट उड़ान भरेगी। जिसके चलते जायरीनों को ट्रेनिंग दी जा रही है और उनका टीकाकरण भी किया जा रहा है।

सोमवार को महानगर के पीरगैब स्थित जामिया सिद्दिकिया में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 480 लोगों का टीकाकरण किया। इसके अलावा पुरुष हज ट्रेनर हाजी खुसरो फैसल उर्फ राजा व महिला हज ट्रेनर नुसरत जमाल ने हजयात्रा पर जाने वाले जायरीनों को हज के अरकान बताए। जिसमें बताया गया कि हजयात्रा के दौरान एक व्यक्ति अपने साथ सिर्फ 20-20 किलो के दो सूटकेस और सात किलो वजन का एक हैंडबैग ले सकते हैं। इसके अलावा किसी प्रकार की नशे की वस्तु जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटखा व अन्य नशीली वस्तु नहीं ले सकते। दवा में माजून, खांसी का सिरप नहीं लेकर जाना है। अगर किसी को खांसी की बीमारी है तो सिर्फ दो सिरप ले जा सकते हैं। जायरीनों को यह भी बताया गया कि हज के दौरान कुर्बानी के लिए सिर्फ कमेटी के लोगों से संपर्क करें। किसी भी अंजान व्यक्ति से दूर रहे।

हज ट्रेनर हाजी खुसरो फैसल उर्फ राजा ने बताया कि मदरसा जामिया सिद्दिकिया में पिछले दिन से जायरीनों को हज के अरकान बताए जा रहे थे। सोमवार को तीसरे दिन सभी का टीकाकरण भी कराया गया। शिविर में डॉ. वकील अहमद, डॉ. जियाउर रहमान, फार्मासिस्ट संजीव, इरफान अहमद, जीशान इलाही, इसरार हुसैन, शाहवेज इकबाल, मोहम्मद खालिद व अर्श खान समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# किसान आंदोलन के चलते बदले मार्ग से चलेंगी 34 ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ट्रेनों का मार्ग बदलने से देरी से पहुंची रही लंबी दूरी की ट्रेनें

**अमृत विचार :** किसान आंदोलन के चलते मुरादाबाद से होकर जाने वाले कई ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। जिसके चलते ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंचा रही है। जिससे यात्रियों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को मुरादाबाद में अमृतसर गरीबरथ 12 घंटे की देरी से पहुंची तो वहीं हिमगिरी एक्सप्रेस ट्रेन 11 घंटे देरी से पहुंची। इसके अलावा रेलवे ने किसान आंदोलन के चलते मुरादाबाद होकर जाने वाली 34 ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित करने का फैसला लिया है। जिसमें ट्रेन संख्या (12237) बनारस-जम्मूतवी एक्सप्रेस, (12587) गोरखपुर-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस, (15651) गुवाहटी-जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस, (12331) गावड़ा-जम्मूतवी हिमगिरि एक्सप्रेस, (15097) भागलपुर-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस, (18103) टाटानगर-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, (12469) कानपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस, (13005) हावड़ा-अमृतसर पंजाब मेल एक्सप्रेस, (13151) हावड़ा-जम्मूतवी सियालदह एक्सप्रेस, (13307) धनबाद-फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्सप्रेस, (14617) पूर्णिया-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस, (14673) जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस, (14649) जयनगर-अमृतसर सरयू यमुना एक्सप्रेस, (12357) कोलकाता-अमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस, (12317) कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस प्रमुख हैं।



## शहर में आज

- राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ की ओर से स्कूलों की मनमानी के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दोपहर 1:00 बजे।

## एक नजर

### शांति भंग में 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पुलिस ने सोमवार को शांति भंग करने वाले नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पाकबड़ा पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था भंग कर रहे खालिक पुत्र खलील को गिरफ्तार किया है। आरोपी रतनपुर कलां का रहने वाला है। इसी तरह कटघर थाना पुलिस ने महेश पुत्र परसादी निवासी ग्राम सैफपुर पल्ला और भगतपुर पुलिस ने दशरथ पुत्र तुलाराम निवासी ग्राम निवाड़ खास को गिरफ्तार किया है। भगतपुर थाना पुलिस ने मल्लूपुरा के मुबारक पुत्र नसीमउल्ला और खैय्या खादर गांव के अफसान पुत्र रहीश, तौफीक व इसके भाई शफीक को भी दबोचा है। इसी तरह कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले शाहपुर के हसमत पुत्र शराफत और इसके बेटे अरशद उर्फ सद्दाम को गिरफ्तार किया गया है।

### वारंटी समेत दो गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मझोला थाना पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ और एक अन्य वारंटी समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक वारंटी को भी पकड़ा है। दरोगा ओमपाल सिंह ने बताया कि जिसके पास से चाकू मिला है, वह अभियुक्त अभिषेक उर्फ लक्की पुत्र प्रदीप सैनी उर्फ राजू सैनी है। यह हनुमान मंदिर वाली गली का रहने वाला है। दरोगा विनय कुमार ने हमराही पुलिस बल के सहयोग से राजकुमार पुत्र लखपत सिंह को दबोचा है। वारंटी राज कुमार हनुमान नगर का रहने वाला है।

### तमंचे के साथ एक दबोचा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : कटघर थाना पुलिस ने सोमवार को तमंचा-कारतूस के साथ एक अभियुक्त नदीम को गिरफ्तार किया है। दरोगा शहजाद अली ने बताया कि अभियुक्त नदीम पुत्र मोहम्मद समीम जाहिद नगर का रहने वाला है। इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

### शराब बनाने में एक पकड़ा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : मैनाठेर थाना पुलिस ने अपमिश्रित शराब और उसके बनाने वाले उपकरण के साथ बिलाल उर्फ राबिल को जेल भेज दिया है। दरोगा कुलदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त बिलाल उर्फ राबिल पुत्र मुनाजिर ललवारा गांव का रहने वाला है।

# एमडीए, सिंचाई और राजस्व विभाग की टीमों ने की जमीन की पैमाइश

- एमडीए उपाध्यक्ष को आज सौंपी जाएगी रिपोर्ट, उसके बाद होगी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण समेत तीन विभागों की टीम ने सोमवार को लोहिया ब्रास व डिजाइनको फैक्ट्री में गागन नदी के कब्जे की जमीन का चिह्नांकन करने के लिए पैमाइश की। यह टीम मंगलवार को एमडीए उपाध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट देंगे। जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

गागन नदी की सैकड़ों बीघा जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। एनजीटी के कड़े रुख पर एमडीए ने लोहिया ब्रास और डिजाइनको के अवैध निर्माण को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। फैक्ट्री मालिक को 30 दिन का समय स्वयं अवैध निर्माण तोड़ने के लिए दिया गया था। इस बीच फैक्ट्री के मालिकों ने एमडीए को पत्र लिखकर बताया कि अवैध निर्माण को खुद ही ध्वस्त करा दिया गया है। सोमवार को इसकी हकीकत जाने के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पहले टीम ने मझोला थाने के सामने से नदी किनारे बनी फैक्ट्रियों की नापजोख की। जिसके बाद लाकड़ी फाजलपुर बाईपास पर सड़क से नापजोख शुरू की। सड़क को नापने के बाद टीम लोहिया ब्रास जो हिस्सा तोड़ा गया है वहां की नापजोख की। एमडीए सचिव अंजूलता ने बताया कि अवैध कब्जों के चिह्नांकन के लिए संयुक्त टीम ने पैमाइश की है।

## ढोलकों पर जय श्रीराम लिखकर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर रहे कांकर सराय के किफायततुल्ला

# मोदी के पास पहुंची किफायततुल्ला की जय श्रीराम लिखी ढोलक

इरफान अहमद, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जब जय श्रीराम लिखी ढोलक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास पहुंची तो किफायततुल्ला फूले न समाए। उस समय ढोलक खरीदने वाले कांट्रैक्टर ने उन्हें इसकी जानकारी तक नहीं दी। लेकिन, एक सप्ताह बाद जब उन्हें इस बारे में पता चला तो अब वह प्रधानमंत्री से बिना मिले ही सम्मानित महसूस कर रहे हैं। वह ढोलकों पर जय श्रीराम लिख हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर रहे हैं।

अमरोहा जिले के गांव कांकर सराय निवासी शाहिद हुसैन के 35 वर्षीय पुत्र किफायततुल्ला ढोलक,



ढोलक पर जय श्रीराम उकेरते किफायततुल्ला। ● अमृत विचार

नाल, तबला समेत अन्य वाद्य यंत्र तैयार करते हैं। ढोलकों पर कार्विंग के पेशे से करीब 20 वर्ष से जुड़े हुए हैं। वह बताते हैं कि इस पेशे को लेकर कई बार लोगों ने उन पर तंज भी कसे। लेकिन, वह अपने काम को बखूबी अंजाम देने में जुटे हैं। वह कांकर सराय में शनिवार के बाजार के सामने टूटी-फूटी दुकान में ढोलकों व अन्य वाद्य यंत्रों पर कार्विंग करते हैं। ढोलकों पर कमल का फूल, साड़ी की बेल, मोर की आकृति, पशु-पक्षियों के चित्र उकेरते हैं। इन डिजाइन को उकेरने से पहले वह गत्ते पर कटिंग करते हैं। इसके बाद ऑर्डर पर बनने के लिए आई ढोलक, नाल, तबले पर इन आकृतियों की कार्विंग करते हैं, उनकी कारीगरी ढोलक के कारोबारियों को खूब पसंद आती है। उनके द्वारा आकृतियां उकेरी हुई ढोलक, तबले देश भर के साथ विदेश तक में जाते हैं।

किफायततुल्ला बताते हैं कि इन दिनों बाजार में जय श्रीराम लिखी ढोलक खूब पसंद की जा रही है। इसलिए कारोबारी ढोलकों पर जय श्रीराम, ओम लिखने के उन्हें ऑर्डर दे रहे हैं। इन दोनों शब्दों को लिखने के लिए किफायततुल्ला को किसी से सीखने की जरूरत नहीं पड़ी। हालांकि वह जूनियर कक्षा तक ही पढ़े-लिखे हैं। लेकिन, कला के क्षेत्र में उन्हें महारत हासिल है। अब वह ढोलकों पर जय श्रीराम और ओम शब्द उकेर रहे हैं।

### औद्योगिक नगरी गजरौला में ढोलक बजाकर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस प्रत्याशी पर साधा था निशाना

अमरोहा की औद्योगिक नगरी गजरौला में 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में जनसभा की थी। यहां मंच पर पहुंचते ही भाजपा पदाधिकारियों ने पीएम मोदी को जय श्रीराम लिखी ढोलक भेंट की थी। उस ढोलक पर जय श्रीराम लिखने वाले किफायततुल्ला ही हैं। इस ढोलक को बजाकर प्रधानमंत्री ने सांसद और कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि अमरोहा की जनता ढोलक बजाकर उनकी विदाई करने वाली है।

# आगजनी की घटनाओं के बाद भी सतर्क नहीं कारोबारी

## चूड़ी वाली गली, मानपुर, मेट्रो मॉर्केट में बिना फायर सेफ्टी के निश्चिंत होकर कर रहे हैं व्यापार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर में तंग गली वाले बाजारों में चूड़ी वाली गली, मेट्रो और मानपुर हैं। यहां चूड़ी वाली गली में लेडीज वस्तुओं का बड़ा कारोबार है। मेट्रो वाली गली में हैंडलूम व जूता-चप्पल आदि का काम है। मानपुर बाजार में इलेक्ट्रॉनिक व अन्य बिजली उपकरण का व्यापार है। ये ऐसे बाजार हैं, जहां आगजनी से बचाव के कोई भी इंतजाम नहीं हैं। गलियां सकरी हैं। बाइक छोड़िए, पैदल निकलना मुश्किल रहता है। यदि अनहोनी हुई तो व्यापारियों की केवल रोजी-रोटी ही नहीं चौपट होगी बल्कि जनहानि भी हो सकती है। कारोबार में लाखों रुपये लगाने के बाद व्यापारी अपने व्यापार को लेकर कितना संजीदा हैं, इसको लेकर अमृत विचार टीम की पड़ताल के प्रुमख अंश...

**स्थान चूड़ी वाली गली :** यहां 20-22 दुकाने हैं। मोहम्मद आसिफ चूड़ी व कॉस्मेटिक विक्रेता हैं। वह मानते हैं कि आगजनी से बचाव को लेकर व्यापारियों को भी अपने प्रतिष्ठान में इंतजाम



मंडी चौक रोड स्थित घनी आबादी में मेट्रो गली। ● अमृत विचार

करने चाहिए, लेकिन कुछ दूरी पर अग्निशमन सेवा केंद्र है इसलिए उसने भी आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं कर रखे हैं। बताया, छह-सात महीने पहले चूड़ी वाली गली के सामने की रविंद्रा मॉर्केट (मेट्रो) में आग लगी थी तो कुछ ही देर में दमकल वाहन आ गया था। इसी गली में गुरमीत सिंह का भी काफी अच्छा कारोबार है। इन्होंने बताया कि चूड़ी व कॉस्मेटिक मॉर्केट में करीब दो-ढाई लाख रुपये का कारोबार रोज होता है। इन्होंने भी आग से बचाव वाले कोई भी उपकरण प्रतिष्ठान में नहीं लगाए हैं। वैसे गुरमीत मानते हैं कि फायर सेफ्टी उपकरण व्यापारिक प्रतिष्ठान में जरूर होने चाहिए। कहते हैं गली में किसी भी व्यापारी ने सेफ्टी उपकरण नहीं लगा रखे हैं।

### असुरक्षित कारोबार

- मानपुर मॉर्केट में तरुण गुप्ता के गोदाम में लगी थी आग
- आग की इस घटना में राख हो गया था 25 लाख का माल

व्यापार में लाखों-करोड़ों रुपये लगाने वाले व्यापारियों को कम से कम अपने माल और रोजी-रोटी की सुरक्षा में आग से बचाव के इंतजाम जरूर करने चाहिए। यह बात हम लोग समझाते भी हैं। नहीं सुनते तो नोटिस भी देते हैं।



– कृष्णकांत ओझा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

**मेट्रो वाली गली :** मेट्रो वाली गली काफी संकरी है। यहां भीड़भाड़ के कारण पैदल निकलना तक मुश्किल रहता है। इसी गली में पृथ्वीराज सिक्का की चूड़ी व कॉस्मेटिक की दुकान है। इनकी दुकान में कुछ समय पहले शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई थी। इसके बाद भी इन्होंने आग से बचाव के लिए कोई इंतजाम नहीं किए हैं।

### हैंडलूम कारोबारी भी सुरक्षा के प्रति दिखे बेपरवाह

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : चूड़ी वाली गली में हैंडलूम के कारोबारी सरदार पूरन सिंह बताते हैं कि हैंडलूम की पांच दुकानें उनके सामने की रविंद्रा मॉर्केट में हैं। पूरन सिंह कहते हैं कि सुरक्षा के इंतजाम तो कोई नहीं हैं लेकिन, हां रात में दुकान बंद करने से पहले बिजली सप्लाई बंद करके घर जाते हैं। कट-आउट निकाल देते हैं। मेट्रो मॉर्केट में पृथ्वीपाल सिक्का की दुकान के पड़ोस में यशपाल मदान का हैंडलूम का बड़ा शोरूम है। इसके सामने बिजली के लोहे के पोल पर तारों का मकड़जाल है, जो खतरा बने हैं। यशपाल ने बताया, आगजनी से बचाव के लिए तीन सिलेंडर शोरूम के ऊपर रखे हैं। वह कहते हैं कि शनिवार शाम उनके शोरूम के सामने लगे लोहे के खंभे में उलझे बिजली तारों में आग लग गई थी। बिजली कर्मियों को फोन कर बुलाया था और शट-डाउन कराया था।

बताया कि बिजली मीटर में एमसीबी (लघु सर्किट ब्रेकर-मिनिएचर सर्किट ब्रेकर) लगा दी है। शाम को एमसीबी बंद करके ही घर लौटते हैं। मीटर रीडिंग सिस्टम भी दुकान के बाहर कराया है।

**मानपुर इलेक्ट्रॉनिक बाजार :** पुलिस चौकी बुधबाजार के ठीक सामने संकरी गली के अंदर इलेक्ट्रिक उपकरणों का काफी बड़ा कारोबार है। कारोबारी अमित मेहरोत्रा ने बताया कि मानपुर इलेक्ट्रिक बाजार में करीब 150 व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं, जो इलेक्ट्रिक उपकरणों की थोक-फुटकर बिक्री करते हैं। यहां औसतन करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपये का रोज का कारोबार है। इन्हीं के प्रतिष्ठान के सामने तरुण गुप्ता के गोदाम में कोविडकाल में आग लग गई थी। पूछने पर अमित ने बताया कि आगजनी से बचाव के लिए वह लोग एमसीबी का इंतजाम करके रखे हैं लेकिन, हां फायर सेफ्टी की व्यवस्था व्यापारिक प्रतिष्ठानों में होनी चाहिए।

वैसे लोगों ने अपने कारोबार का बीमा करा रखा है। तरुण गुप्ता ने बताया कि 2021 में उनके गोदाम में आग लगी थी। करीब 25 लाख रुपये के इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए थे। इसके बाद उनका कारोबार अभी संभल नहीं पाया है। कहा, प्रतिष्ठान में फायर सेफ्टी की जरूरत नहीं है पर गोदाम में आवश्यकता होती है।

# बिजली के खंभे से टकराई बाइक किशोर की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : रविवार देर रात वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए। बाइक पर सवार दो लोगों में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

घटना कटघर थाना क्षेत्र के मछरिया गांव की है। उनकी बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई थी। घटना में मृतक दीपांशु का चचेरा भाई घायल हो गया। मृतक के चचेरे भाई अरविंद ने बताया कि दीपांशु (15 वर्ष) अपने चचेरे भाई सचिन के साथ रविवार शाम पंडित नगला में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे वह दोनों घर लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे बिजली खंभे से टकरा गई। हादसे में दीपांशु की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सचिन घायल हो गया था। हादसे की खबर पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे थे। थोड़ी देर बाद ही कटघर थाने के पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गए थे और घायल सचिन को अस्पताल भेजा था। बताया जा रहा है कि परिजनों ने मृतक दीपांशु के शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। उधर, पुलिस ने पंचनामा भरकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है।

# सात खिलाड़ियों ने जीते स्वर्णपदक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अमरोहा स्थित लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी स्कूल द्वारा एक दिवसीय ओपन इंटर स्कूल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मण्डल के 8 स्कूलों की टीमों के 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें आरएसडी एकेडमी के 15 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 7 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, 7 खिलाड़ियों ने रजत व 2 खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीते।

आरएसडी स्केटिंग एकेडमी के कोच शाहवेज अली ने बताया कि बालिका वर्ग में इतिशा गुप्ता, अनन्य अग्रवाल, पीहू सिंघल ने स्वर्ण पदक जीता व युक्ति त्यागी और कृतिका पाल ने रजत पदक जीता। बालक वर्ग में स्वयं जैन, कैवल्य नोट्याल, नैमिष गुप्ता, रोशान्क गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीते



पदक जीतने के बाद खुशी मनाते आरएसडी एकेडमी के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- लिटिल स्कॉलर्स एकेडमी की ओर से एक दिवसीय ओपन इंटर स्कूल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन

व पृथ्वी राणा, आयुष निमेष, शुभ सिंघल, आयु रहल ने रजत पदक जीते। राघव विश्नोई ने कांस्य पदक जीते। मुरादाबाद पहुंचने पर आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आरएसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. विनोद, डॉ.जी कुमार व सभी अभिभावकों ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं व उनका मनोबल बढ़ाया ।

# शराब के लिए पिता-पुत्र ने की मारपीट, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शादी कार्यक्रम के बीच घर में घुसकर शराब के लिए मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में पिता-पुत्र नामजद भी हो गए हैं। पूरा मामला पाकबड़ा कस्बे में पुराने थाने के पीछे महलकपुर रोड पर गली नंबर-4 के मोहम्मद जीशान के घर का है।

जीशान ने बताया कि उनके घर में कार्यक्रम चल रहा था। मेहमान आए थे। इसी दौरान अशरफ और उसका बेटा अरमान उनके घर में घुस आए थे। आरोपियों ने जीशान के चाचा मोहम्मद अनीस से कहा कि आपके घर में शादी है। ऐसे मौके पर हमें शराब नहीं पिलवाई। इसी बात को लेकर जीशान के चाचा अनीस से उनकी कहासुनी हुई और आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी थी। रिश्तेदारों के एकत्र होने पर आरोपी पिता-पुत्र गाली देते हुए जान से मार देने की धमकी देकर घर से भाग गए।

# घर में घुसकर सास और बहू से की छेड़खानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसएसपी ने सिविल लाइंस पुलिस को दिए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** रास्ते पर कब्जेदारी को लेकर पीड़िता के घर घुसकर मारपीट और छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। इस मामले में जब थाने पर सुनवाई नहीं हुई तो सोमवार को पीड़िता एसएसपी के सामने पेश हुई है। एसएसपी हेमराज मीना ने सिविल लाइन थानाध्यक्ष को प्रकरण में तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं।

मामला चक्कर की मिलक में पुराने आरटीओ ऑफिस के पास गली नंबर-3 का है। पीड़िता ने एसएसपी को बताया है कि उसके घर तक आने-जाने वाले रास्ते को पड़ोसी बंद कर दीवार बना रहे हैं। जबकि, यह आम रास्ता है। उसने कब्जेदारी का विरोध किया तो आरोपी फौजदारी पर अमादा हो गए थे। शनिवार की शाम करीब छह बजे आरोपी जबरन उसके घर घुस आए और गाली-गलौज कर पहले पीड़िता की गर्भवती बहू से ही मारपीट करने लगे। उसका दुपट्टा खींच लिया और छेड़छाड़ भी की। जब बहू ने अपने बचाव में आरोपियों का विरोध किया तो उन लोगों ने उसके पेट पर लात मार दी। पीड़िता ने बताया कि शोरशराबा सुनकर मुहल्ले के कई लोग बीच-बचाव करने आ गए तब आरोपी उसके घर से निकले।

पीड़िता का कहना है कि इस घटना में मदद के लिए उसने यूपी डॉयल-112 नंबर मिलाया लेकिन, पुलिस नहीं आई थी। इसके बाद उसने उसी दिन सिविल लाइंस थाने में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी थी लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई है। इस मामले में सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। कार्रवाई की जा रही है।

# ससुर पर दुष्कर्म की कोशिश और देवर पर छेड़छाड़ के आरोप में एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एक साल पहले पीड़िता का निकाह हुआ था। उसका पति बेरोजगार है। घर का खर्च पीड़िता के ससुर की कमाई पर निर्भर है। आरोप है कि उसके निकाह के कुछ महीने बाद से ही देवर और ससुर की नीयत खराब हो गई थी। देवर आए दिन उसे छेड़ता था और विरोध करने पर उसे जान से मार देने को धमकाता था।

यह मामला पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गांव का है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी ससुराल वालों ने मारपीट कर पति ने तलाक दे दिया और फिर आधी रात में घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पाकबड़ा थाना पुलिस ने उसके पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह 16 मई 2023 को छजलैट के गांव जमालपुर मूंढानगला निवासी युवक से हुआ था। निकाह के बाद से देवर उस पर बुरी नजर रखता है। वह अकेली देखकर उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता करने लगता था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। ससुर अपनी पत्नी को 9 साल पहले छोड़ चुका है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि ससुर ने उसके कमरे में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की थी। चीख-पुकार पर उसका पति और ससुराल के अन्य लोग आ गए थे और मामले को शांत करा दिया था। ये घटना 27 मार्च की है। अगले दिन ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और जान से मारने की भी धमकी दी थी। पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। इसके बाद से पीड़िता मायके में रह रही है।

**राहत** मुख्यालय में फाइल पास होने के बाद लखनऊ की वर्कशॉप में भेजा गया कपूर कंपनी के नए पुल का डिजाइन

# तीन मीटर चौड़ा, 170 मीटर लंबा बनेगा कपूर कंपनी का नया पुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लाइनपार में रहने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर यह है कि कपूर कंपनी के नए पुल का डिजाइन मुख्यालय से पास हो गया है। जिसके बाद डिजाइन को लखनऊ स्थित रेलवे की वर्कशॉप में भेजा गया है। वहां से नए पुल का निर्माण शुरू किया जाएगा। लगभग दो महीने के निर्माण के बाद कपूर कंपनी के नए पुल को स्थापित किया जाएगा। जिसके बाद पुल पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही शुरू होने से महानगरवासियों और लाइनपार में रहने वाली चार लाख की आबादी को राहत मिलेगी।

शहर से लाइनपार को जोड़ने वाला कपूर कंपनी लगभग दो सालों



कपूर कंपनी पुल से गुजरते राहगीर। ● अमृत विचार

से बंद पड़ा है। रेलवे की जांच टीम ने पुराने पुल को कमजोर मानते हुए इस पर दोपहिया की आवाजाही बंद कर दी थी। जिसके बाद से लाइनपार में रहने वाली चार लाख की आबादी को शहर आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार यहां के लोग चुनाव का बहिष्कार करने की बात भी कह चुके हैं। जनप्रतिनिधियों ने यह मामला रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष भी उठाया था। जिसके बाद रेलवे ने जल्द ही नया पुल बनाने का फैसला लिया है। लगभग एक माह पूर्व रेलवे ने नया पुल बनाने के लिए काम शुरू किया। पहले नए पुल के बीच में आने वाले पेड़ों को काटा गया। जिसके बाद नींव की खोदाई शुरू की गई। इस दौरान रेलवे के एक आवास को ध्वस्त किया गया है। छह दुकानों को भी हटाने के लिए नोटिस दिया गया। रेलवे की टीम ने नए पुल का डिजाइन तैयार करके मुख्यालय भेजा गया। मुख्यालय से डिजाइन पास हो गया। नया पुल तैयार करने के लिए डिजाइन को लखनऊ वर्कशॉप में भेजा गया है। डिजाइन के मुताबिक नया कपूर कपूर कंपनी पुल तीन मीटर चौड़ा व 170 मीटर लंबा होगा। नया पुल स्थापित करने के लिए रेलवे पुराने पुल के तीन स्पैन हटाएगा। इस दौरान पुराने पुल पर पैदल यात्रियों की आवाजाही रोक दी जाएगी। रेलवे अलग अलग दिन 18 घंटे का ब्लॉक लेकर लाइनों के ऊपर गर्डर स्थापित करने का काम किया जाएगा। रेल प्रशासन का कहना है कि अगस्त तक नया पुल तैयार करने का लक्ष्य है। जिसके लिए काम शुरू कर दिया गया है।

### पांचवीं बार स्वीकृत हुआ टेंडर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे एक साल से नए कपूर कंपनी पुल निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित कर रहा था। दस्तावेजों की खामियों व ठेकेदारों के काम समझ न आने के कारण चार बार टेंडर निरस्त कर दिया गया था। आखिरकार रेलवे ने फैसला किया कि पुल का निर्माण रेलवे की वर्कशॉप में कराएंगे। यहां ठेकेदार सिर्फ पुल को स्थापित करने के काम करेंगे। इसके लिए 7.10 करोड़ रुपये के टेंडर को दो हिस्सों में बांटा गया। 5.3 करोड़ रुपये लखनऊ वर्कशॉप को पुल निर्माण के लिए दिए जाएंगे। इसके अलावा 1.8 करोड़ रुपये निजी फर्म को पुल स्थापित करने के लिए दिए जाएंगे।

मुख्यालय से नए कपूर कंपनी पुल का डिजाइन पास हो गया है। इंजीनियरिंग विभाग इसमें काम कर रहा है। अब डिजाइन लखनऊ भेजी गई है। वहां वर्कशॉप में पुल का निर्माण शुरू कराया जाएगा। जिसके बाद नए पुल को स्थापित कर दिया जाएगा।

– राजकुमार सिंह, डीआरएम

# व्यापार छोड़ दवा कंपनी में नौकरी के चक्कर में गंवा दिए 14 लाख

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित को नौकरी मिली न ही वापस मिल रहे रुपये, उलटे धमका रहा है आरोपी युवक

**अमृत विचार :** कॉस्मेटिक का कारोबार छोड़कर दवा कंपनी में नौकरी पाने के चक्कर में युवक ने उधार-व्यवहार लेकर 14 लाख रुपये गंवा दिए हैं। नौकरी भी नहीं मिली और उलटे जान से मारने की धमकी से भयभीत युवक ने सोमवार को एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कटघर क्षेत्र के गंज में डिप्टी साहब के अस्पताल के पास के निवासी गणेश ने बताया कि उससे ठगी करने वाला आरोपी परिचित है। लालच देकर उसने कहा कि 10-15 लाख रुपये खर्च कर लो तो वह उसकी नौकरी लगवा देगा। गणेश के मुताबिक, आरोपी 28 मार्च की शाम 7 बजे एक व्यक्ति को उसके घर लाया था। आरोपी ने उसे अपना सीनियर बताया था। कहा था कि मुरादाबाद में जल्द ही फैक्ट्री लगने वाली है। भर्ती भी शुरू हो रही है। पीड़ित ने बताया कि वह आरोपी की बातों में आ गया और नौकरी पाने के लिए घर वालों व मित्र-रिश्तेदारों से कुल 14 लाख रुपये उधार लेकर आरोपी को दिए थे। गणेश ने बताया कि अब आरोपी दवा कंपनी में न नौकरी दिलाने की बात कर रहा है और न ही रुपये लौटा रहा है। उलटे जान से मार देने की धमकी भी देने लगा है। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि प्रकरण की जानकारी अभी उन्हें नहीं मिली है।

# तीन विद्युत उपकेंद्रों की आपूर्ति चार घंटे ठप

## आधा शहर बिजली कटौती से जूझा, गार्डिंग कार्य के चलते टैक्सी स्टैंड और पीलीकोठी को पीटीसी केंद्र से जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के तीन विद्युत केंद्रों के 20 हजार उपभोक्ताओं को दो दिन से बिजली कटौती और ट्रिपिंग जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। स्मार्ट सिटी के कार्य को लेकर हरथला क्षेत्र से पीलीकोठी और टैक्सी स्टैंड को जाने वाली 133 केवी विद्युत लाइन की गार्डिंग करने का कार्य किया जा रहा है। जिसको लेकर तीनों विद्युत केंद्रों टैक्सी स्टैंड, पीटीसी और पीलीकोठी की विद्युत आपूर्ति 12 बजे से शाम 4 बजे ठप रही। विवेकानंद विद्युत केंद्र से ही टैक्सी स्टैंड व पीलीकोठी को भी आपूर्ति दी जाती है। कार्य के चलते दोनों केंद्रों से बिजली आपूर्ति पीटीसी विद्युत केंद्र से सुचारू की गई है। इससे पीटीसी समेत तीनों केंद्रों के उपभोक्ता बिजली कटौती व ट्रिपिंग की समस्या से दो दिन से जूझ रहे हैं।


कांठ रोड पर 133 केवी हाईटेंशन विद्युत लाइन की गार्डिंग करते बिजली कर्मचारी।

दरअसल, बढ़ती गर्मी में बिजली विभाग के 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावों की पोल खोल दी है। अत्याधुनिक मशीनीकरण के बाद बिजली के उपकरणों में बिजली ट्रिपिंग और कटौती का सिलसिला पहले के मुकाबले बढ़ता जा रहा है। ऐसे में महानगर के लोगों के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद भी उड़ गई है। सोमवार सुबह से हरथला क्षेत्र 133 केवी ओवर हेड लाइन को गार्डिंग करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए पीलीकोठी और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र की आपूर्ति बंद कर पीटीसी विद्युत केंद्र पर डाल दी गई। जिससे रविवार की रात से नवीन नगर, चक्कर मिलक, जिगर कॉलोनी, महिला थाना मार्ग, कंपनी बाग, जैन मंदिर रोड, कमिश्नर कार्यालय मार्ग, कचहरी कंपाउंड, गुरहट्टी चौराहा, स्टेशन बुध बाजार, कोठीवाल नगर, मानपुर, हरपाल नगर, प्रिंस रोड, गांधी नगर व पुलिस लाइन में रात भर बिजली ट्रिपिंग होती रही।

जिससे घरों में लगे लोगों के इनवर्टर भी ठप हो गए। कांठ रोड पर होने वाले कार्य को लेकर रविवार की रात को ही

कांठ रोड हरथला रोड पर स्मार्ट सिटी के लिए 133 केवी विद्युत लाइन डाली गई थी। यह लाइन पीलीकोठी और टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र को सप्लाई देती है। जिसको बंद कर कार्य किया जा रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था में पीटीसी विद्युत केंद्र से जोड़ दिया गया। जिसके कारण सप्लाई पूर्ण रूप से देने में रुकावट आ रही है। पुलिस लाइन में 400 किलोवाट की ओवरलोडिंग है।800 की स्वीकृति के बाद 1200 किलो वाट की बिजली खपत है। कई बार कहने पर क्षमता वृद्धि नहीं कराई गई।

–शैलेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता, द्वितीय वितरण खंड

### परेशानी

- तीनों केंद्रों पर बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या बरकरार, दो दिन और चलेगा कार्य

पीटीसी विद्युत केंद्र से दो केंद्रों की अतिरिक्त लाइन को जोड़ दिया गया। कार्य के दौरान 133 केवी की लाइन सोमवार 12 बजे ब्रेक होने के कारण तीनों की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। जिससे शाम चार बजे तक पीटीसी पीली कोठी टैक्सी स्टैंड से जुड़े आधे शहर के 20 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को शाम चार बजे तक बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा। एसडीओ पीटीसी विद्युत केंद्र श्रीकांत वर्मा ने बताया कि अभी दोनों उपकेंद्रों की आपूर्ति अगले दो दिन तक पीटीसी से संचालित रहेगी। बिजली विभाग की इस व्यवस्था से अभी आधे शहर को बिजली कटौती और ट्रिपिंग जैसी समस्या से जूझना पड़ेगा।

### एक नजर


रुई में गोदाम में लगी आग।

## रुई के गोदाम में लगी आग माल जलकर राख

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर क्षेत्र के गांव ताहरपुर में अचानक रूई के गोदाम में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया। गांव निवासी विक्की ने बताया कि गांव के बाहर उसका रूई का गोदाम है। शाम को लोगों से जानकारी मिली कि उसके रूई के गोदाम में अचानक आग लग गई है। सूचना पर गांव वालों के साथ वह मौके पर पहुंचा। जहां आग की लपटे उठ रहीं थी। लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मगर सफल नहीं हुए। बाद में सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। विक्की ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। मगर आग से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया है।

## वार्षिकोत्सव की सफलता के लिए सौंपी जिम्मेदारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्राचीन सदा शिव साईं मंदिर ट्रस्ट की बैठक लाजपत नगर में श्याम मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में साईं बाबा के 29वें स्थापना दिवस का वार्षिकोत्सव एक मई को आयोजित किए जाने की घोषणा की गई। इससे संबंधित विभिन्न जिम्मेदारियां समिति के पदाधिकारियों को सौंपी गईं। एक मई को सुबह10 बजे से भजन कीर्तन की जिम्मेदारी सारिका अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, अंजना शर्मा को व दोपहर 12 बजे आरती की जिम्मेदारी मंदिर के पंडित हरि गोपाल शर्मा, कृष्ण मोहन अग्रवाल, श्याम कृष्ण रस्तोगी को सौंपी गई। साथ अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अन्य लोगों को सौंपी गई। बैठक में मंदिर के पं. हरिगोपाल शर्मा, श्याम कृष्ण रस्तोगी, पंकज अग्रवाल, हिमांशु शर्मा, जगदीश प्रसाद मंटोलिया, विकास गुप्ता, चिराग अग्रवाल, मुकेश सक्सेना, अजय मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च

**मैनाठेर, अमृत विचार:** मैनाठेर क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री के जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला। साथ ही जनसामान्य से शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने व कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशानुसार थाना मैनाठेर प्रभारी सर्वेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों और पैरामिलिट्री के जवानों ने सौहार्दपूर्ण, भाईचारा और सुरक्षा का संदेश देने के उद्देश्य से मैनाठेर नगलिया, महमूदपुर माफ़ी, असालतनगर बघा आदि क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही।


दिल्ली रोड स्थित होटल में भारत विकास परिषद के अधिष्ठापन समारोह में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## भाविप का दायित्व ग्रहण व सम्मान समारोह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद मुरादाबाद शाखा द्वारा सोमवार को दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अधिष्ठापान अधिकारी अनुराग दुबलीश ने प्रांतीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव गौरव वार्ष्णेय व उनकी कार्यकारिणी को दायित्व बोध करवाया।

सत्र 2024-25 के लिए शाखा अध्यक्ष राजुल अग्रवाल, शाखा सचिव शिखा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह एवं महिला संयोजिका नीता गुप्ता को दायित्व की शपथ प्रांतीय महासचिव गौरव अग्रवाल द्वारा दिलवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महासचिव अनुराग दुबलिश ने संस्कार एवं सेवा के कार्यक्रमों को अधिक से अधिक आयोजित करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि अजय विश्नोई, निर्मल मेहता ने सदस्यता एवम शाखा वृद्धि के लिए आग्रह किया। प्रांतीय अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, माधव गुप्ता एवम सुनीता अग्रवाल उपस्थिति रहीं। संचालन शालिनी अग्रवाल ने किया। इस दौरान नीरज मित्तल, हरि गोपाल शर्मा,अशोक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## 150 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रात में स्मैक तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 150 ग्राम स्मैक बरामद की है। इसकी कीमत करीब 3,00,000 रुपये बताई गई है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि फकीरपुरा चौकी प्रभारी रीता तेवतिया रविवार रात पुलिस टीम के साथ गश्त पर थीं। उसी दौरान सोनकपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास संदिग्ध अवस्था में खड़े व्यक्ति की तलाशी ली। जिसके पास से 150 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान संभल कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर सराय निवासी नेमपाल के रूप में हुई है। जो शातिर तस्कर है।


पुस्तक का विमोचन करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## पुस्तक का हुआ विमोचन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कुमार तनय वैश्य सभा एवं कुमार तनय वैश्य यूथ क्लब की ओर से संस्था की गतिविधियों की पुस्तक प्रभा-2.0 का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि कुमार तनय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता व रचित प्रकाश मौजूद रहे।

सोमवार को एक रेस्टोरेंट में कार्यक्रम का आरंभ कुमार तनय समाज के आराध्य भगवान श्री कुमार कार्तिकेय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। यूथ क्लब के अध्यक्ष निखिल गुप्ता ने बताया कि यह यूथ क्लब की पुस्तिका प्रभा का द्वितीय संस्करण है। कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने क्लब द्वारा किए गए कार्यों के आय एवं व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस दौरान महामंत्री अनमोल गुप्ता, अध्यक्ष पराग गुप्ता, कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता, निखिल गुप्ता, महिला संगठन महामंत्री अपर्णा गुप्ता, गोविंद गुप्ता, विनय गुप्ता, सचिन गुप्ता, विनोद गुप्ता, प्रिया गुप्ता, हिमांशी गुप्ता, हर्षिता गुप्ता, विकास गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, संजना गुप्ता, नैंसी गुप्ता, अंकित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नहीं कोई व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर होने के बावजूद यहां पर स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। स्ट्रीट वेंडर्स अपनी वस्तुएं बेचने के लिए इधर से उधर भागते फिरते हैं।

नगर के विभिन्न स्थानों के साथ ही साथ अधिकारियों के निवास और कार्यालयों के बाहर वे ठेलियों में अपने सामान रखकर बैठे रहते हैं। जबकि उनको वहां पर दुकान लगाने की अनुमति नहीं है। यह स्थिति सभी जिम्मेदार लोग देख रहे हैं। इसके बावजूद इस ओर कोई भी ध्यान देने को तैयार नहीं है। नगर में स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या हजारों में है। लेकिन इनको दुकान लगाने के लिए कहीं पर कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। हरथला में फल की दुकान लगाने वाले महेश कुमार सैनी का कहना है कि इस सुविधा के बारे में तो उसे पता ही नहीं है। वह तो कहीं यहां तो कहीं वहां दुकान लगाता और हटाता फिरता है। वहीं रज्जाक का कहना है कि वह भी सड़क के किनारे फल की दुकान लगाकर जीविका चलाता है। लेकिन इसका स्थान तय नहीं है।

# पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने में पति गया जेल, महिला साथी की तलाश

- मृतका के भाई ने नलकूप विभाग में तैनात बहनोई की साथी कर्मचारी महिला को भी किया नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने नलकूप विभाग (निर्माण शाखा) के वरिष्ठ सहायक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। महिला के भाई ने आरोपी बहनोई और उसकी प्रेमिका के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी है।

शनिवार को वरिष्ठ सहायक रवि शर्मा की पत्नी पूजा शर्मा (32) ने नलकूप कॉलोनी के आवास में ही लटककर जान दे दी थी। पूजा की रवि शर्मा के साथ वर्ष 2012 में शादी हुई थी। इनके दो बेटे, कुनाल और कुंज हैं। घटना के समय पूजा शर्मा घर में अकेले ही थीं। मामले की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सिविल लाइंस सीओ अर्पित कपूर और थानाध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा ने मृतक पूजा के दोनों बच्चों से घटना की वजह भी जानी थी। बच्चों ने अपने पिता रवि को ही मां की खुदकुशी के लिए जिम्मेदार बताया था। बहन के शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार करने के बाद भाई भुवनेश चंद्र शर्मा ने सिविल लाइंस थाने में तहरीर दी थी। छजलैट के गांव भीकनपुर निवासी भुवनेश ने पुलिस को बताया था कि करीब एक साल से बहन पूजा को उसका पति रवि परेशान कर रहा था। आरोप लगाया है कि बहनोई के उसके ही कार्यालय में काम करने वाली एक महिला से संबंध हैं। इस महिला का नाम भी पुलिस को बताया है। आरोप है कि उनकी बहन पूजा जब भी विरोध करती तो उसका पति रवि धमकी देता था। मारता-पीटता भी था। पूजा के भाई ने बताया कि एक अप्रैल को उसके बहनोई ने उस साथी महिला कर्मी के बेटे का अपने घर में जबरन जन्मदिवस भी मनाया था। एफआईआर में नामजद हुई नलकूप विभाग की आरोपी महिला के बारे में भुवनेश ने पुलिस को बताया है कि वह उनकी बहन पूजा को धमकाती थी कि यदि रवि के साथ शांति से रहना है तो रहो अन्यथा तुझे घर से निकलवा दूंगी। बहनोई भी उनकी बहन को जान से मारने की धमकी देता था।

सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मृतका के आरोपी पति रवि शर्मा और इसकी साथी महिला कर्मी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी रवि शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### खेल-खिलाड़ी

चंदौसी में हुई प्रतियोगिता में महिला कांस्टेबल ने 367 किग्रा का वजन उठाकर जीता गोल्ड

# यूपी पॉवर लिफ्टिंग में पुष्पा ने मारी बाजी, एसएसपी ने सराहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन की ओपन स्टेट प्रतियोगिता में में कांस्टेबल पुष्पा चाहर ने कुल 367.50 किग्रा का वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता हाल ही में चंदौसी में हुई है। पुष्पा को ये गोल्ड कॉस्टिंग व अन कॉस्टिंग दोनों में मिला है। इन दोनों में वह सर्वाधिक भार उठाने वाली यूपी की महिला बनी है।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में अधिक कंपटीशन नहीं था। इसलिए दोनों में एक-एक लिफ्ट करके खेल छोड़ दिया था। दोनों में कुल 370 किग्रा भार उठाया है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद सोमवार को पुष्पा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची। जहां एसएसपी हेमराज मीना ने उनको सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस मौके पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना, एसपी ट्रैफिक सुभाष गंगवार, सीओ सुनीता दहिया, अपेक्षा निबंडिया ने भी पुष्पा चाहर को बहुत शुभकामनाएं दीं।


पुष्पा चाहर को सम्मानित करते एसएसपी हेमराज मीना। ● अमृत विचार

पुष्पा ने कहा, खेल को लेकर पुलिस विभाग में बहुत ही अच्छा माहौल है। टीम है, कोच भी हैं। काफी संख्या में पुलिसकर्मी खेल में ही प्रतिभाग कर पदोन्नति ले रहे हैं। वह भी बड़े स्तर पर विजेता बनकर पदोन्नति पाने की कोशिश में हैं। पुष्पा बताती हैं कि खेलों के मामले में उनके पिता ही उनकी प्रेरणा हैं। पिता वीरेंद्र सिंह पढ़ाई के दौरान जंप करते थे। फिर सेना में आने के उपरांत मैराथन में भाग लेने लगे थे। वह इंटरनेशनल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012-13 में वह 12 वर्ष की थीं। उस समय एथलेटिक्स में उन्होंने 408 मीटर रेस की थी। इसमें उनकी 878वीं वर्ल्ड रैंकिंग भी रही। लेकिन, घर की परिस्थितियां कुछ ऐसी हुईं कि वह इस प्रतियोगिता के बाद वह अन्य खेलों में हिस्सेदारी नहीं कर पाई थीं। फिर पुलिस में भर्ती होने के बाद महाराष्ट्र में हुई प्रतियोगिता दिसंबर 2023 में वह नेशनल स्तर पर स्ट्रांग वूमेन बनीं। इंडिया में सबसे अधिक भार उठाने का रिकॉर्ड बनाया था।

### उरान में जीता था गोल्ड

पुष्पा ने बताया कि 20 से 23 दिसंबर 2023 में महाराष्ट्र के उरान में हुई इंडियन पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन की ऑल इंडिया प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाली महिला में वह यूपी पुलिस से इकलौती कांस्टेबल थीं। 170 किग्रा का वजन उठाकर यूपी पुलिस का नाम रोशन किया था। उन्होंने बताया कि वैसे तो वह एथलेटिक्स हैं, लेकिन उनके पैर में चोट आने से अब वह पॉवर लिफ्टिंग में अपना करियर बना रही हैं। वह इंटरनेशनल स्तर पर 408 मीटर रनिंग की खिलाड़ी रही हैं।

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

पुष्पा चाहर मूलरूप से गाजियाबाद के संजय नगर की रहने वाली हैं। वह दो भाई–बहन हैं। भाई कीर्ति चाहर इनसे छोटा है। इनके पिता वीरेंद्र सिंह आर्मी से सेवानिवृत्त हैं, जबकि मां कमला देवी गृहणी हैं। पुष्पा अभी अविवाहित हैं। उन्होंने बताया कि अभी वह खेलों पर ही फोकस किए हुए हैं। पुलिस में उनकी भर्ती 2018 में हुई थी। वर्तमान में वह मुरादाबाद पुलिस लाइन में तैनात हैं।

## गोआश्रय स्थल का नियमित भ्रमण करें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को उनके शिविर कार्यालय सभागार में अस्थायी गोआश्रय स्थल भटावली से संबद्ध ग्राम प्रधानों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार सदर को निर्देश दिया कि वह गोशाला का नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि गोआश्रय स्थल से लिंक की गई 10 ग्राम सभाओं में हरा चारा बोने के लिए भूमि उपलब्ध न होने को देखते हुए ऐसी ग्राम सभाओं को गोआश्रय स्थल से लिंक करें जिनमें हरा चारा बोने के लिए सरकारी भूमि है। गोआश्रय स्थल पर रात्रि कालीन चौकीदार के रहने के लिए एक केयरटेकर कक्ष बनवाने के लिए परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास सतीश प्रसाद मिश्र को निर्देश दिया। कहा कि एक सप्ताह के अंदर निर्माण कार्य पूरा कराएं।




## एक नजर

### 850 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर 850 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक उज्ज्वल राणा, कांस्टेबल गुलशन कुमार के साथ गश्त के दौरान आसरा कालोनी में पहुंचे। पुलिस ने वहां संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 850 ग्राम गांजा बरामद किया है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आसिफ पुत्र सब्बीर निवासी वार्ड 9 मोहल्ला दर्जियान बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा में केस दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने महिला के पति को पकड़ा, भेजा जेल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव नाहर वाला निवासी राजकुमार पुत्र कृपाल सिंह को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मृतक निशा के पिता थाना भोजपुर के गांव विजना निवासी मुकेश कुमार ने अपने दामाद राजकुमार पर आरोप लगाया था कि वह उसकी पुत्री का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करता था। साथ ही मायके से पांच लाख रुपये लाने का दवाब बनाता था। जिस कारण उसकी बेटी ने 21 अप्रैल को फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने सोमवार को राजकुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एक मई को होगा हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में एक मई को हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए ट्रेनर मौलाना मोहम्मद यामीन व शुजाअत करीम ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज यात्रियों का टीकाकरण व प्रशिक्षण हेतु नगर के मदरसा नासिरउलूम में एक मई को आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उन्हें हज सम्बन्धी आवश्यक जानकारी व प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं उनका टीकाकरण किया जाएगा।

# पांच साल से जेल में निरुद्ध बंदी की मौत लापरवाही पर परिजनों ने किया हंगामा

## दो साल से बीमार था बिलारी का बंदी, मेरठ मेडिकल से चल रहा था इलाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पांच साल से जेल में निरुद्ध बंदी भीम सिंह (32) पुत्र प्रेम सिंह की रविवार रात आठ बजे के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। वह दो साल से बीमार चल रहा था। उसका इलाज मेरठ मेडिकल कॉलेज से चल रहा था। मौत की खबर पाकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे थे, जहां उन्होंने जेल प्रशासन पर भीम के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और हंगामा भी किया। मृतक की पत्नी व परिवार के लोगों का आरोप है कि भीम की मौत होने के बाद उन्हें खबर दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

बताया जा रहा है कि मृतक भीम को दिल की बीमारी थी। इसलिए जेल में निरुद्ध होने के कुछ दिनों बाद ही उनके दिल में स्टेंट पड़ा था। पहली बार में उसके घर वालों ने स्टंड डलवाया था। फिर जेल प्रशासन ने सरकारी खर्चे पर भीम को स्टंड डलवाए थे। जेल प्रशासन का कहना है कि चार दिन पहले ही इलाज के बाद भीम मेरठ मेडिकल कॉलेज से लौटा था। उसे कारागार के अस्पताल में रखा गया था। रविवार रात 8 बजे उसकी तबीयत बिगड़ी तो जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हुई। मौत का कारण पोस्टमार्टम में हार्ट अटैक होना आया है।

उधर, मृतक की पत्नी बबीता का आरोप है कि उन्हें बिना सूचित किए ही उनके पति भीम को जेल प्रशासन मेरठ मेडिकल ले गया था। दोबारा स्टेंट पड़ने पर डॉक्टरों ने समय से दवा खिलाने के लिए कहा था लेकिन, जेल प्रशासन ने दवा देने में लापरवाही बरती। नतीजा ये हुआ कि भीम की मौत हो गई। बबीता का कहना है कि उनके पति की मौत के लिए जेल प्रशासन जिम्मेदार है। भाई काले ने भी जेल प्रशासन ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा है कि जेल प्रशासन ने भीम के इलाज में लापरवाही की है। यही नहीं, भीम के परिजन मोर्चरी पर पुलिस कर्मियों और जेल कर्मियों पर आरोप लगाकर उनसे उलझ रहे थे।

### इस मामले में जेल में बंद था भीम सिंह

मृतक भीम बिलारी कस्बे के मुहल्ला अब्दुल्ला के रहने वाले थे। उनका वर्ष 2019 में घोसियान मुहल्ले के लेखराज से विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान भीम ने उन्हें धक्का दे दिया था। इसमें लेखराज घायल हो गए थे। घटना के बाद 12 दिन बाद उनकी मृत्यु भी हो गई थी। पुलिस ने भीम के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी। फिर आरोपी भीम को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### परिवार में तीन बेटी, एक बेटा

मृतक भीम के परिवार में पत्नी बबीता, बेटी अंशु, अंशिका, कनिका और बेटा वशु हैं।

> भीम के इलाज में लापरवाही का आरोप गलत है। उसकी मौत से हम भी दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं मृतक के परिजन के साथ हैं। वैसे भीम के इलाज में जेल प्रशासन ने 3 लाख से अधिक रुपये खर्च किए हैं। मेरठ मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताया था कि भीम के दिल की हालत ठीक नहीं है।
>
> – पवन प्रताप सिंह, वरिष्ठ जेल अधीक्षक-जिला कारागार

### दलित से मारपीट के मामले में महिला सहित तीन पर एफआईआर

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में गेहूं की पूली डालने को लेकर दलित व्यक्ति को मारपीट कर घायल करने के मामले में थाना कांठ पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट एससी एक्ट की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम कुमारिया जुमला निवासी चंद्रभान सिंह पुत्र कृपाल सिंह एससी जाति का है।

रविवार की शाम को करीब 5:30 बजे गेहूं की पूरी खेत में डालने को लेकर चंद्रभान तथा दूसरे पक्ष के अरुण जितेंद्र सैनी में गाली गलौज हो गई और इसके बाद मारपीट होने लगी। तभी सुमन पत्नी स्वर्गीय कचेदु ने चंद्रभान के सिर में ईंट मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लेकर स्वजन थाना कांठ पहुंचे और थाना पुलिस को अरुण जितेंद्र तथा सुमन के खिलाफ नाम जब तहरीर दी। थाना कांठ पुलिस ने तहरीर के आधार पर एससी एक्ट मारपीट कर घायल करने की धाराओं में तीनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए मुरादाबाद भेज दिया है।

## सार-संक्षेप


भाकियू की पंचायत में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

### भाकियू ने की चोरियों के खुलासे की मांग

**छजलैट, अमृत विचार :** किसान भवन छजलैट पर भाकियू टिकैत की पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस से क्षेत्र में हो रही चोरियों पर रोक लगाने व खुलासा करने की मांग की गई। सोमवार को आयोजित पंचायत में क्षेत्र में हो रही चोरियों पर रोक लगाने की मांग की गई। पंचायत में थाना अध्यक्ष छजलैट अर्जुन त्यागी से किसानों की वार्ता हुई। इस दौरान पुलिस ने चोरियों का खुलासा करने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना था कि 5 मई तक चोरियों का खुलासा नहीं होने पर थाने में ही धरने पर बैठ जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासन की होगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष छजलैट देवेंद्र सिंह, पंकज चौधरी, चौधरी यशपाल सिंह, समरपाल सिंह, राहुल चौधरी, सुमित चौधरी, मोहित शर्मा, सतवीर सिंह, अतर सिंह, अजय पाल सिंह, हरकिशोर, आशीष शर्मा, कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधानाचार्या की पुण्यतिथि पर छात्राओं को किया सम्मानित, पुरस्कार वितरित किए

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में मंदिर पौणा खेड़ा के बाहर स्थित पुस्तकालय में पढ़ने वाली छात्राओं को पूर्व प्रधानाचार्य की पुण्यतिथि पर पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सोमवार को पुस्तकालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्रधानाचार्या वीरबाला सक्सेना की प्रतिमा पर डॉ. राकेश रफीक तथा डॉ. मीनाक्षी सखी द्वारा पुष्प अर्पित किए गए। वहीं गोष्ठी में डॉ. मीनाक्षी सखी ने वीरबाला सक्सेना के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वह समाज में जरूरतमंद कन्याओं की हर संभव मदद करती थी। उन्होंने छात्राओं से संकल्प कराया कि वह भी पढ़ने के बाद जरूरतमंद छात्राओं को हमेशा मदद करेंगी। कार्यक्रम में वाचनालय एवं पुस्तकालय में लगातार समय से आने पर क्रमशः पूजा, पूजा आर्या, रेनू को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया, साथ ही अंबिका, खुशबू, शिवलेश, सरल, शिखा, सोनी, नीरज आदि को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। इस दौरान समाजसेवी तिलक राज चांदना, डॉ. राकेश रफीक, आरोही आर्य व सानिया आसिफ आदि मौजूद रहे।

### महिला से मारपीट पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**डिलारी, अमृत विचार :** गांव सिहाली खड्डर में महिला को पीटने की घटना प्रकाश में आई है। गांव निवासी इशरत अली की पत्नी रोशन जहां गांव के रास्ते में अपना पशु बांध रही थी। जिसका विरोध करते हुए उमर फारूक, सैयद, हसमत, अकरम ने गाली गलौज करते हुए रोशन जहां को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने किसी तरह महिला को बचाया। पीड़िता ने थाना डिलारी को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में सामाजिक कार्यकर्ता संस्थान ट्रस्ट द्वारा निशुल्क महा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिलारी व आसपास के ग्रामीण अंचल से लगभग 310 रोगियों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को परामर्श दिया। संस्था के अध्यक्ष नोमान जमाल ने बताया कि पूर्व में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन होता रहा है। इसमें बिलारी सिटी हॉस्पिटल व एम्स के पूर्व चिकित्सक डॉ. मौ शायगान एमबीबीएस एमडी का सहयोग मिलता रहा है। शिविर में आए हुए रोगियों को रक्त की जांच कर निशुल्क दवा दी गई है। शिविर में डॉ. शायगान एमबीबीएस एमडी, डॉ. अनुराग रस्तौगी एमएस ऑर्थो, डॉ. जियाउल इस्लाम एमएस ईएनटी, डॉ. सुकृति एमएस गायनी, डॉ. मौ जीशान एमएस ऑप्थोमोलॉजी द्वारा परामर्श दिया गया। वहीं जांच केंद्र में हिमांशु दुबे, रजनीश कुमार, अजितेश शुक्ला, रंजन कुमार, चंदन कुमार, मानवेंद्र, सलीम मलिक आदि थे।

### नशीला पदार्थ पिलाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** युवती को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मूंढापांडे थाना पुलिस ने महिला, उसकी बेटी और दो बेटों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में पिछले दिनों रौंडा-झौंडा चौकी क्षेत्र की 26 वर्षीय पीड़िता ने एसएसपी के सामने हाजिर होकर सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत की थी। पीड़िता ने बताया था कि कुंदरकी के गांव लालढाया निवासी आरेफीन पुत्री गफ्फार उसे बुलाकर अपने घर ले गई थी, जहां उसने कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया था। इससे वह बेहोश हो गई थी। उसके बाद परवीन के बेटे तौसीब और नदीम ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोपियों ने अश्लील वीडियो भी बना ली थी। सामूहिक दुष्कर्म के बाद आरोपी आरेफीन ने युवती को कमरे में बंद कर दिया था। इस घटनाक्रम में उसकी मां परवीन के भी शामिल होने का आरोप है। पीड़िता का आरोप ये भी कि तीन अलग-अलग नंबर से कॉल करके आरेफीन उसे धमका रही थी और ब्लैकमेल कर रही थी। आरोपी नदीम पीड़िता के घर पहुंच कर धमकाया कि कहीं राज खोला तो वह उसे जान से मार देगा। फिर पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई थी। मूंढापांडे थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी तौसीब, उसके भाई नदीम, बहन आरेफीन और मां परवीन के खिलाफ नशा देकर सामूहिक दुष्कर्म करने, धमकी देने और अन्य आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है।

### मारपीट और हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चार लोगों पर मारपीट और हत्या के प्रयास का आरोप लगा है। वहीं दूसरे पक्ष से भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अनिल कुमार पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम नैया खेड़ा थाना कुंदरकी ने बताया कि वह 28 अप्रैल को ग्राम महमूदा नगला में शेर सिंह के खेत में मांजे से जमीन को समतल कर रहा था। तभी वहां पर सत्येंद्र और दीपांशु निवासीगण ग्राम जटपुरा थाना सैफनी जिला रामपुर और निखिल, कुलबीर उर्फ कपिल निवासीगण ग्राम खनुपुरा थाना कुंदरकी वहां पर पहुंच गए और मारपीट करने लगे। उन्होंने उस पर फायर भी किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अय्यूब अध्यक्ष, नन्हे खां महासचिव बने

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन कांठ की नई कार्यकारिणी के लिए सोमवार को मतदान कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अय्यूब एडवोकेट(62 मत), महासचिव के लिए नन्हें खां एडवोकेट(57 मत) व कोषाध्यक्ष पद के लिए वैभव विश्नोई एडवोकेट (54 मत) के साथ विजयी घोषित किया गया।

सोमवार को तय कार्यक्रम अनुसार एल्डर कमेटी के प्रदीप कुमार एडवोकेट, शहजाद रफी खां, दीपक विश्नोई एडवोकेट, डॉ. विनीत नैन व महावीर सिंह ने 11:00 से 2:00 बजे तक चुनाव संपन्न कराया। जिसमें 104 मतदाताओं ने अपने-अपने मतों का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद हेतु मौहम्मद अय्यूब एड को 21 मतों से विजयी घोषित किया गया। महासचिव पद हेतु नन्हें खां एडवोकेट को विजयी घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष के लिए वैभव विश्नोई एडवोकेट को 5 मतों से विजयी घोषित किया गया। इसके अलावा कनिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद वाजिद अली, महेंद्र सिंह, सह सचिव प्रशासनिक शुभम बिश्नोई एड., सहसचिव पुस्तकालय अतुल कुमार एड., ससहसचिव प्रशासन परितोष भारती एड., सदस्य कार्यकारिणी मौहम्मद सुहैल खान, जाहिद हुसैन पहले ही निर्विरोध घोषित किए जा चुके हैं। सभी विजयी सदस्यों का 9 मई को शपथ ग्रहण कराया जाएगा।



हर्ष व्यक्त करते विजयी अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# तहसील बार पदाधिकारी की मौजूदगी में हुआ सुलहनामा

संवाददाता, बिलारी

**आरोप**
● बार एसोसिएशन के सचिव से सिपाहियों ने की थी अभद्रता

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के सचिव चौधरी विनय कुमार सिंह के साथ बिलारी थाने में तैनात दो सिपाहियों द्वारा की गई अभद्रता के मामले में तहसील बार एसोसिएशन द्वारा विरोध प्रदर्शन और न्यायिक कार्य स्थगन से पुलिस प्रशासन समझौता करने के लिए तैयार हुआ। सार्वजनिक तौर पर आरोपी सिपाहियों ने सचिव विनय कुमार सिंह से माफी मांगी। जिसके बाद पूरे मामले का निस्तारण हो गया।

तहसील बार एसोसिएशन के सचिव चौधरी विनय कुमार सिंह के साथ मनकुला गांव में दो सिपाहियों ने अभद्र व्यवहार किया था। इस मामले को लेकर तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारी विगत दिनों से हड़ताल पर थे। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष आफाक हुसैन के नेतृत्व में मुरादाबाद की दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा व सचिव अभिषेक भटनागर से मिला। जिसके बाद बार के पदाधिकारी बिलारी पहुंचे। सभागार में अधिवक्ता भी एकत्र हुए। सिपाही नीरेश व अतुल बार के बीच में पहुंचे। इस दौरान दोनों ने अपने कृत्य पर सामूहिक रूप से माफी मांगी। जिसके बाद सचिव ने दोनों को माफ कर दिया। इस दौरान रामकुंवर यादव, भगवान शरण माथुर, चैतन्य पाल सिंह, नवाब हुसैन, सुनील सिंह मौजूद रहे।

# प्रेमी-प्रेमिका से मारपीट दोनों का निकाह कराया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● युवती ने दी मारपीट करने वालों के खिलाफ तहरीर

**अमृत विचार :** प्रेमिका से मिलने से उसके घर पहुंचे प्रेमी को गांव के ही कुछ युवकों ने बातचीत करते देख लिया। इस पर दोनों को कमरे में बंद कर पिटाई की गई। बाद में युवक के परिजनों को बुलाकर दोनों का निकाह करा दिया गया। युवती अपनी ससुराल पहुंच गई। वहां पिटाई से पति की हालत खराब हो गई। जिस पर युवती ने पिटाई करने वाले लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सुरजन नगर के गांव दुल्हापुर सबलपुर की रहने वाली एक नव विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर बताया है कि थाना क्षेत्र के गांव राघुवाला निवासी एक युवक जो उसका रिश्तेदार भी है वह उससे प्यार करती है। वह युवक अक्सर उसके घर पर आता जाता था। 26 अप्रैल को उसने अपने प्रेमी को फोन कर घर बुलाया था। वह दोनों बातचीत कर रहे थे कि तभी पड़ोस के कुछ लोगों ने उसे पकड़ लिया और लात घुंसों से मारने लगे। पीड़िता का आरोप है कि इन लोगों ने मुझे व मेरे प्रेमी को एक कमरे में बंधक बनाकर बुरी तरह से मारापीटा। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने युवक के परिजनों को बुलाकर मेरा निकाह कर दिया। निकाह के बाद वह अपने ससुराल आ गई। पीड़िता का कहना है कि बेतहाशा मारपीट के कारण मेरे पति के दोनों कानों के पर्दे फट गए हैं। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### प्रेमी के साथ फरार हुई युवती, तहरीर दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** युवती अपने प्रेमी के साथ बाइक से फरार हो गई। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने तहरीर देकर पुलिस से युवती को बरामद करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफ़ नगर निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार दिन पूर्व वह और उसके दोनों पुत्र मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। जब वह घर वापस आए तो उनकी 23 वर्षीय पुत्री घर से गायब थी। जानकारी पर पता चला कि उनकी पुत्री को बिजनौर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बाइक पर बैठा कर भगा ले गया। इस मामले में जब लड़की पक्ष ने आरोपी युवक के परिजनो से बात की तो आरोप है कि उन्होंने दोनों के बालिग होने की बात कही। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई करने व पुत्री को बरामद करने की मांग की है।

# जूडो में 100 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम, सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ओपन इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन सोनकपुर स्टेडियम के हॉल में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 17 स्कूलों से 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया। विजेता प्रतिभागियों को पदक प्रदान किए गए। प्रतियोगिता का आरंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने फीता काटकर किया। साथ में संस्था के मुख्य सचिव सुहेल अहमद भी रहे।

सोमवार को सोनकपुर स्टेडियम में ब्लाइंड पैरा नॉर्मल जूडो संस्था के तत्वाधान में ओपन इंटर स्कूल जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक संस्था के मुख्य सचिव सोहेल अहमद ने बताया कि जिले के 17 स्कूलों स्कूलों से 100 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें छात्राओं की संख्या अधिक रही। प्रतियोगिता को तीन ग्रुप में बांटा गया। जिसमें जूनियर, मिनी और सीनियर ग्रुप के बच्चों ने अपने हुनर का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में शामिल रही शिखा गुप्ता, रुचि अग्रवाल, शिवानी कर्णवाल के द्वारा दिए गए परिणामों में प्रथम स्थान पर रहे बच्चों को जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, सोहेल अहमद व अंतर्राष्ट्रीय जूडो रेफरी संजय गिरी ने गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया।वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर व तीसरे स्थान पर रहने वालों को कांस्य पदक प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी पिंटू सैनी, प्रियंक लोधी, सपना कश्यप, शिवानी कुमारी, प्रिया दिवाकर, राकेश गुप्ता, शिवानी कर्णवाल आदि मौजूद रहे।

### हॉवर्ड कान्वेंट सीनियर स्कूल में हुई काउंसिलिंग

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के हॉवर्ड कान्वेंट सीनियर स्कूल में कक्षा 7 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं के भविष्य हेतु काउंसिलिंग की गई।

नगर के हॉवर्ड कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 7 से कक्षा 12 तक के बच्चों के साथ पीडब्ल्यू विद्यापीठ पाठशाला के विभिन्न सदस्यों द्वारा कैरियर काउंसलिंग की गई। जिसमें बच्चों को आईएएस, पीसीएस, मेडिकल इंजीनियरिंग आदि के कोर्स को करने के लिए विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम द्वारा समझाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने भविष्य के बारे में विभिन्न प्रकार की जानकारी हांसिल की एवं अपने प्रश्नों का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश सिंह, प्रधानाचार्य रणजीत कौर , उप प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

**आयोजन** धर्म सिंह इंटर कालेज चेतरामपुर में हुआ कार्यक्रम

# हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** चेतरामपुर स्थित धर्म सिंह इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

धर्म सिंह इंटर कॉलेज चेतरामपुर में सोमवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कॉलेज अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह, मुख्य अतिथि अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष देवराज सिंह व विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का आरंभ किया। इसके बाद हाईस्कूल परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक के साथ जनपद में 11वां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र सुहैब खान, हाईस्कूल में 89.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान पर रही छात्रा फिजा और 88 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वशिका को प्रतीक चिह्न, मेडल और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह ने बताया कि इंटरमीडिएट में स्कूल के नदीम ने प्रथम, सोफिया ने द्वितीय, स्वाति कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी मेधावियों को प्रतीक चिह्न, मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर गौरव कुमार, सेमानसी, विधि शर्मा, जयवंती, गौरव कुमार, देवेंद्र सिंह, फूल सिंह, ध्रुव कुमार, सतेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, अभिषेक विश्नोई आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों के साथ सम्मानित छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### कुंदरकी के युवक की सड़क हादसे में मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक की बिहार के मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेने के लिए बिहार रवाना हो गए। पता चला है कि कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम चक फाजलपुर निवासी आशिक अली(25) पुत्र मुजफ्फर हुसैन की बिहार के मुजफ्फरपुर में सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक के पिता के अनुसार शनिवार की शाम उसका बेटा आशिक कैंटर में रुद्रपुर से माल लाद कर बंगाल के लिए निकला था। सोमवार की सुबह समय करीब 3:00 बजे पुलिस द्वारा सूचना मिली कि उसके बेटे की गाड़ी का मुजफ्फरपुर बिहार में एक्सीडेंट हो गया। जिससे आशिक की मौके पर ही मौत हो गई।



# हेराफेरी में महिला समेत चार पर रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** अभिलेखों में हेराफेरी कर जाटवान धर्मशाला को धोखाधड़ी से अपने नाम करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के मोहल्ला जाटवान बस्ती निवासी राकेश कुमार पुत्र कृपाल सिंह ने न्यायालय में याचिका दायर कर कहा कि मोहल्ला जाटवान मौजा फतुल्लाहगंज में तहसील के अभिलेखों में गाटा संख्या268 रखवा 0.42 डिसमिल भूमि धर्मशाला जाटवान के नाम दर्ज है। धर्मशाला को नगर निवासी राम सखी पत्नी वीर सिंह व चंद्रावती पत्नी भोला सिंह जो आपस में रिश्तेदार हैं। उक्त धर्मशाला जाटवान की भूमि को विनिमय कर लिया है। जबकि गाटा संख्या 268 पर प्रत्येक जाटव समाज के व्यक्ति का हक है। कुछ व्यक्तियों ने आपस में हमसाज होकर धर्मशाला जाटवान के नाम से हरिजन उत्थान एवं कल्याण समिति बनाई।

जिसमें अध्यक्ष वीर सिंह पुत्र नौबत सिंह ने अपनी पत्नी रामसखी व बहन चंद्रावती से हम साज होकर अपनी भूमि धरी नंबर 256 रकबा 0,264 में से0.170 भूमि का विलय कर लिया। न्यायालय में शिवराज सिंह एडवोकेट व रिजवान अली के फर्जी हस्ताक्षर बने हैं व हेराफेरी कर धर्मशाला जाटवन की भूमि को हड़प लिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रामसखी, वीर सिंह, चंद्रवती, भोला सिंह, संजीव कुमार, विनोद कुमार के विरुद्ध केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

### धोखाधड़ी में में चार लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी कर महिला से 4 लाख रुपये लेकर 53 गज का भूखंड दूसरे के नाम कर करने एवं फर्जी तरीके से बेचकर बैनामा कराने के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना कांठ के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी दीपा पत्नी रामावतार ने कर्ज लेकर 4 लाख रुपये में 53 गज का एक आबादी का भूखंड 6 दिसंबर 2021 को आरती पत्नी मुकेश से खरीदा था। गाटा संख्या 236 में भूखंड किसी दूसरे व्यक्ति के नाम है। आरती, उसके पति मुकेश, ससुर बलवंत, दीपक, मोनू आदि ने ने षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी करके रुपये लेने के बाद बैनामा रजिस्ट्री करा दी और आज तक उक्त भूखंड पर कब्जा नहीं दिया है। इस मामले में जब थाना कांठ पुलिस तथा आइजीआरएस पोर्टल जनसुनवाई आदि पोर्टल पर शिकायत की परंतु कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दीपा पत्नी रामावतार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर धोखाधड़ी कर फर्जी बैनामा कराने वालों पर कार्रवाई की मांग की थी।

## एक नजर

### टॉप-10 सूची में शामिल छात्रा को मिलेगी स्कूटी

**रहरा, अमृत विचार :** गांव पोरारा की रहने वाली छात्रा पूनम ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त किया था। वह चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा है। उसे स्कूटी देकर विद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 6 छात्राओं को साइकिल देकर दो मई को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कॉलेज की प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने दी।

### गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्ष भिड़े

**गजरौला, अमृत विचार :** गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मामले की पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव शीशोवाली निवासी कैलाश व भूरा सिंह के बीच रविवार को गेहूं की फसल काटने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों से अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। विवाद बढ़ने पर दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। इसमें कैलाश व उसकी पत्नी कुसुम देवी समेत कुदैनी गांव निवासी जय गणेश घायल हो गए। मौजूद लोगों ने किसी तरह विवाद शांत कराकर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### महिला को पीटकर किया घायल, आरोपी पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** बेटी की शादी के लिए साढ़े सात लाख रुपये उधार मांगने पर महिला को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर निवासी मीना पत्नी वाहिद अली अपने ससुराल वालों से अलग रहती है। बताया जाता है कि उसने अपने पति से बेटी की शादी करने के लिए 20 अप्रैल को साढ़े सात लाख रुपये उधार मांगे थे। आरोप है कि पति ने देने से इंकार करते हुए मीना को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास के लोगों ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में वाहिद अली, मोमिना, इबा, सानिया, फरीद अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्र वार लगेंगी 14-14 टेबल

संवाददाता, अमरोहा

**तैयारी**

- मंडी में होगी चार विधानसभा क्षेत्रों के वोटों की गिनती
- गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के मतों की मतगणना हापुड़ में होगी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने के बाद मतगणना की तैयारी शुरू कर दी गई है। मतगणना के लिए पांच विधानसभा क्षेत्र में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी।

मुख्य विकास अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि मतगणना कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंडी समिति में मतगणना कराई जाएगी। इसमें जिले की अमरोहा, नौगांव सादात, मंडी धनोरा और हसनपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना की जाएगी। गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा की मतगणना हापुड़ जिले में कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए विधानसभा बार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। आयोग की गाइडलाइन के अनुसार, मतगणना कराई जाएगी। एक-एक आरओ टेबल अतिरिक्त लगाई जाएगी। मतगणना में कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। मतगणना में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना ड्यूटी के लिए कर्मचारियों का चयन करने के निर्देश नहीं दिए गए हैं। जल्द ही कर्मचारियों का चयन कर लिया जाएगा और कर्मचारियों की संख्या भी तभी पता चल सकेगी।

## अमरोहा शहर के 15 बूथों पर 30 से 55 प्रतिशत ही मतदान, फिर भी दोनों चरणों में जिला प्रदेश में अव्वल

# ककरूवा में 92.92 व हुसैनपुर बूथ पर 92.92 प्रतिशत वोटिंग

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** अमरोहा लोकसभा सीट के लिए मतदान में मढैया हुसैनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बूथ और हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में ककरूवा के बूथा पर बंपर वोट डाले गए। ककरूवा बूथ पर 92.92 प्रतिशत मतदान और हुसैनपुर के बूथ पर 91.12 प्रतिशत वोट पड़े। शहर से ज्यादा यहां गांव के लोगों ने मतदान किया।

जिले में 64.58 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा अमरोहा विधानसभा में 68.21, मंडी धनौरा में 62.72, नौगांवा सादात में 68.11, हसनपुर में 65.04 और गढ़मुक्तेश्वर में 59.42 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा विधानसभा क्षेत्र और हसनपुर विधानसभा में शहर से अधिक मतदान गांवों के बूथों पर हुआ है। अमरोहा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में बने पांच बूथ ऐसे हैं जहां 80 से 92 प्रतिशत तक मतदान हुआ।

सलेमपुर हेमनगर में 86.95, प्राथमिक विद्यालय दासीपुर बूथ पर 86.77, मढैया लक्ष्मणवाली बूथ पर 86.10 तो मढैया रफातपुरा बूथ पर 84.92 प्रतिशत मतदान हुआ। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट डालने को लेकर पांच बूथ जहां पर मतदातओं ने दिलचस्पी दिखाई।

इनमें प्राथमिक विद्यालय ककरूवा बूथ पर 92.92 प्रतिशत मत पड़े, जबकि हैबतपुर बंजारा के बूथ पर 89.68 प्रतिशत, यहां कक्ष के बूथ पर 85.33 तदान हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय हिरनौटा बूथ पर 87.52 प्रतिशत, प्राथमिक विद्यालय खुंगावली बूथ पर 85.56 प्रतिशत लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया है।

**हसनपुर क्षेत्र में कम मतदान वाले पांच बूथ**

- तलाबड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्ष-2 के बूथ पर 33 .64 प्रतिशत
- नगर पालिका परिषद हसनपुर कक्ष-1 के बूथ पर 44 .41 प्रतिशत
- राजकीय कन्या इंटर कॉलेज हसनपुर के कक्ष-7 में 46 .85 प्रतिशत
- ढक्का स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्ष-3 में 46 .97 प्रतिशत
- ढक्का के प्राथमिक विद्यालय के कक्ष-2 पर 47 .60 प्रतिशत

**चुनाव**

- अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में 68.21 और नौगांवा सादात में 68.11 प्रतिशत हुआ मतदान

### शहर में घरों से नहीं निकले मतदाता

**अमरोहा, अमृत विचार :** मतदान के प्रति अलख जगाने को लेकर प्रशासन ने अनेक कार्यक्रम किए। स्वीप के अंतर्गत रैलियां, वाहन चलाए। वोटरों को जागरूक करने के लिए बीएसए के नेतृत्व में महिला शिक्षिकाओं ने स्कूटी रैली भी निकाली। इसके चलते मतदान के दिन अमरोह जिले में सबसे ज्यादा 64 .58 प्रतिशत मतदान हुआ। लेकिन शहर के मतदाताओं पर इन जागरूकता कार्यक्रमों का असर देखने को कम मिला। मतदान के दिन शहर के बूथों पर सन्नाटा रहा। ग्रामीण क्षेत्र के बूथों पर बंपर वोटिंग हुई। ग्रामीणों ने जिले को नंबर वन बनाने में सहयोग किया। मतदान के बाद आए आंकड़े भी यहीं दर्शाते हैं। दरअसल अमरोहा शहर के 15 बूथ ऐसे हैं, जहां 30 से 55 प्रतिशत तक ही मतदान हुआ है। इनमें कुंदन नगर के प्राधमिक विद्यालय के बूथ पर 31 .02 प्रतिशत मतदान हुआ, एडबल्यू फैज-ए-आम इंटर कॉलेज के बूथ पर 36 .88, कृष्णा बाल मंदिर इंटर कॉलेज बूथ पर 47 .92, जेएस हिंदू डिग्री कॉलेज बूथ पर 48 .47 तो न्यू हॉरीजन पब्लिक शाही चबूतरा बूथ कक्ष एक पर 50 .14 प्रतिशत, कक्ष-2 पर 48 .54 मतदान हुआ। आले अहमद गर्ल्स इंटर कॉलेज गुजरी में 50 .36 प्रतिशत, अब्दुल करीम खां इंटर कॉलेज मे 50 .58 प्रतिशत मतदान हुआ। फात्मा कान्वेंट स्कूल सद्दो बूथ पर 51 .70 प्राइमरी स्कूल चौक बूथ पर 52 .62 प्रतिशत मतदान तो श्री साई बाबा बटेश्वर नाथ स्कूल में बने कक्ष 4 बूथ पर 53 .01, शर्मा देवी बूथ पर 53 .05, जनता इंटर कॉलेज पतई खालसा में 53 .29 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं श्री साई बाबा बटेश्वर नाथ स्कूल में बने कक्ष 5 बूथ पर 54 .43 प्रतिशत तो कृष्णा बाल मंदिर इंटर कॉलेज कक्ष 1 के बूथ पर 54 .98 प्रतिशत मतदान हआ है।

# हाईवे पर चलती कार बनी आग का गोला

## चौधरपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई घटना, चालक ने कूदकर बचाई जान

संवाददाता, चौधरपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती कार आग का गोला बन गई। चालक ने हाईवे किनारे कार खड़ी कर कूद कर जान बचाई। घटना की सूचना के बादन फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान कुछ देर के लिए हाईवे पर वाहनों की रफ्तार थम गई।

मुरादाबाद में कटघर थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी जुल्फिकार अहमद पुत्र छिद्दा खान सोमवार को अपनी कार से जोया आ रहे थे। जैसे ही वह चौधरपुर में साप्ताहिक बाजार के सामने पहुंचे तो कार के अगले हिस्से से धुआं निकलना शुरू हो गया। तभी उसने अपनी कार हाईवे किनारे खड़ी कर दी और वह कार से बाहर निकल गया। कुछ की पलों में कार धू-धू कर जलने लगी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएल गुप्ता के अग्निशमन वाहन से आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक कार जल गई थी। जब तक कार की आग को बुझाया गया, तब तक हाईवे पर वाहनों की लाइन लग गई। आग बुझाकर पुलिस ने यातायात सुचारू कराया।


हाईवे पर जलती कार। ● अमृत विचार


कार में लगी आग बुझाता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**कार में आग लगने के कारण**

- दूसरे वाहन से टक्कर होने पर कार में आग का खतरा
- इलेक्ट्रिकल फेल्योर या शॉर्ट सर्किट
- ऑयल या गैस लीक होना
- पेट्रोल-डीजल या सीएनजी कारों में इंजन का ओवरहीट होना
- कार का खराब मेंटनेंस
- कार में स्मोकिंग मैटेरियल जैसे लाइटर, सिगरेट आदि का प्रयोग
- वाहन की बैटरी का डैमेज होना

**चलती कार में आग लगने पर क्या करें**

- कार से यदि स्मोक या धुएं की गंध आ रही हो तो तत्काल अपने वाहन को सड़क के किनारे रोकें
- कार का इंजन बंद करें और तत्काल कार से बाहर आएं
- यदि दरवाजे जाम हों तो पैनिक न हों और विंडो तोड़कर बाहर आने का प्रयास करें
- बाहर आने के बाद कार से दूर खड़े हों और आग के बुझने का इंतजार करें
- भूलकर भी कार का बोनट खोलने की कोशिश न करें, इसमें आग हो सकती है
- इस दौरान पुलिस या फायर ब्रिगेड को फोन कर सूचित करें

## सार-संक्षेप


मेधावियों के साथ शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो व अन्य।

### बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**अमरोहा, अमृत विचार :** खंडसाल कला स्थित राणा सिंह मेमोरियल सिख इंटर कॉलेज में शिक्षक विधायक डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने इंटरमीडिएट और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में टॉपर रहे छात्रों को सम्मानित किया। इंटर के छात्र दिपांशु सिंह ने जिला स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि मंडल में आठवां स्थान प्राप्त किया। इसे 51000 हजार रुपये का चैक दिया गया। हाईस्कूल की छात्रा मंतशा ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया था और मंडल में आठवां स्थान प्राप्त किया था। छात्रा को भी 51000 हजार रुपये के चैक दिए गए। हाईस्कूल की दूसरी छात्रा पलक सिद्धू ने जिला में आठवां स्थान प्राप्त किया था। इसे 11000 रुपये का चैक दिया गया। प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। उन्होंने कहा, दूसरे बच्चों को इनसे शिक्षा लेकर मेहनत करनी चाहिए। शिक्षा से ही आगे बढ़ा जा सकता है। बच्चों ने कड़ी मेहनत करके विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसके लिए अभिभावक और स्कूल स्टाफ को बधाई दी। इस मौके पर सरदार मोहन सिंह, सरदार हरचन सिंह, प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

### चिकित्सक ने गोशाला में की गोसेवा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के रहने वाले चिकित्सक शिव स्वरूप अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ गोशाला पहुंचकर गोसेवा की। उन्होंने 20 क्विंटल भूसा दान किया। गांव ब्रह्मबाद स्थित गोशाला में सोमवार को चिकित्सक शिव स्वरूप अग्रवाल एवं डॉ. अक्षय गर्ग ने परिवारों के साथ पहुंचकर गोमाता की सेवा की। उन्हें गुड एवं केले खिलाए। ग्राम प्रधान के पति ओम सैनी ने बताया कि गोशाला में गोवंश को समय से चारा व पानी दिया जाता है। उनकी देखभाल की जा रही है। इस मौके पर कहर सिंह, राकेश, पुष्पेंद्र, भूपेंद्र व सुभाष आदि मौजूद रहे।


गाय को गुड़ खिलाते चिकित्सक।


भक्त पृथ्वी राजपूत का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### बाबा केदारनाथ के दर्शन करने जा रहे भक्त का स्वागत

**हसनपुर, अमृत विचार :** महाराष्ट्र से बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए एक भक्त साइकिल से निकला हुआ है। नगर में पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भक्त का स्वागत किया। पृथ्वी राजपूत पुत्र संदीप राजपूत ग्राम बाकरी जिला पुना महाराष्ट्र से 19 अप्रैल को बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए साइकिल से निकला था। सोमवार को पृथ्वी राजपूत नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर पहुंचा तो नगर के लोगों ने उसका स्वागत किया। पृथ्वी ने बताया कि वह बाबा की भक्ति में लीन होकर साइकिल से बाबा केदारनाथ के दर्शन करने जा रहा है। स्वागत करने वालों में अंकुर प्रजापति, विपिन प्रजापति, अनुपम त्यागी, राहुल, निशांत चौहान, निखिल त्यागी, भोले, नरेश व देवेंद्र आदि मौजूद रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में प्रज्ञा और धारणा प्रथम

**सैदनगली, अमृत विचार :** पश्चिम उत्तर प्रदेश जन शिक्षा समिति की ओर से निबंध प्रतियोगिता में प्रज्ञा और धारणा प्रथम रही। बाल वर्ग व किशोर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय को गौरवान्वित किया। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं ने संस्कृति बौद्ध परियोजना के अंतर्गत संस्कृति सेवा शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बाल वर्ग की छात्रा प्रज्ञा व किशोर वर्ग की छात्रा धारणा शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उन्हें सम्मानित किया।


छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

### विद्युत निगम की टीम ने 50 बकाएदारों के काटे कनेक्शन

**अमरोहा, अमृत विचार :** वसूली अभियान के तहत विद्युत निगम की टीम ने 50 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। 12 लख रुपये की वसूली की गई है। सोमवार को विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि अमरोहा विद्युत डिविजन के बिजली घर अहरोई और दाऊदसराय में बकायदार बिजली उपभोक्ताओं के खिलाफ वसूली अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने 50 बकायादारों बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। इन सभी उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा बकाया बिल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी उपभोक्ताओं ने बकाया बिल जमा नहीं किया।

### पति ने पत्नी को पीटकर घर से निकाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कुरैशी में युवक ने अपनी पत्नी को पीट कर घर से निकाल दिया। घर लौटने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। नगर के मोहल्ला कुरेशी गली नंबर 11 में रुखसार का परिवार रहता है। महिला का आरोप है कि रविवार दोपहर उसके पति मोसिन ने उसे मारा पीटा की और घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को पति के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकार अरुण कुमार के निर्देश रिपोर्ट दर्ज की गई है

### मां ने घर के काम को कहा तो बेटी ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में मां ने घर का काम करने के लिए कहा तो किशोरी को बर्दाश्त नहीं हुआ। उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने रविवार शाम अपनी सबसे छोटी बेटी को घर के काम में सहयोग न करने पर डांट दिया था। बता जा रहा है कि महिला के पति की काफी पहले मौत हो गई थी। महिला खेती किसानी व मेहनत मजदूरी कर 6 बच्चों का पालन पोषण कर रही है। परिजनों के मुताबिक, डांटने के कुछ देर बाद 17 वर्षीया किशोरी अपने कमरे में चली गई। काफी देर तक भी वह बाहर नहीं आई तो मां ने भीतर देखा। बेटी का शव छत के कुंडे में दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था।


गांव पुरनपुर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## घटिया सामग्री लगाने पर प्रदर्शन

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार :** गांव पूरनपुर में लोक निर्माण विभाग की ओर से सीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण व मानक के अनुसार, सामग्री नहीं लगाने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोक निर्माण विभाग के खिलाफ धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।

पूरनपुर ग्राम में अमरोहा-डिडौली लिंक मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का चौड़ीकरण मानक से कम है। इससे भारी वाहनों को चलने में दिक्कत होगी। गुस्साए ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान डॉ. होते राम सैनी, ठाकुर पोपाल सिंह, सनी ठाकुर, ठाकुर सत्यपाल सिंह चौहान, आकाश कुमार, सुरेंद्र कुमार, शुभम कुमार, विनीत कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर के आगे कूड़ा डालने पर मारपीट, चार घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के आगे नाली का कूड़ा डालने पर मना करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। इसमें महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव पिपलौती खुर्द में अशरफ व अरमान का परिवार रहता है। आरोप है कि अरमान के परिवार के लोग नाली का कूड़ा उठाकर अशरफ के घर के सामने डाल देते थे। इस बात को लेकर अशरफ की पत्नी महसर ने कूड़ा डालने का विरोध किया। तभी दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। बाद में दोनों में मारपीट हुई। लाठी डंडे एवं ईंट पत्थर चले। इससे अशरफ पक्ष से शहजाद, रुकैया, महसर और दूसरे पक्ष से फुरकान घायल हो गए।


भाजपा कार्यालय में बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी। ● अमृत विचार

## सभी के प्रयास से हुआ रिकॉर्ड मतदान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** भाजपा के जिला कार्यालय में सोमवार को पदाधिकारियों की बैठक में जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी रहा।

उन्होनें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के सामुहिक प्रयासों से ही जिले में रिकॉर्ड मतदान हुआ है। कहा कि चुनाव में भाजपा की मजबूत स्थिति है। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष की तारीफ की। इस दौरान हसनपुर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, भूप सिंह बेनीवाल, कृष्ण कुमार, मयंक अग्रवाल, अतुल चौधरी, चंद्रभान भाटी, राकेश वर्मा, रमेश कलाल, पिंकी रानी, मनोज शर्मा आदि रहे।

**समस्या** नगर पालिका प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने नहीं कराई फॉगिंग, गंदी नालियों की सफाई की मांग

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पनप रहे मच्छर, लोगों की नींद हराम

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में शहर व ग्रामीण क्षेत्र में मच्छर पनप रहे हैं। इनसे संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। शाम ढलते ही मच्छर हमला करना शुरू कर देते हैं। लेकिन नगर पालिका प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छरों से बचाव के लिए कोई उपाय नहीं किया जा रहा है।

गर्मी के दिनों में खांसी-जुकाम और बुखार के रोगी बढ़ रहे हैं। वहीं मलेरिया और वायरल फीवर भी लोगों को सताने लगा है। लोग इस बात को लेकर आशंकित हैं कि यदि मच्छरों का प्रकोप बढ़ता रहा तो संक्रामक रोग उन्हें अपनी चपेट में ले लेंगे। सरकारी चिकित्सालय हो या निजी अस्पताल, सभी जगह रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अधिकांश लोग बुखार से पीड़ित हैं, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से ग्रामीण इलाकों में छिड़काव एवं फॉगिग कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के संजीव, योगेश कुमार, निशांत कुमार आदि लोगों का कहना है कि पहले विभाग द्वारा डीडीटी व फागिंग का छिड़काव कराया जाता था। जिससे मच्छरों का प्रकोप कम हो जाता था। अब तो हालात यह है कि रात हो या दिन कोई फर्क नही पड़ रहा। सोते समय तो बचाव के लिए मच्छरदानी लगा लेते हैं लेकिन दिन में क्या उपाय किया जाय समझ से परे है।

**नहीं काम कर रहे मच्छरों से बचाव के उपकरण**

**गजरौला, अमृत विचार :** घरों में लगाए जाने वाले मच्छरों से बचाव के लिए क्वायल जलाने के बावजूद मच्छर थोड़ी देर के लिए भाग जाते हैं। लेकिन फिर वापस हमला करते हैं। मच्छरों के कारण लोगों की नींद हराम हो जा रही है। मच्छरदानी में नहीं सोने वाले लोगों को रात भर मच्छरों के कारण जागे रहना पड़ता है। बीडीओ विकास मित्तल ने बताया कि जल्द ही मच्छरों के बचाव के लिए फॉगिंग कराई जाएगी।


संजीव कुमार।


निशांत कुमार।

**गर्मी में बढ़ी मरीजों की संख्या, अस्पताल में कतार**

**हसनपुर, अमृत विचार :** अधिक गर्मी में क्षेत्र के लोग बीमार पड़ रहे हैं। इससे सीएचसी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। स्थिति यह है कि एक दिन में सीएचसी की ओपीडी में करीब 250 मरीज पहुंच रहे हैं। दवा वितरण केंद्र पर भीड़ दिख रही है। सोमवार को सीएचसी में उपचार के लिए मरीजों व तीमारदारों की भीड़ रही। ओपीडी में करीब 250 मरीजों ने अपना पर्चा बनवाया। दोपहर दो बजे तक मरीजों की भीड़ कम नहीं हुई। सबसे अधिक लोग बुखार, सर्दी व खांसी से पीड़ित रहे। वहीं पैथोलॉजी लैब में 100 मरीजों की सेहत की जांच की गई। सुबह से ही सीएचसी में मरीजों की भीड़ लगने शुरू हो गई थी। पर्ची एवं दवा वितरण केंद्र पर भीड़ देखी गई। हालांकि चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी के मौसम में अपने भोजन का विशेष ध्यान रखें। ज्यादा देर का रखा हुआ खाना न खाएं। शरीर में पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। घर से बाहर जरूरी काम होने पर निकलें। धूप में सिर पर कपड़ा रखें। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि ढाई सौ मरीज को देखा गया है। उसमें अधिकतर बुखार व खांसी से पीड़ित थे। उन्होंने बताया कि गर्मी में आने के बाद एक-एक ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। बीमार होने पर तत्काल अस्पताल में दिखाएं।


सीएचसी में लगी मरीजों की कतार।

### जिले में 1,23000 छात्र छात्राओं को मिलेगी यूनिफॉर्म और किताबें

**अमरोहा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले के प्राथमिक विद्यालय के 123000 छात्र-छात्राओं को किताबें और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराएगा। एक अप्रैल से विद्यालय में दाखिले शुरू हो गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रशांत गुप्ता ने बताया कि शासन की ओर से प्राथमिक विद्यालय के कक्षा-1 से पांच तक के बच्चों को निशुल्क किताबें और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि शासन की तरफ से 123000 छात्र-छात्राओं को पुस्तक एवं यूनिफॉर्म का बजट विभाग को दे दिया गया है। जिले के गजरौला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय में 70 प्रतिशत पुस्तक एवं यूनिफॉर्म वितरण की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि चुनाव के कारण पुस्तकों और यूनिफॉर्म का वितरण ब्लॉक में अभी नहीं हो सका है।

## एक नजर

### दो लोग गिरफ्तार, अवैध शस्त्र बरामद

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में सोमवार को अलग अलग जगह पर तमंचे लेकर घूम रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव पतरिया निवासी हीरालाल उर्फ हीरा गांव से जंगल की ओर जा रहे कच्चे रास्ते पर तमंचा लिए खड़ा था। वहीं थाना क्षेत्र के गांव सिमरई निवासी ऋषिपाल भी तमंचे के साथ थाना क्षेत्र के गांव ऊमरा तिराहे पर खड़ा था। पुलिस ने तमंचे बरामद कर ऋषिपाल व हीरालाल को गिरफ्तार कर लिया और दोनों का चालान कर दिया।

### किशोरी को ले जाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी मोहम्मद अनस 14 अप्रैल की दोपहर में मुहल्ला की ही किशोरी को उसके घर से बहला-फुसलाकर ले गया था। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मोहम्मद अनस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मोहम्मद अनस सोमवार को चंदौसी मार्ग पर मुरादाबाद बाईपास पर खड़ा हुआ था। पुलिस ने अनस को गिरफ्तार कर लिया।

# बैंक चोरी में शामिल दो सगे भाइयों सहित तीन गिरफ्तार

## नखासा थाना क्षेत्र के देहपा की बैंक शाखा में 22 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा, नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र के देहपा गांव में 22 दिन पहले प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा में चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बदमाशों तक पहुंचने के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से बड़ी मदद मिली। वारदात में शामिल दो सगे भाईयों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से बैंक से चुराई गई रकम के 3 लाख 31 हजार की नकदी व वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की गई है। गिरोह के लोग एक अन्य बैंक में चोरी की फिराक में थे लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मुख्य मार्ग के किनारे देहपा गांव की प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक में सात अप्रैल की रात को बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर दी थी। खिड़की तोड़कर बैंक शाखा में घुसे बदमाश स्ट्रांग रूम से चार लाख सात हजार रुपए की नकदी चुराकर ले गये थे। 22 दिन बाद सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस को बदमाशों के बारे में पुख्ता जानकारी मिली तो रिठाली बाईपास पर बंद पड़े ईंट भट्ठे के पास से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये बदमाशों ने अपने नाम मनप्रीत व हर्ष चौधरी निवासी अल्लीपुरा कुई थाना कांठ जनपद मुरादाबाद व प्रखर चौहान निवासी सिकंदरपुर थाना अमरोहा देहात बताये। इनमें मनप्रीत व हर्ष सगे भाई हैं। देहपा की बैंक में चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूलने के साथ ही बदमाशों ने बताया कि वह खगूपुरा की बैंक में चोरी के लिए आये थे।

पुलिस ने इनके पास से 3 लाख 31 हजार 408 रुपए के साथ ही घटना में इस्तेमाल बाइक, दो तमंचे, चाकू, दो मोबाइल भी बरामद किये गये है।


पुलिस की गिरफ्त में बदमाश व जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।


बदमाशों से बरामद रकम व हथियार। ● अमृत विचार

- सात अप्रैल की रात को बदमाश खिड़की तोड़कर घुसे और स्ट्रांग रूम से चार लाख से अधिक की नकदी ले गये थे

### ठीक कराया बाइक का पंक्चर, पास खड़ी रही पुलिस

**संभल, अमृत विचार :** पकड़े गये बदमाशों ने बताया कि वह वारदात को अंजाम देने के बाद वापस लौट रहे थे तब मनोटा के निकट बाइक में पंक्चर हो गया था। मनोटा में बंद मोबाइल आन कर पंक्चर दुकानदार को कॉल किया था। दुकान खुलवा कर पंचर लगवाया तब पुलिस की गाड़ी पास में ही खड़ी थी।

### यूट्यूब से सीखा बैंक चोरी का हुनर...

**संभल, अमृत विचार :** देहपा की प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पेशेवर अपराधी नहीं थे। वारदात में शामिल सगे भाइयों ने आनलाइन गेम में रकम गंवाई तो यू ट्यूब से बैंक में चोरी का हुनर सीख कर वारदात को अंजाम दिया। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बैंक में चोरी की वारदात में शामिल मनप्रीत व उसके भाई हर्ष न पूछताछ में बताया कि डेढ़ साल पहले आनलाइन गेम खेला तो उनकी इतनी रकम डूब गई कि वह कर्जमंद हो गये। कुछ माह पहले स्योहारा में बैंक चोरी की जानकारी मिली तो फिर इरादा किया कि वह भी बैंक में चोरी करेंगे। दोनों भाइयों ने यू ट्यूब पर सर्च कर देखा कि बैंक में चोरी की वारदात को कैसे अंजाम दिया जाता है। वारदात से 15 दिन पहले हर्ष ने देहपा के साथ ही मदाला गांव की प्रथमा सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा की रेकी की थी। इस शाखा में चोरी करना आसान लगा तो देहपा का रुख किया गया।

## जनरल स्टोर के ताले तोड़ नकदी और सामान चोरी

**संभल/सिरसी, अमृत विचार:** जनरल स्टोर का ताला तोड़कर चोर नकदी व नोटों की माला सहित 90 हजार रुपये का सामान समेटकर ले गए।

थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी रियासत हुसैन संभल मुरादाबाद के किनारे मार्केट में जनरल स्टोर चलाते हैं। देर रात किसी समय चोर शटर का ताला तोड़कर चोर जनरल स्टोर के अंदर घुस गए। गल्ले में रखी 40 हजार रुपये की नकदी व दूल्हे के गले में डालने वाली 50 हजार रुपये के नोटों की माला चोरी कर फरार हो गए। सोमवार की तड़के चार बजे शादी में शामिल होकर घर लौटे पड़ोसी ने जनरल स्टोर का आधा शटर खुला देखकर रियासत हुसैन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे रियासत हुसैन ने देखा तो जनरल स्टोर का ताला टूटा हुआ था और गल्ले से नकदी व नोटों की माला सहित 90 हजार रुपये का सामान गायब था। जिसके बाद रियासत हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# पशुओं से भरा कैंटर पकड़ा, दो गिरफ्तार-हिंदू संगठनों में रोष

संवाददाता, गुन्नौर

कार्रवाई
- गुन्नौर के नेहरू चौक का मामला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कस्बे के नेहरू चौक पर लोगों ने आयशर कैंटर को पकड़ा। कैंटर में भैंस व बछड़े ठूस कर भरे हुए थे। पशुओं की हालत देख हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कैंटर कब्जे में लेते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया।

मामला गुन्नौर कस्बे के नेहरू चौक का है। कैला देवी थाना क्षेत्र के भमौरी पट्टी निवासी नीरज कुमार और मिलक सौंधन निवासी चुनमुन गुन्नौर में नेहरू चौक पर चाय पी रहे थे। तभी कस्बे की ओर से आयशर कैंटर यूपी 24टी-5467 आकर रुका। कैंटर में पशुओं को ठूंस कर भरा गया था। कैंटर में आठ भैंस और एक बछड़ा था। इनमें एक भैंस मरणासन्न हालत में थी। पशुओं की हालत देख हिंदूवादी कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे और कैंटर को रोक लिया। पुलिस को सूचना दी गई।

इस दौरान नेहरू चौक पर काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कस्बे के मुहल्ला इटाली निवासी शाहिद पुत्र भूरे और गांव हीरापुर निवासी फहीम पुत्र सगीर को हिरासत में लिया है। नीरज कुमार की तहरीर पर दोनों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। पुलिस ने मवेशियों को मुक्त कराया।

## प्रतिबंधित पशु वध का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मिया सराय निवासी रिजवान प्रतिबंधित पशु व करने के मामले में फरार चल रहा था। जबकि गुरुवार की देर रात रिजवान के दो साथियों को मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए मुहल्ला सैफ खां सराय निवासी शाहनवाज व आदिल बख्तियार को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के डर से रिजवान सोमवार को कहीं जाने के लिए संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्थित चंदौसी बाईपास के किनारे बने यात्री शेड पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रिजवान को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि रिजवान, शाहनवाज और आदिल बख्तियार 19 अप्रैल की रात गांव बेगमपुर में मेंथा फैक्ट्री पर बंधे प्रतिबंधित पशु का वध करने के बाद अवशेष मौके पर ही छोड़कर बेचने के लिए मांस लेकर फरार हो गए थे।

# दिव्यांगों ने जगाई मतदान की अलख

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के बैनर तले दिव्यांगों ने रैली निकाली। दिव्यांगों ने नारे लगाकर लोगों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। मुख्य मार्ग से निकली रैली के दौरान सुरक्षा के इंतजाम रहे।

नई तहसील कार्यालय से राष्ट्रीय विकलांग एवं महिला सशक्तिकरण विकास फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम ने हरी झंडी दिखाकर रैली का आरंभ किया। रैली मुरादाबाद मार्ग से होकर एसडीएम कार्यालय, चंदौसी चौराहा, यशोदा चौराहा, हल्लू सराय, मुहल्ला नाला से होकर चौधरी सराय पहुंची और वहां फिर से वापस होकर नई तहसील कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस बीच दिव्यांगों ने स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। कहा गया कि मतदान के प्रति खुद जागरूक रहते हुए दूसरों को भी प्रेरित करने का काम किया जाए। रैली के दौरान सुरक्षा में पुलिस भी मुस्तैद दिखाई दी। इस दौरान नत्थू सिंह, अली वारिस, अलाउद्दीन, विमला वती, आरिफ, अनीस, आसिफ, छोटे, विपिन कुमार, अनिकेत, कमल सिंह, इंतजार हुसैन, कासिम अली, मुशाहिद हुसैन आदि रहे।


मतदाता जागरूकता रैली निकालते दिव्यांग। ● अमृत विचार

- नई तहसील से निकाली गई रैली में शामिल हुए दिव्यांग
- नारे लगाकर लोगों को दिया शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश

## सार-संक्षेप

### बच्चों की माताओं ने फैंसी ड्रेस शो में लिया हिस्सा

**संभल अमृत विचार :** बाल विद्या मंदिर स्कूल (फाउंडेशन स्टेज) में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा नर्सरी और यूकेजी के बच्चों की माताओं को बुलाया गया। माताओं ने फैंसी ड्रेस शो और अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया। बच्चों के साथ कैटवॉक करते उपहार प्राप्त किए। कक्षा नर्सरी की ओर से मिता और साक्षी भंडूला प्रथम स्थान पर रहीं। यूकेजी की ओर से फरहा, लक्ष्मी शुक्ला, शिवानी मदान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेडमिस्ट्रेस पल्लवी रस्तोगी ने माताओं का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयास की सराहना की।


कथा के समापन पर यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हवन में आहुतियां देकर की विश्व कल्याण की कामना

**संभल, अमृत विचार :** श्रीमद भागवत चरित्र सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन के बाद सोमवार को हुए हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देते हुए विश्व कल्याण और सुख समृद्धि के लिए कामना की। हवन के बाद भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर में यशोदा चौराहा के पास स्थित आरके पैलेस में 22 अप्रैल से शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य गोपाल भैया ने विभिन्न प्रसंग सुनाए और 28 अप्रैल को कथा का समापन हुआ। सोमवार को सुबह कथा स्थल पर हवन का आयोजन हुआ। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने मंत्रों के साथ आहुतियां दी। इसके बाद हुए भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा दोपहर बाद तक चला। इस दौरान विकास गुप्ता, वीरेंद्र रस्तोगी एडवोकेट, कपिल सिंघल, सत्येंद्र गुप्ता, उमेश चंद्र भटनागर, अवनीश गुप्ता, राहुल गुप्ता, विनोद कुमार अग्रवाल, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।


चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डाक्टर। ● अमृत विचार

### जांच से सामने आईं वाहन चालकों की बीमारियां

**संभल, अमृत विचार :** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग की ओर से नई तहसील सभागार में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें 86 व्यवसायिक वाहन चालकों एवं परिचालकों की आंखों और स्वास्थ्य की जांच की गई। 78 चालक और परिचालक फिट पाए गए जबकि तीन परिचालकों की आंखों में समस्या होने की बात सामने आई पांच चालकों को बीपी की समस्या रही। चालकों को उपचार कराने के लिए कहा गया। शिविर में एआरटीओ प्रशासन डॉ. पीके सरोज, नेत्र परीक्षण अधिकारी धर्मेंद्र भास्कर, डॉ. सतीश कुमार, फार्मेसिस्ट सचिन यादव के अलावा शानू अंसारी, शशांक कुमार शर्मा, गौरव कुमार आदि मौजूद रहे।

### बदायूं रोड पर मिला शव मिलक के रोहित का था

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड पर 18 अप्रैल को मिले युवक के शव की शिनाख्त 12 दिन बाद परिजनों ने कपड़े देखकर की। युवक दिल्ली में कार्य करता था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। मृतक युवक जनपद रामपुर के थाना मिलक का निवासी था। जनपद रामपुर के थाना मिलक क्षेत्र के गांव भैसोडी गांव निवासी रोहित कुमार 23 वर्ष दयाराम दिल्ली में रहकर कार्य करता है। युवक 17 अप्रैल को बरेली जनपद के थाना आंवला में अपने दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने आया था। मगर वापस दिल्ली नहीं लौटा। जिससे परिजनों ने युवक की खोजबीन शुरू कर दी। परिजन इधर-उधर युवक की तलाश कर रहे थे। तभी जानकारी हुई कि बदायूं रोड पर 18 अप्रैल को हादसा में एक युवक की मौत हुई थी। तभी मृतक के बहनोई इंद्रजीत व फूफा हरिशंकर कोतवाली पहुंचे और मृतक के फोटो देने के बाद कपड़ों आदि की बारे में बताया। मृतक के शरीर पर मिले कपड़े व हुलिए से मृतक की शिनाख्त रोहित के रूप में हुई। बहनोई इंद्रजीत ने बताया कि रोहित 17 अप्रैल को शादी समारोह में शामिल होने जनपद बरेली के थाना आंवला आया था। वापस घर नहीं पहुंचने पर थाना आंवला में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान नहीं होने पर 22 अप्रैल को शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मचा है।

### सड़क हादसे में महिला सहित पांच घायल

**बबराला, अमृत विचार :** आगरा- मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर बबराला गुन्नौर के बीच सोमवार देर रात बुग्घी और टेंपो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक महिला और छोटा हाथी चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। बदायूं जिले के दातागंज एरिया के सैंजनी निवासी रूप राम, अनीता आदि छोटा हाथी (वाहन) से दिल्ली जा रहे थे। छोटा हाथी बबराला निवासी सोनू चला रहा था। सोमवार रात करीब नौ बजे बबराला की तरफ से आ रही बुग्घी से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि छोटा हाथी पलट गया। जिससे यात्रियों की चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर राहगीर मौके पर पहुंच गए। दुर्घटना में छोटा हाथी में सवार रूपराम, महिला अनीता, ड्राइवर सोनू और बुग्घी में सवार रोशन अली व उसका बेटा इसरार घायल हो गये। रोशन अली रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव ब्यौरा से गेहूं की फसल की निकासी करने गुन्नौर आ रहे थे। सभी को सीएचसी गुन्नौर में भर्ती कराया गया।

# 310 हज यात्रियों का टीकाकरण

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम मैंथा मंडी में केंद्र सरकार, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश हज कमेटी, स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण शिविर लगा। शिविर में 310 हज यात्रियों को टीका लगाया गया और हज को लेकर तरीके भी समझाए।

मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में टीकाकरण कैंप की शुरूआत कुराने पाक की तिलावत से हुई। तकी अशरफ एडवोकेट ने नाते पाक पढ़ी। हज ट्रेनर कारी वसी अशरफ ने हज यात्रियों को हज के मसाइल स्क्रीन के जरिए बताए। कुछ तरीके करके दिखाए और हज जायरीनों के सवालों के जवाब दिए। कहा कि जरूरत पड़ने पर मदरसा, घर आकर या मोबाइल पर संपर्क किया जा सकता है। जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने कहा कि हज जायरीनों के लिए हज सुविधा ऐप भी है। जिसे अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लें। इसके बाद डॉ. नीरज शर्मा के साथ डॉक्टरों की टीम मदरसा पहुंची तो स्वागत किया गया। पहला टीका डॉ.नीरज शर्मा ने लगाया। फिर डॉक्टरों ने जिले के 310 हज जायरीनों का टीकाकरण किया। मुरादाबाद से आये बैंक मैनेजर ने भारतीय करेंसी को सऊदी करेंसी (रियाल) में चेंज करने के लिए फॉर्म दिए और कहा कि फार्म भरकर दीजिए। दो दिन बाद रियाल मिल जाएंगे। हाजी नदीम, तकी अशरफ एडवोकेट, कासिम जहीर, नकी अशरफ, अली अशरफ ने शिविर की जिम्मेदारी संभालते हुए डॉक्टरों का सहयोग किया। इस दौरान मुफ्ती आलम रजा नूरी, मुफ्ती हसीब अख्तर, मौलाना शमशाद, कारी शाहिद, कारी सरताज आदि रहे।


हज यात्रियों का टीकाकरण करते डॉक्टर नीरज शर्मा व उनकी टीम। ● अमृत विचार

- मदरसे में लगा टीकाकरण शिविर तो उमड़े हज जायरीन

## बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, दो लोग घायल

**संभल, अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद को लेकर हुई मारपीट में खेत पर जा रहे चाचा भतीजा घायल हो गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने घायल चाचा भतीजे का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर खानपुर निवासी राजपाल के बच्चों का रविवार को अपने पड़ोसियों के बच्चों से खेल खेल में विवाद हो गया। शाम छह बजे राजपाल किसी काम से खेत पर जा रहा था। आरोप है कि पड़ोसी ने अपने बेटों के साथ मिलकर राजपाल को रास्ते में रोक लिया लिया और लाठी डंडों से मारपीट करने लगा।

सूचना मिलने पर राजपाल को बचाने उसका भतीजा मौके पर पहुंचा तो पड़ोसियों ने उसके साथ भी मारपीट की और धमकी देते हुए भाग गए। मारपीट की वजह से राजपाल व उसका भतीजा चोटिल हो गए।

# ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल के निजी अस्पताल में कर्मचारी था राजू

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार निजी अस्पताल के कर्मचारी को टक्कर मार दी। जिससे कर्मचारी की मौत हो गई।



थाना क्षेत्र के गांव छछैरा निवासी राजू (38 वर्ष) पुत्र लीलाधर संभल में चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में कर्मचारी था। सोमवार को रात करीब आठ बजे राजू बाइक से अस्पताल आने के लिए रवाना हुआ। जैसे ही वह भवानीपुर पुल के पास पहुंचा तो सामने से निकल रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे राजू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर भाग गया। राजू तीन भाइयों में सबसे छोटा था। राजू की मौत से पत्नी और दो बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### एक घंटे बाद हुई शव की शिनाख्त

**संभल, अमृत विचार :** जिस वक्त ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार राजू को टक्कर मारी तो छछैरा का ही एक ग्रामीण आसपास था। वह दौड़कर मौके पर पहुंचा लेकिन टक्कर के कारण राजू का शव क्षत विक्षत होने की वजह से पहचान नहीं हो सकी। मौके पर ग्रामीण जुटे तो वह ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गया जिसकी बाइक लेकर राजू आया था। ग्रामीण के बताने पर राजू के शव की शिनाख्त हो सकी।


धनारी के मतदान केंद्र पर महिला से बात करतीं पुलिस चुनाव प्रेक्षक। ● अमृत विचार

# पुलिस प्रेक्षक ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण

संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार :** पुलिस प्रेक्षक बदायूं डॉ. प्रियंका नारनवरे ने सोमवार को धनारी थाना क्षेत्र के गांव भागनगर, भिरावटी के मतदान बूथों का निरीक्षण किया।

इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक कुमार सिद्धू, थाना प्रभारी नरेश कुमार आदि मौजूद रहे। पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि मतदाता बेखौफ होकर अपने मत का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचें ऐसे इंतजाम किये जायें। वहीं पुलिस ने धनारी क्षेत्र में किया पैदल मार्च लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने धनारी क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला। लोगों से अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। सोमवार को पंजाब पुलिस व थाना प्रभारी नरेश कुमार ने पुलिस बल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

लापरवाही — तिराहों और चौराहों समेत आवास विकास में पालिका के करीब दर्जनभर पार्क खराब हालत में

# देखरेख के अभाव में बदहाल हो रहे शहर के पार्क

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पालिका ने शहर के सुंदरीकरण के लिए दर्जनभर से अधिक पार्कों का निर्माण कराया था। जिसकी देखरेख का जिम्मा नगर पालिका का है। मगर देखरेख के अभाव व आसपास के लोगों के व्यवहार से पार्कों का अस्तित्व ही खत्म होता जा रहा है। जिससे पार्क खंडहरनुमा होते जा रहे हैं। पार्कों में कूड़ा, मलबा डालने के साथ गाड़ी खड़ी करने व कपड़े सुखाने का काम लिया जा रहा है।

नगर पालिका ने शहर के साथ-साथ आवास विकास कॉलोनी में दर्जनभर से अधिक पार्कों का निर्माण कराया था। ताकि शहर की सुंदरता को बढ़ाया जा सके। इन पार्कों में बच्चों के झूलने के लिए झूले, बैठने के लिए बैंच व पौधे लगवाए गए थे। मगर धीरे-धीरे देखरेख के अभाव के चलते पार्कों की दुर्दशा होती चली गई। अब पार्क केवल नाम के रह गए हैं।

आवास विकास स्थित पार्कों का अस्तित्व आसपास के लोगों ने ही खत्म कर दिया है। लोग इनमें अपने घरेलू सामान, घरों से निकलने वाला मलबा, चौपहिया वाहन, कपड़े सुखाने के कार्यों में ले रहे हैं। पार्कों की बाउंड्रीवाल तक टूटी हुई है। जिससे छुट्टा पशु भी इन पार्कों में आराम करते नजर आते हैं। इसके अलावा शहर में बने पार्कों को लोगों ने अपने निजी इस्तेमाल में रखना शुरू कर दिया है।

नगर पालिका ने जिस उद्देश्य से पार्कों का निर्माण कराया था, वह उद्देश्य पूरी तरह खत्म हो चुका है। आमतौर पर पार्कों में लोग सुबह व शाम को बैठने के लिए पहुंचते है, तो बच्चे खेलने के लिए। मगर यहां ऐसा नहीं होता।

पूर्व में पार्क व्यवस्थित थे और उनका प्रयोग हो रहा था। लेकिन अब बदहाल हैं। ऐसा नहीं है, कि जनप्रतिनिधियों की नजर उन पर नहीं पड़ती, लेकिन कोई भी पार्कों में सुधार को लेकर आगे नहीं आ रहा।


चन्दौसी के आवास विकास में बदहाली बयां कर रहा पार्क।


पार्क में टूटे झूले व पड़ा मलबा। ● अमृत विचार

- झूले और बाउंड्री वॉल टूटी, हरियाली गायब, पार्कों में डाला जा रहा मलबा

## एक नजर

### सेल्समैन के रुपये चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** अमरोहा के कस्बा जोया के मुहल्ला मुंशियान निवासी नितिन ने जनवरी माह में कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला में स्थित दुकान के बाहर खड़ी सेल्समैन की बाइक पर रखे थैले से रुपये चोरी किए थे। सेल्समैन ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को नितिन अलीगढ़ बस स्टैंड के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नितिन से पूछताछ की तो उसने सेल्समैन के रुपये चोरी करने की बात कबूल की। तलाशी लेने पर पुलिस को नितिन के पास 2200 रुपये की नकदी बरामद हुई।

### 60 किग्रा डोडा छिलका बरामद, दो गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान पुलिस ने 60 किग्रा डोडा छिलका के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली सहसवान पुलिस सोमवार को क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। मीरा साहब रोड से दिल्ली राजमार्ग जाने वाले मार्ग पर कब्रिस्तान के पास दो युवकों को रोका। इनके पास से डोडा छिलका बरामद हुआ।

# गैरहाजिर 115 मतदान कर्मियों पर होगी कार्रवाई

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर किया निरीक्षण, मतदान कर्मियों को दिए टिप्स

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** प्रशिक्षण से गैर हाजिर 115 मतदान कर्मियों के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीडीओ तथा बीएसए को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को मतदान के बारे में जानकारी दी गई। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण कर मतदान कार्मियों से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया।

एंग्लो वैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रशिक्षण के तीसरे दिन भी कर्मियों की अनुपस्थित जारी रही। तीसरे दिन 46 मतदान कार्मियों दोनों पलियो में गैरहाजिर रहे। अब तक 115 मतदान कर्मी गैर हाजिर रह चुके हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने गैर हाजिर रहने वाले मतदान कर्मियों के लिए पहले दिन से ही कार्रवाई की चेतावनी दी। कुछ मतदान कर्मियों का बीएसए ने एक दिन का वेतन भी रोका था। लेकिन वह चुनाव ड्यूटी में सम्मिलित होने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। उन्हें इस बात का कोई डर नहीं है कि उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो जाएगी। अब जिला निर्वाचन अधिकारी में कड़ा रुख अपनाते हुए गैर हाजिर मतदान कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।



मतदान कर्मियों से मुखातिब जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल व अन्य।

### प्रशिक्षण में दी गईं महत्वपूर्ण जानकारियां

**बहजोई, अमृत विचार :** एंग्लोवैदिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो पालियों में 1520 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर्स ने जहां ईवीएम के बारे में तकनीकी जानकारी दी तो निर्वाचन आयोग के नियमों के बारे में रूबरू कराया। मास्टर ट्रेनर ने कहा कि जो भी बात समझ में नहीं आ रही है् उसे अवश्य पूछ लें। मतदान के दिन कोई ऐसी समस्या सामने न आए जिससे मतदान प्रभावित हो या फिर देरी से प्रारंभ हो।

# पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पर करें व्यवस्थाओं को चाक चौबंद

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टी की रवानगी से लेकर मतदेय स्थलों पर पहुंचने तक को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने तैयारियां की समीक्षा की। रवानगी स्थल पर ड्यूटी वितरण करने को लेकर विधानसभा वार व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने अधिकारियों से पोलिंग पार्टी मतदान स्थलों पर रवाना करने को लेकर अब तक की गई तैयारी की विस्तार से समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीडीओ से कहा कि विधानसभा वार ड्यूटी लगाकर जिम्मेदारी तय की जाए। विधानसभा ड्यूटी कोडिंग एवं माइक्रो ऑब्जेक्ट के संबंध में भी सीडीओ को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को बुलाया जाए। पार्टी रवानगी से संबंधित वाहनों को लेकर जिला विकास अधिकारी जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय जीएमडीआईसी को निर्देश दिए।

कहा कि वाहनों को विधानसभा वार व्यवस्थित रूप से पार्क कराया जाए। एआरटीओ से कहा कि पोलिंग पार्टी लेकर जाने वाले वाहनों में जीपीएस सिस्टम की कार्रवाई प्रत्येक दशा में की जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, सीडीओ भरत कुमार मिश्रा, एएसपी अनुकृति शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### पोल पर चढ़ा लाइनमैन करंट से झुलसा

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली के निकट जनपद मुरादाबाद के बिलारी क्षेत्र के गांव सैरिया भूड़ी के जंगल में लाइन जोड़ने के लिए हाईटेंशन लाइन के पोल पर चढ़ा प्राइवेट लाइनमैन करंट लगने से झुलस गया और नीचे आकर गिरा। गंभीर हालत में लाइनमैन को मुरादाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार बताया जा रहा है। गांव अकरौली निवासी डालचंद पुत्र मान सिंह तीन-चार माह से बिलारी निवासी प्राइवेट लाइनमैन महेंद्र सिंह के साथ लाइनमैन का काम करता है। रविवार को डालचंद गांव अकरौली के निकट बिलारी के गांव सैरिया भूड़ी के जंगल में हाईटेंशन लाइन का तार जोड़ने गया था। वह तार जोड़ने के लिए पोल पर चढ़ गया। उसी समय अचानक लाइन चालू हो गई। जिससे करंट की चपेट में आकर डालचंद बुरी तरह झुलस गया और पोल से नीचे आ गिरा। साथी कर्मचारियों ने आनन-फानन में लाइन बंद कराई और मुरादाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। हालत में सुधार बताया जा रहा है।




चन्दौसी में मतदान करने का संकल्प लेती महिलाएं। ● अमृत विचार

### मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने का लिया संकल्प

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री चित्रगुप्त सभा महिला मोर्चा की एक बैठक जवाहर रोड स्थित मंदिर परिसर में संपन्न हुई। जिसमें सात मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने और करीबियों व पड़ोसियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। मतदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में मतदान कर जीत दिलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नेहा राणा, राखी सिरोही, संगीता सक्सैना, वंदना आर्य, मोक्षीका शर्मा, दीप शिखा सक्सैना, रेखा सक्सैना, विनीता, श्वेता, नैना, शिवानी, ज्योति, सीमा, रचना, राजेश सक्सैना, मधु, वीना जौहरी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।




चन्दौसी में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से पक्का कटरा स्थित विपलेश्वर महादेव मंदिर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित अंशुमान उपाध्याय ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके बाद केजी शर्मा, विशाल शर्मा, प्रमोद सक्सेना, मौसम गुप्ता, ज्ञानेंद्र वार्ष्णेय, रविशंकर शर्मा, प्रतीक शर्मा, नवनीत सक्सेना, गणेश वार्ष्णेय, गौरव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। इसके अलावा केजी शर्मा ने सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, नितिन शर्मा मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, राम आएंगे आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान अमन वार्ष्णेय, चिराग वार्ष्णेय, जेएन मिश्रा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, राकेश चौबे, बृजेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जियाउर्रहमान बर्क बोले, जाया न जाए अतीक व मुख्तार की कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता,संभल



- भाषण को लेकर एफएसटी टीम प्रभारी ने सपा प्रत्याशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई
- जियाउर्रहमान के भाषण का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण के मतदान का समय नजदीक आने के साथ ही प्रत्याशी माहौल बनाने के लिए तीखे बोल बोलने से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। संभल में सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने चुनावी सभा में अतीक, मुख़्तार,शाहबुद्दीन व आजम खां का जिक्र करते हुए कहा कि इनकी कुर्बानी को जाया नहीं होने देना। इस भाषण को लेकर एफएसटी टीम प्रभारी ने जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संभल लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने रविवार की रात को एक चुनावी सभा को संबोधित किया था। इस सभा में जियाउर्रहमान द्वारा दिये गये भाषण का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जियाउर्रहमान ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार के जुल्म का जिक्र करते हुए लोगों को कसम दिलाकर कहा कि अतीक, मुख़्तार,शाहबुद्दीन व आजम खां की कुर्बानी को जाया मत जाने देना। भारतीय जनता पार्टी की सरकार को उखाड़ फेंकना। यह भी कहा कि तीन दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिलारी में जनसभा करने आए तो वहां बुलडोजर दिखाकर लोगों को डराने का काम किया गया। इस भाषण का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया। एफएसटी टीम प्रभारी हरिशंकर प्रसाद ने कोतवाली में जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दर्ज रिपोर्ट में कहा गया कि सपा प्रत्याशी ने बिना अनुमति चुनावी सभा कर अपने संबोधन में दुर्दांत अपराधियों को नायक के रूप में प्रस्तुत किया। इस कृत्य से लोक शांति में विघ्न पड़ना संभावित है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## एसपी ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

**बबराला, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में सोमवार को नगर में पैदल मार्च निकाला गया। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए पुलिस, आईटीबीपी और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीमों ने संयुक्त रूप से पैदल किया।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस, आइटीबीपी और पंजाब पुलिस के जवानों के साथ मिलकर ग्रामीण व नगर क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला गया। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों में विश्वास दिलाना है कि पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स की टीम आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। पैदल मार्च के जरिये ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया गया।

# पुलिस ने 120 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोग दबोचे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नरौली चौकी पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 120 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। रविवार की देर शाम कस्बा पुलिस चौकी के उप निरीक्षक आकाश कुमार ने गांव मौहम्मदपुर बाबई के निकट युवक को दो कैन के साथ पकड़ा। उस कैन को चैक किया तो उसमें 80 लीटर कच्ची शराब थी। पकड़े गए युवक ने अपना नाम नरेश कुमार पुत्र फकीरी गांव बेहटा साहू बताया। उधर देहात पुलिस चौकी पर दीपक भाटी ने बताया कि सूचना पर मोहम्मद गंज वाले रास्ते से 40 लीटर कच्ची शराब के साथ आरिफ पुत्र कय्यूम निवासी गांव मोहम्मद गंज थाना बनियाठेर को पकड़ा है।

### 105 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** अवैध शराब बेचने जाते अलग अलग जगह से तीन लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 105 लीटर शराब बरामद की। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव मुजाहिदपुर निवासी वीरेंद्र प्लास्टिक की केन में 50 लीटर अवैध शराब बेचने के लिए गांव गंगहैटा के मोड़ पर खड़ा था। थाना क्षेत्र के गांव खानूपुरा निवासी शंकर सिंह 35 लीटर शराब के साथ गांव से कुछ ही दूरी पर कच्चे रास्ते पर जा रहा था। पुलिस ने दोनों के पास से 85 लीटर अवैध शराब बरामद कर वीरेंद्र व शंकर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मुहल्ला बढ़ई वाली बस्ती निवासी लोकेश को 20 लीटर अवैध शराब के साथ मुहल्ला गद्दी चौराहा के पास खड़ा था। पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब बरामद कर लोकेश को दबोच लिया।



चन्दौसी के रेलवे स्टेशन पर पार्किंग का निर्माण करते मजदूर। ● अमृत विचार

# रेलवे स्टेशन के बाहर तक पहुंचेंगे चौपहिया वाहन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अमृत योजना के तहत किया जा रहा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

**अमृत विचार:** अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। जिसके तहत आने वाले समय में यात्रियों को अनेक सुविधाएं मिलेंगी। मुरादाबाद की तर्ज पर यहां भी रेलवे स्टेशन के बाहर तक चौपहिया वाहन से यात्रियों को छोड़ने जा सकेंगे। इसको लेकर कार्य तेजी से किया जा रहा है।

कायाकल्प के बाद आने वाले समय में रेलवे स्टेशन का स्वरूप ही बदल जाएगा। अब रेलवे स्टेशन पर चौपहिया वाहन पहुंचने की व्यवस्था को लेकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। एक ओर से चौपहिया वाहन पहुंचेंगे तो दूसरी ओर से बाहर निकल जाएंगे।

वहीं रेलवे स्टेशन परिसर में दूसरे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य भी आरंभ करा दिया गया है। अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का स्वरूप ही बदल जाएगा।

## जीआरपी के सीओ ने स्टेशन का किया निरीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को जीआरपी के सीओ ने रेलवे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें जीआरपी सिपाहियों से बातचीत कर ड्यूटी में सतर्कता बढ़ाने की बात कही और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को मुरादाबाद जीआरपी के सीओ देवी दयाल रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां थाना प्रभारी बलदेव सिंह पुनिया ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीओ ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। बताया कि जनपद संभल में सात मई को मतदान होना है। इसके लिए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बढ़ा दी जाए। संदिग्ध लगने पर यात्रियों के सामान व उनकी तलाशी ली जाए। स्टेशन पर किसी भी दशा में शरारती तत्व की आवाजाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जीआरपी सिपाहियों से वार्ता कर मुस्तैदी से ड्यूटी करने की बात कही।

# गुलडेहरा व गैस गोदाम रोड के लोगों को भी है सड़क निर्माण की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर पालिका की ओर से शहर में सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मगर पिछले चार वर्षों से जर्जर गुलडेहरा व गैस गोदाम रोड का निर्माण कार्य नहीं होने से लोगों में रोष है। उक्त मार्ग को लोग मिनी बाईपास भी कहते हैं।इन मार्गों पर आवागमन ज्यादा बना रहता है। लोगों ने नगर पालिका से शीघ्र ही उक्त मार्गों का निर्माण कराने की मांग की है।

नगर पालिका की ओर से शहर में स्टेशन रोड, मुंसिफ रोड, रामस्वरूप रोड, जारई गेट, सीकरी गेट आदि सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें कुछ सड़कों का निर्माण हो चुका है। मगर गुलडेहरा व गैस गोदाम रोड ज्यादा जर्जर बना हुआ है। लोगों को उम्मीद है कि शायद गुलडेहरा और गैस गोदाम रोड के दिन भी बहुर जाएं। इन दोनों मार्गों पर बनी सड़कों का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है। नीचे से रोड़े निकल आए और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे लोगों का चलना मुश्किल बना हुआ है। आए दिन इन मार्गों पर हादसे होते रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों व महिलाओं को उठानी पड़ रही है। साइकिल सवार स्कूली बच्चे अक्सर आवागमन के दौरान गिरकर चुटैल तक हो जाते हैं। लोगों ने नगर पालिका से उक्त सड़कों का निर्माण कराने की मांग की है।



जर्जर गैस गोदाम रोड से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

- सीता रोड से बहजोई रोड पर जाने के लिए मिनी बाईपास है ये मार्ग
- जर्जर सड़कों पर आवागमन के दौरान होते रहते हैं हादसे

### श्रीराम की बाल लीलाओं को सुन श्रद्धालु भाव विभोर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के रघुनाथ आश्रम स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पंचम दिवस पर सोमवार को कथा वाचक वीरेश रामायणी ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्रीराम के उद्घोष भी गूंजते रहे। कथा वाचक ने कहा कि भगवान श्रीराम के जन्म के उपरांत सारी अयोध्या नगरी में मंगलगान होने लगे और घर-घर बधाइयां बजने लगीं। देवता भी पुष्प वर्षा करते हुए बधाइयां देने लगे। आदिदेव भगवान शंकर भी श्रीराम लल्ला के दर्शन करने के लिए अयोध्या पधारे। श्रीराम के बचपन की अद्भुत कथा सुनाते हुए कथा वाचक ने बताया कि एक बार श्रीराम अपनी माता कौशल्या से चंद्रमा मांगने लगते हैं। राम लल्ला अपने सभी भाइयों के साथ सरयू के तट पर खेलते हैं। प्रभु श्रीराम बड़े हुए तो अपने भाइयों के साथ विद्या अध्ययन के लिए गुरु वशिष्ट जी के आश्रम में गए। गुरु गृह गए पढ़न रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने के लिए प्रभु श्रीराम पिता दशरथ की आज्ञा पर उनके साथ गए। मार्ग में ताड़का का उद्धार किया। मारीच और सुबाहु का उद्धार किया। महर्षि विश्वामित्र के साथ जनकपुर जाते समय मार्ग में पतित पावन श्रीराम ने अहिल्या का उद्धार किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार सर्राफ, मंजू लता अग्रवाल, विपिन चीनी वाले, वीरेंद्र कुमार, उमेश, हरिशंकर, हरिओम अग्रवाल, शरद, रमेश अधीर, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप बर्तन वाले, ओम प्रकाश गोगी आदि रहे।



कथा वाचक वीरेश रामायणी।

**लोकसभा चुनाव** — क्षेत्र के मतदाता चाहते हैं क्षेत्र का विकास करने वाला हो सांसद

# असमोली को तहसील का दर्जा दिलाने का मुद्दा उठा रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** बेशक संभल जिले का गठन हुए 13 साल हो गए हैं, लेकिन जनपद बनने के बाद से विधानसभा क्षेत्र असमोली उपेक्षित हो गया है। असमोली से जनपद मुख्यालय बहजोई काफी दूर है तो यहां तक पहुंचने के लिए पर्याप्त संसाधन भी नहीं हैं।
आज तक असमोली से रोडवेज बस का संचालन भी जिला मुख्यालय तक नहीं हो सका है। लोगों बाइक से ही जिला मुख्यालय की दौड़ लगाते हैं। हालांकि असमोली क्षेत्र के लोग काफी समय से तहसील का दर्जा दिलाने की मांग उठा रहे हैं लेकिन यह भी पूरी नहीं हो सकी है। अब लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान की तिथि नजदीक आ रही है तो लोगों ने एक बार फिर से असमोली को तहसील बनाये जाने का मुद्दा उठाया है। लोगों का कहना है कि असमोली को तहसील का दर्जा मिलेगा तो जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी और क्षेत्र का विकास भी होगा। इसके अलावा गांव असगरीपुर में बजट के अभाव में अधूरे पड़े राजकीय पॉलीटेक्निक भवन का मुद्दा भी उठ रहा है। निर्माण पूरा होने से पहले ही देखरेख के अभाव में भवन जर्जर हो चुका है। राजकीय पॉलीटेक्निक भवन नहीं बनने से क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

अमृत विचार ने जब लोगों से सांसद को लेकर बातचीत की तो कहा कि असमोली को तहसील का दर्जा और राजकीय पॉलीटेक्निक का निर्माण पूरा कराने के मुद्दे बड़े हैं। सांसद ऐसा होना चाहिए जो इन मुद्दों का हल कराते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने का काम करे।



सांसद ऐसा हो जो जनसमस्याओं को सुनकर समाधान कराए। पालियर्मिंट तक लोगों की बात पहुंचाने का काम करे। राष्ट्र स्तर तक सदन में अपनी बात रखे। राष्ट्र के लिए बनने वाले कानून और पॉलिसी में बड़ा योगदान दे पाए।
**-अतहर चौधरी,** मनोटा



इस बार ऐसे सांसद को चुनेंगे जो पढ़ा लिखा होगा और क्षेत्र में रहकर विकास कार्य कराने वाला हो। जनता की समस्याओं को दूर किया जाएगा तो क्षेत्र भी प्रगति के मार्ग पर बढ़ेगा। असमोली को तहसील का दर्जा दिलाने का काम होना चाहिए।
**-मोहम्मद सालिम,** ओबरी



संसदीय क्षेत्र का ऐसा जनप्रतिनिधि होना चाहिए जो दोनों वर्गों को समान समझे और भेदभाव न करें। सभी को बराबरी का दर्जा देते हुए असमोली क्षेत्र के विकास पर ध्यान देने का काम करे। अधूरे निर्माण कार्य पूरे हों तो स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाए।
**-मोहम्मद हारून,** मतावली पट्टी जग्गू



सांसद की विचारधारा अच्छी होनी चाहिए। जातिवाद नहीं होना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देते हुए विकास कराने वाला सांसद होना चाहिए। असमोली को तहसील का दर्जा दिलाने का काम किया जाए।
**-मंयक अली मौज,** मतावली पट्टी जग्गू

# व्यापारियों की समस्या का निदान करने वाला हो सांसद

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- ओवरब्रिज निर्माण पूरा कराने के साथ क्षेत्र के विकास की भी बात कही व्यापारियों ने

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां तेजी पकड़ रही हैं। संभल में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

जहां एक ओर राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए प्रयासरत हैं। वहीं जनता जनार्दन भी प्रत्याशियों के समक्ष अपने मुद्दे उठाने से नहीं चूक रही। व्यापारी प्रत्याशियों के समक्ष शहर की अहम समस्या रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण पूरा कराने की मांग कर रहे हैं।

शहर के व्यापारियों का कहना है कि मंडी समिति के निकट रेलवे क्रासिंग 36बी पर बनने वाला ओवरब्रिज जल्द बने।

सांसद ऐसा हो कि जो ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा कराए। व्यापार विकास के साथ अपनी सुरक्षा भी चाहते हैं।



मंडी समिति के व्यापारी और वहां आने वाले किसानों को रेलवे फाटक बंद होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा सांसद होना चाहिए जो ओवरब्रिज निर्माण पूरा करा दे।
**-गोविंद गर्ग,** व्यापारी



ओवरब्रिज निर्माण की मांग पिछले दस वर्ष से हो रही है। जिसमें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल समेत सभी व्यापारिक व किसान संगठनों की आंदोलनात्मक भूमिका रही है। अब ओवरब्रिज के निर्माण को हरी झंडी मिल गई है, लेकिन निर्माण नहीं हो सका है।
**-प्रेम ग्रोवर,** व्यापारी

## रंजिश में 3 महिलाओं को मारपीट कर किया घायल

**गुन्नौर अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव जाफरपुर में पुरानी रंजिश को लेकर लोगों ने घर में घुसकर तीन महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गांव जाफरपुर निवासी टीटू पुत्र महेश ने थाने में तहरीर देकर कहा कि गांव के ही कुछ लोगों से उसकी और उसके परिजनों की पुरानी रंजिश चल रही है। सोमवार की दोपहर करीब दो बजे कुछ लोग घर में लाठी-डंडे लेकर घुस आए। जिन्होंने घर में घुसते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी मां शीला देवी, चाची रजनी और दादी अनारो देवी को हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित का कहना है कि ग्रामीणों को एकत्र होता देखकर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। जिसके बाद घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र रनजीत व उसकी पत्नी सुमन गलत संगत में पड़ गये हैं। पति-पत्नी मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ आये दिन झगड़ते रहते हैं। मैं स्वेच्छा से अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। दोनों के द्वारा किये गये लेन-देन व कुकृत्यों के वह स्वंय उत्तरदायी होगें। धर्मपाल सिंह पुत्र श्री सुखवा निवासी ग्राम खेमपुर सैफुल्लापुर निवासी (मिलक) तह० व थाना कांठ, जि० मुरादाबाद।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र इमरान व उसकी पत्नी हसीन जहाँ हाल निवासी महमूदपुर माफी तह० व थाना कांठ बुरी संगत में पड़ गये हैं। जो मेरे व मेरे परिवार के साथ आये दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट करते रहते हैं। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधु को स्वेच्छा से चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। दोनों के द्वारा किये गये कुकृत्यों के वह स्वयं उत्तरदाई होगें। रजिया पत्नी शराफत निवासी ग्राम महमूदपुर माफी नई बस्ती, थाना व तह० कांठ, जि० मुरादाबाद।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने व मेरे परिवार ने मेरे पुत्र जुगेश व उसकी पत्नी मनीषा से उनके हमारे प्रति दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है एंव सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के यह स्वंय जिम्मेदार होंगे। राजवीर सिंह पुत्र सोदान सिंह निवासी ग्राम गौराशाहगढ़ थाना व तह० बिलारी, जिला मुरादाबाद।

# डीसीएम व थ्रेसर की भिड़ंत, दो मजदूरों की मौत

## किशनपुर चौराहे के पास हादसा, मृतक के परिजन को थप्पड़ मारने और आरोपी चालक को भगाने का आरोप

संवाददाता, हल्दौर

**अमृत विचार :** नूरपुर-बिजनौर हाईवे पर बाल किशनपुर चैराहे के पास सोमवार सुबह 10 बजे डीसीएम और ट्रैक्टर-थ्रेसर मशीन की भिड़ंत हो गई। इससे ट्रैक्टर-थ्रेसर पर सवार दो मजदूर की मौत हो गई जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने पुलिस पर मृतकों के परिजन को थप्पड़ मारने व आरोपी डीसीएम चालक को भगाने का आरोप लगाकर हंगामा किया।

इस दौरान चार घंटे तक मार्ग पर वाहनों का संचालन बाधित रहा। बताया गया कि गांव इस्सापुर उर्फ फडियापुर निवासी गजराज, अजय उर्फ नब्बू, नरेन्द्र, भागेश उर्फ सुशील, विशाल घायल हुए हैं। अमर सिंह (60) की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए बिजनौर भिजवाया। अमर सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय की मोर्चरी भेजा गया है। सभी लोग ट्रैक्टर-थ्रेसर से गेहूं गहाई करते हैं। सोमवार को भी गेंहू की गहाई करने जा रहे थे। जैसे ही इनका ट्रैक्टर बाल किशनपुर चौराहे से नूरपुर की ओर 100 मीटर दूर पहुंचा। तभी विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम चालक ने इनकी ट्रैक्टर-थ्रेसर को टक्कर मार दी।


परिजनों से बात करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**दुखद**
- हादसे में छह मजदूर घायल, गेहूं की गहाई करने जा रहे थे सभी
- गुस्साए परिजनों ने लगाया जाम चार घंटे के बाद सड़क से हटे

इससे ट्रैक्टर-थ्रेसर पर सवार 10 मजदूरों में से छह गंभीर घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान विशाल की भी मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में दादा-पोते थे। उधर, गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने हाईवे पर आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए जाम लगा दिया। घटना की सूचना के बाद सीओ सिटी संग्राम सिंह, सीओ धामपुर सर्वण सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी, थाना हीमपुर दीपा प्रभारी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हल्दौर थानाध्यक्ष पर मृतकों के एक परिजन को थप्पड़ मारने और मौके से आरोपी चालक को भगाने का आरोप लगाया है।

इस दौरान पुलिस को बाल किशनपुर चौराहे से वाहनों को बदले मार्ग से निकालना पड़ा। चार घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया और जाम खुलवाया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** हरेवली मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार अफजलगढ़ से सोमवार के बाजार में खरीदारी कर अपने गांव जा रहा था। शेरकोट क्षेत्र के गांव परमावाला निवासी विकास (21) पुत्र हुकुम सिंह व अभिषेक (20) पुत्र वीरेन्द्र सिंह बाइक पर सवार होकर अफजलगढ़ आए थे। देर शाम बाजार में खरीदारी करने के बाद वे दोनों वापस अपने गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हरेवली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में विकास की मौत हो गई जबकि अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस व राहगीरों ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना के बाद थानाध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा व कस्बा इंचार्ज सुमित राठी अफजलगढ़ सीएचसी पहुंचे। जहां उन्होंने घायल से घटना की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा रहा है। पुलिस ने कार व बाइक को कब्जे में ले लिया है।

## एक नजर

### बैंक्वेट हॉल में बराती घराती भिड़े, पांच घायल

**नहटौर, अमृत विचार :** नूरपुर मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बरातियों व घरातियों में मारपीट हो गई। इस दौरान महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। बरातियों की कार में तोड़फोड़ की गई। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया है। गांव बूढ़पुर की युवती की बरात हल्दौर क्षेत्र के गांव गंगौड़ा शेख से आई थी। शादी समारोह का कार्यक्रम नूरपुर मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल में चल रहा था। बताया कि मामूली बात को लेकर गाली-गलौज के बाद विवाद हो गया। विवाद में बरातियों व घरातियों के बीच मारपीट हो गई। इससे रोबिन कुमार, गजेंद्र सिंह, अमरजीत व महिला और बूढ़पुर का सुमित कुमार घायल हो गए।

### शादीशुदा बेटी को बरामद करने की मांग की

**नहटौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फुलसंदा निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादीशुदा पुत्री मायके में रह रही थी। गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया। उसने इस मामले में रिपोर्ट भी दर्ज कराई। लेकिन उसकी पुत्री की बरामदगी नहीं हो सकी है। वह करीब एक माह से थानें के चक्कर लगा रही है। लेकिन उसकी पुत्री का कोई पता नहीं लग रहा है। उसने पुलिस से शीघ्र ही पुत्री की बरामदगी की मांग की है।

### शिविर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** चैरिटेबल ब्लड सेंटर में रक्तदान महादान के सदस्य हाजी फहीम अख्तर की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका आरंभ बाइक राइडर्स मोहम्मद रिहान ने फीता काटकर किया। शिविर में 32 लोगों ने रक्तदान किया। रिहान ने कहा कि रक्तदान करना जरूरी है। सपा नेता फुरकान खान ने कहा कि सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर ईसा मालिक, राहुल कुमार, कामिल अंसारी, शजर तय्यब, अफजाल खान, जाहिद, सुलेमान खान, उस्मान कुरैशी, कामिल मालिक, शादाब मुल्तानी, शादाब अहमद, शाही अराफात सैफी, अब्दुल मलिक, शारिक मुल्तानी, मौ. शाहनवाज, फुरकान खान, हिफजान सिद्दीकी, मोहम्मद विशाल आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज बस अड्डे पर लगा नेत्र प्रशिक्षण शिविर

**अमरोहा, अमृत विचार :** अमरोहा डिपो के चालक-परिचालक के नेत्र प्रशिक्षण करने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें 35 लोगों का नेत्र प्रशिक्षण किया गया। सोमवार को अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि जिला अस्पताल के नेत्र चिकित्सक ने रोडवेज बस अड्डे पर आंखों की जांच के लिए शिविर लगाया। इसमें रोडवेज के चालक एवं परिचालक की आंखों की जांच की गई। इस दौरान 20 कर्मचारियों की आंखों की रोशनी कम होने पर चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर स्टेशन प्रभारी शंभू दयाल, नाजिम अली आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिविर में हज आजमीनों का किया गया टीकाकरण

**अमरोहा, अमृत विचार :** मदरसा दारुल इस्लामिया अरबिया चिल्ला में सोमवार को शिविर लगाकर हज आजमीनों का टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीपी सिंह और अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के निर्देशन में टीकाकरण शिविर लगा। इसमें हकीम शोएब अख्तर सिद्दीकी मदरसा प्रबंधक, मौलाना राशिद हुसैन कार्यवाहक प्रधानाचार्य, अहमद ट्रेनर, मोहम्मद इरशाद जिला हज ट्रेनर, डॉ. मुमताज अंसारी, रियाजुद्दीन मोहम्मद अब्दुल कादिर, शारिक अली, मोहम्मद सलमान आदि उपस्थित रहे।

## बस में तोड़फोड़ के बाद चालक को पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** बस में तोड़फोड़ कर चालक समेत दो लोगों को पीट कर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के बीलना नहर पुल का है। दरअसल बिजनौर जिले के कस्बा शिवाला कलां निवासी अशफाक चालक है। वह नौगावां सादात से दिल्ली के बीच बस चलाता है। बताया कि रविवार को बीलना नहर पुल के पास उसकी बस खराब हो गई। अशफाक बस ठीक कर रहा था। आरोप है कि तभी वहां पहुंचे नौगांवा सादात नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी साजिद और अमुल ने बस में तोड़फोड़ कर दी। विरोध करने पर दोनों ने अशफाक व जुनैद को भी पीट कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मामले में साजिद व अमुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोहा

संवाददाता, नजीबाबाद

**अमृत विचार :** ग्लोबल अकादमी में सोमवार को वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इससे उन्होंने लोगों का मन मोह लिया। प्रतिभा का लोहा मनमाने वाले 196 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

कार्यक्रम का प्रारंभ रवि रघुवंशी, संजीव ढाका, विनोद तोमर, कमलकांत वालिया, रमाकांत वालिया ने किया। शौर्य, सार्थक, मान्यता, परिनिधि, सुधा, पंखुड़ी ने वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया। काव्या, रूहानी, विकास, शिवांशी, सिद्धि, सारिका ने भगवान गणेश और मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अक्की, माही, देव, नंदिनी, चारु ने शिव स्तुति प्रस्तुत की। धारावी, हसनैन, एलिजा ने एक चिड़िया-अनेक चिड़िया आदर्श, मिश्रा, अतिक्ष, अन्य ने स्वागत गीत बुरे बुरे रमेश, दृष्टि, आर्य, आर्यंस ने पंजाबी डांस व अर्थ, कृतिका, पल्लव, निशान, अनुष्ठा ने रानी लक्ष्मीबाई और तिलक की प्रस्तुति दी।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

तनिष्का सिंह, वाणी गुप्ता, शिवांश तिवारी, वंशिका, यश, रचित, आकाश, यशिका ने अंग्रेजों के अत्याचारों की प्रस्तुति दी। राघव वालिया, उज्जवल, आरुषि, इकरा, मान्या खेलों का प्रदर्शन किया। हापुड़ के सिविल जज रवि रघुवंशी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। इस दौरान विनय चौधरी, अनुपम शर्मा, इंद्रपाल सिंह, राजकुमार धीमान, मनोज पांडे, सुचित्रा मालवीय, रविंद्र तोमर, विनय कौशिक, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह आदि मौजूद रहे।

## बैंक्वेट हॉल के गोदाम में लगी आग, सामान जला

**बिजनौर, अमृत विचार :** बैंक्वेट हॉल के गोदाम में सोमवार को आग लगने से काफी सामान जल गया। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। घटना में लाखों रुपये का सामान जला है।

घटना मंडावर थाना क्षेत्र के रॉयल पैलेस की है। मोहल्ला बाजार मंगल के रहने वाले हाजी फारूक ने शादी विवाह के लिए एक बैंक्वेट हॉल बना रखा है। शादियों का सीजन होने के कारण इस बैंक्वेट हॉल में कार्यक्रम होता रहता है। मोहल्ला बाजार मंगल निवासी एक युवती की बरात सोमवार दोपहर इस बैंक्वेट हॉल में आनी थी। इसके लिए खाना बनाने की तैयारी की जा रही थी। सुबह साढ़े नौ बजे बैंक्वेट हॉल में आग लग गई। बैंक्वेट हॉल के संचालक सोनू ने बताया कि गोदाम खोल कर सामान बाहर निकाला था। उसके कुछ देर बाद उन्हें बैंक्वेट हॉल के गोदाम में आग की सूचना मिली।

# पांच गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग दो वर्षों से जर्जर

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भारापुर माफी की मुख्य सड़क दो वर्षों से जर्जर हालत में है। इस पर लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव स्थित स्कूल में शिक्षा में आने जाने वाले छात्रों को झेलनी पड़ रही है। स्कूली बच्चे जर्जर सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रधान से सड़क निर्माण की मांग की। लेकिन समस्या जस की तस है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

लोगों का कहना है कि जल्द ही सड़क की समस्या का समाधान न किया गया तो वह लोग एकत्र होकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। गांव के ही शिवकुमार ने बताया कि दो वर्षों से सड़क जर्जर हालत में है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब तो ग्रामीणों के रिश्तेदारों ने गांव भी आना छोड़ दिया है। वह कहते है कि ऐसी जर्जर सड़क से इंसान के साथ वाहन की हालत तक खराब हो जाती है। जब गांव की सड़क सही हो जाएगी। उसके बाद ही वह उनके यहां आएंगे। गांव के शिक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि स्कूल आने जाने के लिए इस सड़क से निकलना पड़ता है। लेकिन सड़क पर गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। यह मुख्य मार्ग भारापुर माफी, ढकीया भूड़, खेड़की समेत पांच गांवों को जोड़ता है।


कुछ ऐसा है सड़क का हाल।

## गेहूं की अधिक पैदावार देख किसान हुए खुश

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र में गेहूं का अधिक उत्पादन देखकर किसान उत्साहित हैं। इस बार मौसम ने किसानों का साथ दिया। अगैती फसल उगाने वालों की गेहूं की पैदावार पहले से अधिक हुई, जबकि पिछैती फसल बोने वालों को भी औसत पैदावार मिली है।

गेहूं की फसल पक जाने के बाद किसान इन दिनों फसल की कटाई, मढ़ाई और थ्रेसिंग में जुटा हुआ है। गेहूं की फसल करने वाले किसान फसल के उत्पादन को लेकर काफी खुश हैं। मौसम की अनुकूलता को देखते हुए किसानों को पहले से ही अच्छी फसल होने की उम्मीद थी। इस बार जहां जनवरी में कड़ाके की ठंड ने गेहूं की फसल को लाभ पहुंचाया वहीं फरवरी के अंत व मार्च में हुई बारिश ने भी गेहूं की फसल ठीक कर दी। इससे उनकी फसल काफी अच्छी हुई है। अगैती फसल करने वाले किसानों को मौसम का पूरा लाभ मिला।


कार्यशाला में शिक्षकों को जानकारी देते रिसोर्स पर्सन श्याम प्रकाश तिवारी।

## शिक्षकों को दी कंप्यूटर की जानकारी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल में हुई सीबीएसई की कार्यशाला में शिक्षकों को कंप्यूटर के बारे में जानकारी दी गई।

नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के निर्देश के अनुसार, समय-समय पर टीचर्स वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है। वर्कशॉप का विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस था। वर्कशॉप में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से संबंधित कंप्यूटर शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। वर्कशॉप के अंतर्गत समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शैक्षिक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस होने वाले लाभ एवं उनके उपयोग के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वर्कशाप के रिसोर्स पर्सन श्याम प्रकाश तिवारी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व के संबंध में बताते हुए कहा कि भविष्य का योग विज्ञान का युग होगा। प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता ने वर्कशॉप में प्रतिभाग कर रहे सभी शिक्षक एवं शिक्षकों का अभिवादन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सार-संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया सम्मानित

**किरतपुर, अमृत विचार :** श्री देवाशंकर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के मधावी छात्र-छात्रों का सम्मानित किया गया। बताया कि इंटरमीडिएट के छात्र आर्यन ने विद्यालय व नगर किरतपुर में प्रथम और जिले में छठा स्थान प्राप्त किया था। समिति के अध्यक्ष विजय गोयल ने आर्यन को 11000 रुपये नकद व पटका पहनाकर सम्मानित किया। हाईस्कूल में प्रथम रहे वंश को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान आलोक रस्तोगी ने छात्राओं को पानी की बोतल भेंट की। अशोक गुप्ता, अमित अग्रवाल, दिव्यम अरोरा, गौतम कुमार, ऋतुज शर्मा, नरदेव सिंह, कपिल रस्तोगी, राम बहादुर गहलौत, प्रधानाचार्य राम कुमार शर्मा, राकेश साहनी, ऋतुज शर्मा, अवनीश, मीनाक्षी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### गंगा घाटों को साफ रखने के लिए रणनीति करें तैयार

**बिजनौर, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। इसमें सीडीओ ने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल है। इसका उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा और वातावरण को स्वच्छ बनाना है। इसलिए गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए गंगा घाटों पर वन विभाग की ओर से लगाए गए पौधों की देखरेख व घाटों की सफाई के नियमित काम करना करें। बैठक के निर्धारित सभी बिंदुओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गंगा घाटों को स्वच्छ रखें व उनकी नियमित निगरानी करें। उन्होंने इसके लिए गहरी रणनीति बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैराज घाट पर शवदाह स्थान के पास स्थित गंदे नाले की सफाई के लिए भी प्रभावी योजना बनाने को कहा है।


ज्ञापन देते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**नहटौर, अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विभिन्न मांगों को लेकर ईओ को संबोधित ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। भाकियू टिकैत के जिला संरक्षक विजयपाल व युवा ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी पुनीत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बताया कि पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास नाले से पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोडवेज बस स्टैंड पर गंदगी, खराब सरकारी हैंडपंप, शीतल पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से कराने और नगर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। इस मौके पर युवा जिला संगठन मंत्री रिन्कु राठी, युवा ब्लाक महासचिव सैन्की कुमार, नगर अध्यक्ष नहटौर दिलशाद अहमद, विकास कुमार, नौशाद, विवेक शर्मा आदि रहे।

### यतीमखाना मामले में बचाव पक्ष ने इंस्पेक्टर से की जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** यतीमखाने से जुड़े एक मामले में सोमवार को इंस्पेक्टर राजकुमार से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की, जो पूरी नहीं हो सकी। अब इस मामले में नौ मई को सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां, सेवानिवृत्त सीओ आले हसन, इस्लाम ठेकेदार समेत 20-25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ 2019 में शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इसमें आरोप था कि सपा नेता आजम खां के इशारे पर यतीमखाना बस्ती में रह रहे लोगों के साथ मारपीट और लूटपाट की गई थी। उनके घरों को भी ध्वस्त कर दिया गया था। इस प्रकरण में कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। सोमवार को इस मामले में इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा से बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जिरह की।

### अब्दुल्ला के दो पैन कार्ड मामले में नहीं हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम के दो पैनकार्ड मामले में सोमवार को गवाह कोर्ट पहुंचा। लेकिन अब्दुल्ला आजम खां के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दे दिया। इसके कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 30 अप्रैल को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में दोनों सजा काट रहे हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। सोमवार को आजम खां के अधिवक्ता ने स्थगन प्रार्थना पत्र दिया। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इस मामले में 30 अप्रैल को सुनवाई होगी। गवाह प्रवीण कटियार कोर्ट पहुंचे थे।

### ढाबे पर ग्राहक से मारपीट, मामला दर्ज

**हापुड़, अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के गांव अठसेनी सैनी के पास स्थित ढाबे पर रविवार रात आठ बजे आदर्श नगर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार खाना खा रहे थे। तभी उन्होंने सब्जी में बदबू और कीड़े मिलने की बात कही। उन्होंने इस तरह के खाने का विरोध किया तो ढाबे पर ही रहने वाले कुलदीप और अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देकर उसे ढाबे से भगा दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली में की। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। पीड़ित ने बताया कि ढाबे के मलिक का अधिकारियों से तालमेल है। फूड सेफ्टी अधिकारी ने बताया कि अभी हमें इस प्रकरण की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे ने बाताया कि आपस में गाली गलौज का मामला है। इसीलिए मामला दर्ज किया है।

### बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, सात लोग घायल

**हापुड़, अमृत विचार :** हाफिजपुर क्षेत्र में बुलंदशहर कट के पास हरदोई से 60 यात्रियों को लेकर गुरुग्राम जा रही डग्गामार बस ने पीछे से ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक व सात वर्षीय बच्चे सहित सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। हरदोई का रामाधार, शिल्पी, पेठापुर का सत्येंद्र, शाहाबाद की नीलम, ध्रुव (सात वर्षीय), कुशवाहा का राजीव कुमार व ट्रैक्टर चालक अमरोहा के अस्कजपुरा का आबिद घायल हुए हैं।

### बैंकों में चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को बैंकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी ने जिले भर की बैंक शाखाओं में चेकिंग अभियान चलाया। सीसीटीवी कैमरे चेक किए और खाता धारकों से पूछताछ की। बैंक प्रबंधक से सुरक्षा की जानकारी ली।

## डिवाइडर से टकराई कार, पिता-पुत्र घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर चालक को नींद की झपकी आने पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी मंजीत सिंह व उनका बेटा दिव्यांशु कार से शादी समारोह में शामिल होने के लिए रामनगर आए थे। दोनों शादी समारोह में शामिल होने के बाद किसी काम से सोमवार की सुबह कार से दिल्ली जा रहे थे। गजरौला में नेशनल हाईवे के ओवरब्रिज पर चालक को नींद की झपकी आने पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार में सवार पिता-पुत्र घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

**सम्मान** ऑल इंडिया कल्चर एवं स्पोटर्स फैस्टिवल में छात्र-छात्राओं का रहा जलवा

# मेडल जीतने वाले खिलाड़ी सम्मानित

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस (विम्स) में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने आर्मी कॉलेज ऑफ मेडिकल साईंसेस दिल्ली की ओर से आयोजित ऑल इंडिया कल्चर एवं स्पोटर्स फैस्टिवल में जलवा दिखाया।

70 से अधिक सरकारी एवं निजी मेडिकल कॉलेजो के साथ हुई कड़ी प्रतिस्पर्धा में 24 से अधिक मेडल जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। इस फैस्टिवल में जीतकर आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए संस्थपक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राएं स्वास्थय व चिकित्सीय सेवाओं में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं।

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि फेस्टिवल में एकल नृत्य में अनिकेत पन्त प्रथम, युगल नृत्य में दिशा एवं अनिकेत द्वितीय, शिव तांडव में विम्स टीम प्रथम, एकल गायन में नियति तोमर द्वितीय, युगल गायन में दिशा एवं हरीसन द्वितीय, फैशन शो में विम्स से टीम से अस्तित्व तृतीय, युगल नृत्य में विम्स से टीम अभिनय तृतीय, हिन्दी रचनात्मक लेखन में अनिकेत पंत द्वितीय, फेस पेन्टिंग में रिया दत्ता द्वितीय एवं फुटबॉल में विम्स टीम उपविजेता रहीं। डीन एकेडमिक डॉ. संजीव भट्ट, एमएस डॉ. आईबी राजू, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति डॉ. एके शुक्ला आदि ने शुभकामनाएं दीं।



फुटबाल प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## युवक की मौत के मामले में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर हादसे में हुई युवक की मौत के मामले में 50 दिन बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

यह हादसा थाना रजबपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर हुआ था। नौ मार्च को मुरादाबाद की जिगर कॉलोनी निवासी अनिल दयाल टैक्सी में सवार होकर दिल्ली से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे रजबपुर में हाईवे से गुजरते समय टैक्सी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे टैक्सी सवार अनिल दयाल की मौत हो गई थी। अब घटना के 50 दिन बाद मृतक की पत्नी ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतक की पत्नी भावना दयाल की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

Telephone : 0581-2510628
Fax : 0581- 2511283

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

पत्रांक: 120053EPFO/RO/BLY/ADM दिनांक: 29.04.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इच्छुक फर्मों से कार्यालय परिसर में विद्यमान अप्रचलित एवं अनुप्रयोगी सामग्री यथा लोहे की अलमारी, एवं विभिन्न प्रकार की मेजें एवं कार्यालयी कुर्सियां इत्यादि के निपटान (Disposal) हेतु निविदा "जैसा है जहां है और जो कुछ है" के आधार पर सील बंद लिफाफे में बोली आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत नियम, शर्तें एवं निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.epfindia.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में शामिल होने की अंतिम तिथि 09.05.2024, 12:00 PM बजे तक है। निविदाओं को 09.05.2024 को सायं 04:00 बजे खोला जायेगा।

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# खनिजों की खोज

आर्थिक प्रभुत्व की दौड़ में शामिल भारत में एक नया खजाना खोज शुरू हो गई है। यह है महत्वपूर्ण खनिजों की खोज। 2017 के बाद से, ऊर्जा क्षेत्र की लिथियम की आवश्यकता तीन गुना हो गई है और कोबाल्ट और निकल की मांग में 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन (आईईए) ने 2030 तक मांग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में सोमवार से आयोजित किया जा रहा खनिज शिखर सम्मेलन उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों समेत भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आठ प्रमुख खनिजों ग्लूकोनाइट (पोटाश), लिथियम-दुर्लभ पृथ्वी तत्व (लैटेराइट), क्रोमियम, प्लैटिनम समूह, ग्रेफाइट, ग्रेफाइट से जुड़े टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरई) और ग्रेफाइट से जुड़े वैनेडियम पर तकनीकी सत्र शामिल हैं। कहा जा सकता है कि स्मार्ट-फोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक हर चीज के लिए आवश्यक माने जाने वाले ये खनिज प्रगति के छिपे हुए चालक बन गए हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है, महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ती गई है। खनिजों के महत्व को पहचानते हुए भारत ने 24 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है और उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर खनन के लिए एक ढांचा स्थापित किया है। लिथियम इसके केंद्र में है क्योंकि यह बैटरी-पावरहाउस खनिज इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को बढ़ावा दे रहा है, जो भारत के जलवायु परिवर्तन शमन एजेंडे का एक महत्वपूर्ण घटक है। तांबा लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज की पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक मांग बढ़ रही है। केंद्र ने अभी तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है और उसकी 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की तैयारी है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को कहा कि जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी होगी। महत्वपूर्ण खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज को संसाधन निष्कर्षण की वैश्विक भू-राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह भारत की आर्थिक रणनीति में बदलाव का प्रतीक है, जो भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण खनिजों की शक्ति को पहचानता है। भारत द्वारा हाल ही में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी का आकलन अकेली घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के रूप में किया जाना चाहिए।

# आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है। अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने।

सामान्य निर्वाचन 2024 के अभी संपन्न दो चरणों में निरंतर गिर रहे मतदान प्रतिशत से अटकलबाजी का माहौल है। क्या भाजपा का उद्घोषित अबकी बार चार सौ पार नारा बेअसर होगा या फिर इंडिया गठबंधन की लुटिया डूबेगी? दोनों पक्षों के अपने अपने कयास हैं, तर्क और विवेचना है। किन्तु यहां चर्चा कयासबाजी से इतर इस पहलू को लेकर है कि आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है?

राजनीतिक समझ के पुरोधाओं, समाचार मीडिया ने इस पर भी बहुत कुछ लिखा है। एक प्रमुख कारण बढ़ती भीषण गरमी बताई गई है। एक यह कारण भी इंगित हुआ है कि सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों और दीगर राजनैतिक पार्टी के प्रमुख दावेदार प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पहले जैसी ताकत नहीं झोंकी।

सत्ता पक्ष पूरी तरह मुतमईन है, बेपरवाह है कि मोदी मैजिक चलेगा और आंकड़ा चार सौ पार जाना जब सुनिश्चित ही है तो फिर काहें की मगजमारी? दूसरा हताश विपक्ष की पूरी बेचारगी कि जब मोदी को फिर से, तिबारा आना ही है तो क्या मतदान करना? दोनों ही ओर गफलत के चलते मतदान प्रतिशत गिरा है।

वैसे यह सब कयास ही है मगर एकदम से उपेक्षित करने लायक भी नहीं। देखने में स्पष्ट आ रहा है कि भाजपा के कितने प्रत्याशी बस मोदी मैजिक पर आश्रित हैं। क्षेत्र में जा ही नहीं रहे हैं। सघन प्रचार नहीं कर रहे हैं। बल्कि मतदाता कहते फिर रहे हैं कि हमारे भाजपा के प्रत्याशी महानुभाव तो दर्शन दिए नहीं हम तो बस मोदी के नाम पर वोट डाल आए हैं। कोढ़ पर खाज यह कि इस बार जहां जहां भाजपा ने एलियन प्रत्याशी उतारे हैं, उन्हें क्षेत्र की समझ भी नहीं है और उनके स्थानीय भाजपा सहयोगी खुन्नस खाए बैठे हैं। दिखाने के लिये चेहरे पर रौनक और ठकुरसुहाती है। पीठ पीछे कुछ और। यह सब देख तो यही लगता है कि चार सौ पार का आंकड़ा पाना टेढ़ी खीर ही है। भाजपा समर्थकों को अब मोदी योगी मैजिक का ही आसरा है। राहत यह है कि अभी पांच चरण बाकी हैं। जब से और जितना जल्दी यह पार्टी कैडर चेत जाय उतना ही भला।

दूसरी ओर मजहबी बिरादरी पानी पी पीकर मोदी योगी को कोसती हुई कांग्रेस के पक्ष में एकजाई हो गई है और पूरी सक्रियता और विपुलता से मतदान में हिस्सा ले रही है। बस उद्घोष करते फिर रहे राष्ट्रप्रेमी मतदाता वोट देने में उतने सक्रिय नहीं है। ये फैक्टर निश्चय ही सत्तादल के लिए अनुकूल नहीं है। सारा दमखम बस दिखावे के लिए हो, एक यूफोरिया ही तारी हो जो वोट में परिणत न हो सके तो संकेत शुभ कैसे कहा जाय?

न न करते आखिर मैंने एक राजनीतिक विश्लेषण कर ही दिया। मगर एक बात और जिस पर सयानों की नज़र नहीं जा रही है वह है मतदाता सूचियों की अशुद्धता, जिसकी वजह से भी मतदान प्रतिशत के गिरे होने की प्रतीति है। और इसकी जिम्मेदारी तो भारत निर्वाचन आयोग को ही लेनी है। हम जब राजकीय सेवा में थे निर्वाचन प्रक्रिया के लगभग सभी पहलुओं से गहरे जुड़े थे। उच्च स्तर के प्रशिक्षण भी प्राप्त किए थे और विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण देते भी थे।मतलब निर्वाचन मशीनरी से करीब से जुड़े थे। इसलिए व्यवस्था की अच्छाईयों और खामियों (लूपहोल) से भी खासे परिचित होते थे।



एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था - वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था - मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना। एक ही मतदाता का नाम दुबारा उसी सूची में आना। सभी नए मतदाताओं का नाम न जुड़ पाना। और पूरक सूची में होने पर मतदान कार्मिकों की कहीं कही अक्षमता से ऐसे मतदाताओं का नाम न ढूंढ़ पाना आदि आदि। जब तक मतदाता सूचियां इन विसंगतियों से पूर्णतया मुक्त नहीं होंगी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है।

अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने। जिले के सारे अधिकारी कर्मचारी अल्पकालिक तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और ऊपर से आयोग का चाबुक। मरता क्या न करता। एक भारी दबाव का वातावरण सृजित होता है जिसमें गुणवत्ता तो कंप्रोमाईज होनी ही है। जबकि सामान्य समझ है कि मतदान प्रक्रिया अगर सौ फीसदी सही नहीं रही तो वह दूषित हो जाती है। आज राजनीतिक दलों से लेकर, सुप्रीम कोर्ट तक और स्वयं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव सुधारों की बड़ी चर्चा होती है मगर इस पर विमर्श क्यों नहीं होता कि हर जिले में पर्याप्त स्टाफ के साथ निर्वाचन का पृथक कार्यालय हो और वर्ष भर वहां प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम आयोजित हों।

यह तो गनीमत रहती है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रायः भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होने से सामान्यतः अपनी बुद्धि और कार्यक्षमता से निर्वाचन कार्य संभाल लेता है मगर जहां अधीनस्थ पर यथेष्ट नियंत्रण और संवाद की कमी होती है विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। और ज्यादातर नए उप जिलाधिकारी जो मतदाता सूचियों के उत्तरदायी अधिकारी होते हैं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुस्तकों के पन्ने तक नहीं पलटते। और जब ऊपर की डांट फटकार से पलटने शुरु भी करते हैं चुनाव ठीक सिर पर होता है। इन बिन्दुओं को लिखने के पीछे चुनाव सुधार की ही कामना है और इसे इसी भावना से लिए जाने का अनुरोध है। ताकि लोकतंत्र का हमारा यह महापर्व पूरी शुचिता और निर्विघ्नता से संपन्न हो सके।

आशा है कि आगे के चरणों में मतदाताओं की भागेदारी बढ़ेगी। राजनीतिक दल इसे हल्के में न लें। कमर कस कर जुट जायें। अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालें।

## प्रसंगवश

# तहजीब लखनऊ की



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लखनऊ की तहज़ीब औरनफ़ासत दुनिया भर में मशहूर है। 1964 के आसपास रहा होगा; इटावा की नुमाइश में एक कार्यक्रम में दिल्ली का कमेडियन लखनऊ के नवाबों पर एक चुटकुला सुना रहा था। एक नवाब के बच्चे को दूसरे नवाब के बच्चे ने खेल खेल में पीट दिया था। बस फिर क्या था! इज्जत का सवाल था। जिनका बच्चा हार गया था, वह पूरी नवाबी पोशाक पहन कर, छड़ी लेकर बग्घी पर सवार हुए और दूसरे नवाब के दरवाज़े पर पहुंच गए। वे ऊपर दूसरी मंजिल पर थे। पहले वाले नवाब,जो लड़ने गए थे,यूं बोले," अमां नवाब साहब! आपके साहबज़ादे ने मेरे बेटे को मारा है, जो मुझे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं हैं। आप झगड़ा करने के वास्ते नीचे तशरीफ ला रहे हैं या मैं ऊपर आ कर हाज़िर होऊं"। अब एक सही किस्सा। 1920 में लखनऊ म्युनिसपलिटी के चुनाव हुए। चौक इलाके से कारपोरेटर सीट के लिए मशहूर तवायफ दिलरुबा जान खड़ी हुईं। वे बला की खूबसूरत थीं। अब उनकी महफिलें खचाखच भरने लगीं। कोई उनके खिलाफ लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। एक हकीम थे शमशुद्दीन। उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें पानी पर चढ़ा कर पर्चा दाखिल करवा दिया। कनवेसिंग होने लगी। दिलरुबा जान की तरफ की भीड़ सरासर ज्यादा थी। हकीम साहब दोस्तों पर झल्लाए। कहा, हमें फिजूल में हारने के लिए खड़ा कर दिया। भला दिलरुबा को छोडकर हमें कौन वोट देगा; लेकिन हकीम साहब के दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने एक नारा दीवालों पर लिखवाया- हिदायत है ये चौक के वोटर-ए शौकीन को।/ दिल तो दिलरुबा दीजिए,वोट शमशुद्दीन को।।तवायफें भी कम होशियार नहीं थीं। जवाबी नारा दीवालों पर लिखवा दिया-' हिदायत है ये चौक के वोटर'-ए शौकीन को।/ वोट दिलरुबा को दीजिए, नब्ज़ शमशुद्दीन को।।

खैर! वोटिंग हुई शमशुद्दीन जीत गए। अब लखनवी तहज़ीब के हिसाब से दिलरुबा हकीम साहब के घर मुबारकबाद देने गईं। बातों बातों में कहा,"इसका मतलब है लखनऊ में आशिक कम मरीज़ ज्यादा हैं'।

# कहां बसाएंगे अपने सपनों की दुनिया



डा. मनोज कुमार
प्रवक्ता, मऊ

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा है।

आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हुईं तदुपरांत पृथ्वी ठंडी हुई । बादल बने बारिश हुई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की संभावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमंडल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जाएगा।

विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सब कुछ है। परन्तु किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं। महात्मा गांधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं। इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 में क्लब ऑफ रोम ने की।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतों में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परंपरागत निर्मितियों कुऑ, तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्मनीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही है और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियां पांव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चिंतित रहते हैं उसी तरह मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन मनन करना चाहिए। निश्चित रूप से हर इंसान को अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल बनाना चाहिए परन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि- हमारी धरती ही लहू-लुहान हो गई तो हम अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल कहां और कैसे बनाएंगे।

## सोशल फोरम

# बिल्लू का इर्रफ़ान



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मास्टर एक्टर इर्रफ़ान को गुज़रे चार बरस हो चुके हैं। मगर आज भी वो दिल के बहुत क़रीब हैं। एक एक्स्ट्रा 'र' की ध्वनि के कारण इरफ़ान को इर्रफ़ान ख़ान कहलाना अच्छा लगता था। वो बाकी ख़ानों से अलग ख़ान थे, बेजोड़ ख़ान। चीखने-चिल्लाने और जगमग रोशनी में नहाई सेल्फ प्रमोशन की फ़िल्म नगरी में चुपचाप और अकेले रहे। वो पर्दे पर भी इसी रूप में दिखे। इसी एक्सप्रेसिव चेहरे की बदौलत एक अलग और ऊंचा मुकाम हासिल किया। अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाज़े गए, पद्मश्री देकर सरकार भी गौरवांवित हुई। लेकिन इरफ़ान ने सफलता को सर पर नहीं चढ़ने दिया। बनने चले थे क्रिकेटर। सुना गया कि सीके नायडू अंडर-23 में सिलेक्शन भी हो गया था मगर नियति ने उन्हें नाटक और सिनेमा के लिए बनाया था। संयोग से नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में दाख़िला मिल गया। क्रिकेट का मैदान छोड़ दिया।

मैंने उनकी कई फ़िल्में देखी हैं, मक़बूल और पान सिंह तोमर भी, जिसने उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरूस्कार दिलाया। मगर मुझे उनकी 'बिल्लू' बहुत पसंद आई। पूरी फ़िल्म में वो शायद ही कहीं बोले, उनका एक्सप्रेसिव फेस ही व्यथा, ख़ुशी और ग़म का अहसास करता रहा। इसमें वो एक ग़रीब नाई बिल्लू हैं, अथाह क़र्ज़ में डूबे हुए। पत्नी लारा दत्ता है और दो बच्चे। जैसे-तैसे गुज़र हो रही है। तभी कस्बे में एक फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, हीरो हैं साहिल ख़ान (शाहरुख़ ख़ान)। बिल्लू पत्नी और बच्चों को बताता है साहिल से उसका बचपन का नाता है। मगर क़िस्मत ने उसे स्टार बना दिया और उसे नाई। जाने कैसे ये बात बाहर लीक हो जाती है और नतीजा ये होता है तमाम कस्बे की निगाह में बिल्लू हीरो बन जाता है। मगर स्वयं बिल्लू को बॉडी गाड्र्स ने साहिल से मिलने नहीं दिया।

तो सबको लगा साहिल झूठ बोल रहा था। सब एकाएक उसके दुश्मन बन गए। एक स्कूल के फंक्शन में उसने बिल्लू से अपनी नज़दीकियां बयान कीं। बिल्लू ये सब चुपचाप पीछे खड़ा सुन रहा है। वो चुपचाप घर लौट आता है और उसके पीछे-पीछे साहिल भी आ जाता है। और पीछे पीछे तमाम गांववाले भी जो बिल्लू को अब तक धिक्कार रहे थे।

-फेसबुक वॉल से

# ओरछा में मंदिर दर्शन



अनूप शुक्ल
कानपुर

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं।

ओरछा में सभी पर्यटन स्थल आसपास ही हैं। एक दिन में पांव फिराते हुए सब देखे जा सकते हैं। वैसे भी लोग घूमते हुए इमारतों को 'मौका मुआयना' वाले अंदाज में देख लेते हैं। जिन इमारतों को बनने में वर्षों लगे उनको मिनटों में निपटा देते हैं।

हम भी कोई अलग थोड़ी हैं। सबसे पहले चतुर्भुज मंदिर देखा। मंदिर के निर्माण की शुरुआत बुंदेल राजा मधुकर शाह (1554 -1593 ई) ने अपनी रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर, रानी के आराध्य देव राजा राम की स्थापना के लिए शुरू की थी। पश्चिमी बुंदेलखंड पर मुगल आक्रमण और राजकुमार होरलदेव की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उस समय अकबर मुगलों का बादशाह था। रानी ने राजा राम की प्रतिमा अपने ही महल में स्थापित कर ली। मंदिर का निर्माण दूसरे चरण में महाराज वीरसिंह देव (1605-1627 ई) के शासन काल में हुआ।

मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा है। 105 मीटर ऊंचा मंदिर 4.5 मीटर नींव पर बना है। लगभग पांच सौ साल पुराने मंदिर की भव्यता देखकर अचरज और कौतूहल होता है कि कैसे इतने विशाल मंदिर बनाए गए होंगे।

मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पास बैठे पुजारी जी ने बताया कि छह पीढ़ियों से उनका परिवार यहां के पुजारी का काम देख रहा है। पीछे लगी एक महिला की फ़ोटो दिखाते हुए बताया इन्होंने (शायद पुजारी जी की मां) ने वर्षों पुजारी का काम किया। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ओरछा का राजमहल है। तकरीबन 200 मीटर की हवाई दूरी होगी। रानी ने प्रतिमा की स्थापना इस तरह कराई थी कि महल के अपने कक्ष से भगवान के दर्शन कर सकें। पूजारी जी इसे रानी के घमंड के रूप में देखते हैं कि अपने कमरे में बैठे-बैठे कोई भगवान के दर्शन करना चाहे।

बाद में महल में स्थित रानी के कक्ष के झरोखे से देखा तो वहां से मंदिर की प्रतिमा साफ दिख रही थी। पांच सौ वर्ष पहले के साधनों से इतनी उत्कृष्टता से निर्माण कार्य जिन लोगों ने किया होगा वे कितने कुशल कारीगर रहे होंगे। अफसोस उनके बारे में आज कोई जानकारी नहीं।

चतुर्भुज मंदिर से राजाराम मंदिर की तरफ आए। यह मंदिर रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर बनवाया गया। कहानी प्रचलित है कि रानी अपने आराध्य देव भगवान राम को लेने अयोध्या गई। उनको लाने के लिए वहां तपस्या की। भगवान प्रकट नहीं हुए तो सरयू में कूद गईं। इस पर भगवान राम प्रकट हुए और रानी के साथ ओरछा चलने को राजी हुए लेकिन शर्तो के साथ : रानी उनको अपने साथ ले चलेंगी, वे ओरछा के राजा होंगे, एक बार जहां उनको रख दिया गया वे वहीं स्थापित हो जाएंगे।

रानी ने अपने आराध्य की तीनों शर्तें मान लीं। उनको अयोध्या से ओरछा लाईं। तब तक मंदिर पूरा नहीं बना था तो प्रतिमा को अपने महल में रख लिया कि जब मंदिर बनेगा तो वहां स्थापना होगी। लेकिन बाद में कहते हैं कि मूर्ति इतनी भारी हो गई कि यहां से हटी नहीं। मजबूरन महल को ही मंदिर बनाना पड़ा।

रानी ने अपने आराध्य की दूसरी शर्त के अनुसार भगवान राम को ओरछा का राजा घोषित करवाया होगा। यह राम जी का अकेला मंदिर है जहां वे भगवान और राजा के रुप मे माने जाते हैं। भगवान के रूप में पूजा होती है। राजा के रूप में रोज सलामी जी जाती है।

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं। इसके बाद उनका दांपत्य जीवन आरंभ होता होगा। शायद भगवान के राजा स्वरूप के कारण इस प्रथा की शुरुआत हुई हो। हमारे देखते-देखते एक नवयुगल अपने परिवार के साथ पूजा करने आया वहां। परिवार के लोग डांस भी कर रहे थे। सबसे ज्यादा उत्साह से दुल्हन डांस कर रही थी। सर पर मुकुट और उसके नीचे लंबा घूंघट। घूंघट के अंदर होने के कारण चेहरा नहीं दिख रहा था दुल्हन का लेकिन उसका उल्लास और उत्साह उसके डांस से प्रकट हो रहा था। मंदिर में प्रांगण में भजन मंडली ढोलक की थाप पर अल्हैत वाले अंदाज में भजन गा रही थी। दूल्हा-दुल्हन उसके सामने ही डांस कर रहे थे। मंदिर परिसर में फोटोबाजी मना थी फिर भी नवयुगल और उनके परिवारी जन को डांस करते देखकर और लोगों की देखादेखी कुछ फोटो वीडियो बना लिए।

मंदिर से निकलकर राजमहल देखने के लिए आगे बढ़े। सामने एक पुरानी इमारत दिखी। उसमें लिखा था -टकसाल भवन। 17 वीं शताब्दी का टकसाल भवन आज बुजुर्ग और जर्जर हाल में है। कभी यहां कड़ा पहरा रहता होगा। आज कोई जाता नहीं।

टकसाल भवन के सामने ही तमाम तरह के सामान की भी कुछ दुकानें थी। एक में सामने नीचे तसलों में अलग-अलग आकार की चिलमें रखीं थी। पता चला कि सीकर में बनती हैं ये चिलम। पास बैठे कुछ लोग अलग-अलग अंदाज में चिलमों को टटोलते हुए मोलतोल कर रहे थे।

आगे एक जगह बोर्ड लगा था -"धीमे वाहन चलाओ, जानवरों की जान बचाओ।" हेल्प डाग सेंटर की तरफ से लगाया गया यह बोर्ड जिस सड़क के बीच लगा था वह इतनी कम चौड़ी थी कि वहां तेज गाड़ी चलाने की गुंजाइश कम ही थी। लेकिन कम से कम इसे पढ़कर ही लोग जानवरों के बारे में कुछ दयालु हो सकें।

## आपका पत्र

### हे भारत

भाजपाइयों को रहीम, रसखान, अशफाक, जाफरानी याद क्यों नहीं,/ वीर अब्दुल हमीद, शहीद उस्मान / के राष्ट्रप्रेम की कहानी याद क्यों नहीं, प्रधानमंत्री मोदीजी को इतिहास के नामों में सिर्फ औरंगजेब ही याद क्यों हैं ? हे भारत, बतलाओ, उन्हें ज्ञान नहीं है या राष्ट्र को आधे अधूरे एकांगी तथ्यों को अतिरंजना के साथ प्रस्तुत कर कोई हिडेन एजेंडा तो नहीं लागू कर रहे? उन्हें प्रभु राम और कृष्ण पर लिखने वाले रहीम व रसखान क्यों याद नहीं आते ? उन्हें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिल कर देशभक्ति अमर कहानी के महानायक अशफाक उल्ला खान याद क्यों आते ? जिसे नेताजी बोस ने आजाद हिंद फौज का और पंडित जवाहर लाल ने भारतीय सेना व पुलिस का अभिवादन बनाया , उस जय हिंद का नारा देने वाले आबिद हसन सफरानी याद क्यों नहीं आते ? भगत सिंह का मुकदमा लड़ने वाले आसफ अली याद क्यों नहीं आते ? शाहिद उस्मान और वीर अब्दुल हमीद याद क्यों नहीं आते?

कहीं जमूद तो कहीं सिर्फ इंतसार/ सा है/ जहां को अपनी तबाही का इंतजार सा है/ कोई तो सूद चुकाए कोई तो जिम्मा ले/ उस इंकलाब का जो आज भी उधार सा है

- दीपक मिश्रा , समाजवादी चिंतक,लखनऊ।



# दिग्गज छत्रप-महारथी मजबूरी में बेटी के चुनावी रथ के सारथी

## राजनीति में जोड़-तोड़ के माहिर खिलाड़ी रहे शरद पवार को अपने ही गढ़ बारामती में वोट के लिए फैलाने पड़ रहे हाथ

**मुंबई।** कहते हैं, राजनीति जो न कराए कम है। दिग्गज राजनेता मराठा छत्रप शरद पवार की इन दिनों कुछ ऐसी ही दशा है। पवार अपने राजनीतिक जीवन में कभी कोई चुनाव नहीं हारे हैं। लेकिन 83 साल की उम्र में उन्हें बारामती में बेटी की सीट बचाने के लिए भीषण गर्मी में पसीना बहाना पड़ रहा है। छह बार लोकसभा सांसद और चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे शरद पवार ने बारामती से खुद पांच बार लोकसभा का चुनाव जीता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हुई टूट के बाद भतीजे अजित पवार की चुनौती में ऐसा फंसे हैं कि लोगों को पुरानी बातें याद दिलाकर वोट के लिए झोली फैलानी पड़ रही है।

बारामती लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की उम्मीदवार और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला उनकी भाभी और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से हो रहा है, जो राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल राकांपा की उम्मीदवार हैं। शरद पवार के लिए चुनौती कठिन है क्योंकि जिस बारामती से वह स्वयं पांच बार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले तीन बार चुनाव जीत चुकी है, वहां अब उन्हें बेटी को चौथी जीत दिलाने के लिए अपने ही भतीजे की पत्नी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि बारामती सीट से चुनाव हारने के साथ ही पवार की राजनीतिक धमक का भी अंत हो जाएगा। राकांपा का चुनाव चिह्न अजीत पवार के पास है। हालांकि इसका जिम्मेदार शरद पवार को ही माना जाता है, उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे को राजग गठबंधन से तोड़कर भाजपा के हाथ में आई हुई सत्ता छीन ली थी और महाविकास आघाड़ी का गठन करके ठाकरे को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना दिया था। इसी के बाद उनकी पार्टी में बिखराव के बीज पनप गए थे।

### 'मैं 2004 में महाराष्ट्र का सीएम बन जाता'

- 2004 के विधानसभा चुनाव में शरद पवार की रकांपा को 71 सीटें मिली थीं और कांग्रेस को 69 सीटें। इसके बावजूद उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद पर दावा करने के बजाय केंद्र में कृषि मंत्री बनने में ज्यादा रुचि दिखाई थी। भतीजे अजीत पवार को आज तक इस बात का अफसोस है कि शरद पवार ने उस समय उनसे मुख्यमंत्री बनने का अवसर छीन लिया। वह बारामती में चुनाव प्रचार के दौरान सभाओं में वह लोगों को बता रहे हैं कि उनके साथ पार्टी में उस समय नाइंसाफी हुई। शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के हिस्से में आया मुख्यमंत्री का पद कांग्रेस को दे दिया था। अगर मुख्यमंत्री पद शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के पास रखा होता तो वह या पार्टी का कोई और नेता मुख्यमंत्री बन सकता था। अगर उनके नसीब में होता तो वही मुख्यमंत्री बन जाते। शरद पवार राज्य में मुख्यमंत्री लेकर भी केंद्र में अपने लिए महत्वपूर्ण मंत्रालय ले सकते थे। लेकिन वह जोड़-तोड़ की राजनीति का हिस्सा बनकर प्रधानमंत्री बनने का स्वप्न देख रहे थे। इसके चलते ही पार्टी को मिला राष्ट्रीय दर्जा क्षेत्रीय पार्टी पर आ गया।

### 'चार दिन सास के होते तो चार दिन बहू के भी आते हैं'

- शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को जिताने के लिए रकांपा प्रमुख अजित पवार बारामती में चुनावी सभाओं में लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस बार बहू यानी सुनेत्रा पवार को चुनें ना कि बेटी सुप्रिया सुले को। चार दिन सास के होते हैं, तो चार दिन बहू के भी आते हैं, यही समय चक्र है। बारामती और राज्य के सामने तमाम समस्याएं हैं। केंद्र में जिसकी सत्ता आनी है, अगर उसका समर्थक सांसद चुनकर नहीं भेजा तो लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्य नहीं हो पाएगा। बीते 10 साल से क्षेत्र इसी कारण उपेक्षा झेल रहा है।

**मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल 29 सीटों में से दो चरणों में 12 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में राज्य की नौ लोकसभा सीटों पर सात मई को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। तीसरे चरण में मुरैना, भिंड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल और राजगढ़ के अलावा बैतूल लोकसभा सीट पर भी चुनाव होगा। पहले तीसरे चरण में केवल आठ सीटों पर मतदान होना था, लेकिन आदिवासी सुरक्षित सीट बैतूल में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के निधन के कारण दूसरे चरण में चुनाव स्थगित कर दिया गया था। अब बैतूल को मतदान के लिए तीसरे चरण में शामिल कर लिया गया है। तीसरे चरण के चुनाव में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक केंद्रीय मंत्री की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो जाएगा।**

# मैदान में मामा, महाराजा व राजा किसका बजेगा बाजा

## अंतिम चुनाव बताकर मतदाताओं को साधने की हो रही कोशिश

### राजगढ़ का किला बचाने में दिग्गी राजा का छूट रहा पसीना

प्रदेश की सबसे हॉट सीट राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में सात मई को होने वाले मतदान पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यहां से 10 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद रोडमल नागर कर रहे हैं। इस सीट से दोनों उम्मीदवार दो-दो बार सांसद रह चुके हैं। लेकिन दोनों के बीच आपस में यह पहला मुकाबला है। दिग्विजय सिंह 33 साल बाद चुनाव लड़ने के लिए राजगढ़ के मैदान में उतरे हैं। वह वादा निभाओ पद यात्राएं करके हर विधानसभा क्षेत्र को नाप रहे हैं। वह लोगों से भावनात्मक अपील कर अंतिम चुनाव की बात कह रहे हैं। भाजपा उन्हें घेरने के लिए पूरी ताकत के साथ लगी है। सूबे के सीएम के बाद प्रचार में आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तो दिग्विजय सिंह की हार तय बताकर जनसभा में चुटकी ले गए हैं कि आशिक का जनाजा है, बड़ा आदमी है, जरा धूमधाम से निकालना। जैसी दिग्गी राजा की शान है, वैसी ही बड़ी लीड से विदाई करना। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधनासभाओं में छह पर भाजपा का कब्जा है, दो कांग्रेस के पास हैं।



| | 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| राजगढ़ | 65% | 31% | 59% | 36% |

## 'मैं नेता नहीं, मामा और भैया हूं, बहन-बेटियां मेरे लिए देवी की मूर्तियां'

### विदिशा में शिवराज का तिलक और भेंट किया नारियल

राज्य की दूसरी हॉट सीट विदिशा से सर्वाधिक समय प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान मैदान में है। उनका सीधा मुकाबला कांग्रेस के भानु प्रताप शर्मा से है। दोनों ही इस सीट से सांसद रह चुके हैं। बीते 15 चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस दो बार जीती है और दोनों बार भानु प्रताप ही प्रत्याशी थे। 1991 में अपने पहले चुनाव में शिवराज सिंह भानु प्रताप को हरा चुके हैं। वर्ष 2004 शिवराज यहां से पांचवी बार लोकसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री बने। अब 20 साल बाद फिर यहां चुनाव लड़ने आए हैं। वह नुक्कड़ सभाओं, यात्रा और रोड शो करके अपने कराए विकास कार्य गिना रहे हैं। आशीर्वाद यात्रा में उनका फूलों से स्वागत कर बहनों ने कहीं तिलक लगाया, कहीं आरती उतारी और शिवराज के हाथ में नारियल और चुनाव लड़ने के लिए 10-10 रुपये भी थमा दिए। पीएम मोदी सभा में कह गए थे कि वह शिवराज सिंह को दिल्ली लेकर जा रहे हैं। इसके मुकाबले भानु प्रताप शर्मा पिछले दो दशक से महत्वपूर्ण पद पर नहीं रहे हैं। कोई चुनाव भी नहीं लड़े हैं। इस कारण उन्हें चुनाव खड़ा करने में दिक्कत आ रही है। 2019 में भाजपा के रमाकांत भार्गव और 2014 में सुषमा स्वराज जीती थीं।



| | 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| विदिशा | 68% | 28% | 66% | 29% |

## सिंधिया के विरुद्ध कांग्रेस का जातीय दांव बताया महाभारत का युद्ध

### भाजपा नेताओं के दौरों के साथ पत्नी-पुत्र भी प्रचार में

गुना सीट पर भाजपा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उम्मीदवार हैं। उन्हें पार्टी ने मौजूदा सांसद केपी यादव की जगह चुनाव में उतारा है। 2019 में ज्योतिरादित्य कांग्रेस से चुनाव लड़े थे, जिसमें केपी यादव के हाथों हार मिली थी। इस बार सिंधिया गुना-शिवपुरी में जमकर मेहनत कर रहे हैं। जल्दी ही गुना से हवाई सेवाएं शुरू होने का वादा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह सभा करने आए तो कई बार उन्हें राजा साहब और महाराज कहकर यह भी बता गए कि पीएम मोदी सिंधिया को बहुत पसंद करते हैं। ज्योतिरादित्य के नामांकन में सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जुटे थे। मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेता प्रचार में आ चुके हैं। ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी और पुत्र ने भी प्रचार का काम संभाल रखा है। कांग्रेस ने जातीय समीकरण ध्यान में रखते हुए यादव वोट बैंक साधने के लिए मुंगावली से तीन बार के विधायक राव यादवेंद्र सिंह यादव को उतारा है। वह इस चुनाव को महाभारत का युद्ध बता रहे हैं और भाजपा द्वारा केपी यादव का टिकट काटने पर सवाल खड़े कर रहे हैं। बसपा ने शिवपुरी जिले के अध्यक्ष धनीराम चौधरी को उतार कर परेशानी बढ़ा दी है।



| | 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| गुना | 52% | 41% | 40% | 53% |



भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम। अमृत विचार

# इंदौर में फुस्स हुआ कांग्रेसी बम भाजपा में शामिल हो गए अक्षय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की इंदौर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां पार्टी प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने न सिर्फ नाम वापस लिया बल्कि भाजपा में शामिल हो गए। उनके इस कदम से कांग्रेस के रणनीतिकार परेशान हैं वहीं भाजपा इस बात से खुश है क्योंकि उसके सामने अब कोई मजबूत उम्मीदवार नहीं है जो टक्कर दे सके। अब इस सीट पर कांग्रेस किसी निर्दलीय या बसपा उम्मीदवार को समर्थन दे सकती है।

भाजपा ने इंदौर संसदीय सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद शंकर लालवानी को मैदान में उतारा है। वैसे तो इंदौर भाजपा का मजबूत किला है। 1989 से 2014 तक लगातार आठ बार सुमित्रा महाजन इस सीट पर जीतीं। 2019 में पार्टी ने शंकर लालवानी को टिकट दिया तो वे भी जीतने में कामयाब रहे। इस क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा के रणनीतिकार एवं प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यहां चुनाव की कमान संभाल रखी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस के उम्मीदवार की नाम वापसी में कैलाश विजयवर्गीय की भूमिका अहम है। इस सीट से नौ उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया है। अब यहां मैदान में भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

**मांगा समर्थन**



गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर हमला बोला।

## सागर में हो सकता तगड़ा मंथन, किसे मिलेगा जीत का कलश

### बीते सात चुनावों से लगातार यहां खिल रहा कमल

सागर लोकसभा सीट पर भाजपा बीते सात लोकसभा चुनावों से लगातार कमल खिलाती आ रही है। पार्टी ने इस बार यहां मौजूदा सांसद राजबहादुर सिंह के स्थान पर महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता वानखेड़े को चुनाव मैदान में उतारा है। वह कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं कांग्रेस ने उनके मुकाबले के लिए ललितपुर के चंद्र भूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुंदेला को प्रत्याशी बनाया है। वह पिछले वर्ष ही बसपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए थे। सागर की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर भाजपा के विधायक हैं। भाजपा ने अपने सभी विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जुटा रखा है। शहर की सूरत तो पिछले कुछ सालों में बदली है, लेकिन बेरोजगारी, पलायन स्वास्थ्य सुविधाएं और पानी की समस्या का समाधान प्रमुख मुद्दे हैं। यहां जैन समाज के साथ ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में है। बसपा यहां तीसरे नंबर पर रहती है, इस बार पार्टी ने भगवती प्रसाद जाटव पर दांव लगाया है। जानकार मुकाबला टक्कर का मान रहे हैं।



| | 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| सागर | 62% | 33% | 54% | 40% |

## भोपाल में चटख होता नजर आ रहा भगवा प्रचार

### कांग्रेस को धीमा चुनावी अभियान पड़ सकता भारी

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पांच दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद माहौल भगवामय नजर आता है। भाजपा ने यहां से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह की जगह पूर्व महापौर आलोक शर्मा को मैदान में उतारा है। भोपाल लोकसभा सीट भाजपा वर्ष 1989 के चुनाव से लगातार जीतती चली आ रही है। 2019 के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को साध्वी प्रज्ञा सिंह ने साढे तीन लाख वोटो से मात दी थी। कांग्रेस ने इस बार यहां पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष और अधिवक्ता अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतार कर भाजपा की चुनौती के सामना जातीय समीकरण के सहारे करने की रणनीति बनाई है। लेकिन भाजपा जिसके प्रचार में मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक मोर्चा संभाले हैं, के मुकाबले कांग्रेस का प्रचार काफी सुस्त है। कोई बड़ा नेता वोट मांगने नहीं आया है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्र पर जरूर जोर देता नजर आ रहा है। लेकिन पलड़ा भाजपा का ही भारी नजर आता है। लोकसभा क्षेत्र की सात में पांच विधानसभाओं पर भाजपा का और दो पर कांग्रेस का कब्जा है।



| | 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| भोपाल | 61% | 36% | 63% | 30% |

## मुरैना में उलझे जातीय समीकरणों ने बनाई त्रिकोणीय लड़ाई

### भाजपा-कांग्रेस के संघर्ष में बसपा ने टांग फंसाई

बीते तीन दशक में सात लोकसभा चुनाव से भाजपा मुरैना में अजेय है, लेकिन इस बार यहां उसके सामने कांग्रेस के साथ ही बसपा भी कड़ी चुनौती पेश कर रही है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला होता नजर आ रहा है। भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर के मुकाबले में कांग्रेस ने भाजपा के पूर्व विधायक और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिकरवार को उतारा है। इन दो क्षत्रिय प्रत्याशियों की लड़ाई में बसपा ने रमेशचंद्र गर्ग पर दांव लगाया है। रमेश चंद्र गर्ग कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर बसपा में शामिल हो गए थे। मुरैना में ब्राह्मण प्रभावशली वोटर माने जाते हैं, लेकिन ब्राह्मण नेता बलबीर दंडोतिया के बसपा छोड़कर भाजपा में जाने से ब्राह्मण समाज बंटा नजर आ रहा है, तो दूसरी जातियों में भी सेंधमारी चल रही है। इससे जातिगत समीकरण उलझ गए हैं। कुल मिलाकर मुकाबला रोचक माना जा रहा है। 2019 में यहां से भाजपा से केंद्र में कृषि मंत्री रहे नरेंद्र सिंह तोमर को जीत हासिल हुई थी।



| | 2019 | | 2014 | |
|---|---|---|---|---|
| | भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |
| मुरैना | 48% | 38% | 45% | 31% |

## भिंड में दलित वोट बंटने से बदल सकता चुनाव का परिणाम

भिंड लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी सांसद संध्या राय को दूसरी बार टिकट दिया है। मुकाबले में कांग्रेस ने बसपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे और भांडेर से अपने विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा यहां पिछले पांच चुनावों से लगातार जीत रही है। 2019 में चुनाव लड़ चुके देवाशीष जरारिया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के कारण हाथ का साथ छोड़कर बसपा से मैदान में उतर गए हैं। जानकार मान रहे हैं कि अब यहां दलित वोट तीन भागों में बंट सकता है। ऐसे में सवर्ण और ओबीसी वोट निर्णायक हो सकते हैं। कुल मिलाकर जातीय समीकरणों ने मुकाबला रोचक बना दिया है।



| | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 2019 | 54% | 34% |
| 2014 | 45% | 31% |

## तानसेन की नगरी ग्वालियर में इस बार किसका सधेगा सुर-संगीत

ग्वालियर में भाजपा और कांग्रेस ने दोनों ने विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों पर दांव लगाया है। भाजपा ने जहां पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है, वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक प्रवीण पाठक को टिकट देकर मुकाबला को जातीय आधार पर कर दिया है। इन दोनों के संघर्ष में कांग्रेस छोड़कर आए कारोबारी कल्याण सिंह कंसाना बसपा से मैदान आकर लड़ाई तिकोनी बनाने में लगे हैं। डबरा विधानसभा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे कुर्ते की झोली फैलाकर लोगों से हाथ के लिए वोट मांग रहे हैं। यहां प्रत्याशी चयन में देरी के कारण कांग्रेस प्रचार में पिछड़ी नजर आती है। क्षत्रिय और ब्राह्मण बाहुल्य कही जाने वाली इस सीट पर ओबीसी वोटर यहां सबसे अधिक हैं।



| | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 2019 | 52% | 40% |
| 2014 | 44% | 41% |

# पहले सात फिर नौ की गिरावट अबकी पारा होगा 43 से ऊपर



**भोपाल।** प्रदेश में दोनों चरणों में कम मतदान और बढ़ते तापमान के साथ 7 मई को होने वाले तीसरे चरण के मतदान में वोट पर्याप्त संख्या में पड़ें, यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग के साथ-साथ राजनीतिक दलों के लिए भी बड़ी चुनौती है। 2019 के मुकाबले पहले चरण के मतदान में इस बार 7% की गिरावट आई थी, तो दूसरे चरण में यह गिरावट 9% पहुंच गई। दोनों चरणों में मतदान के दिन टीकमगढ़ और खजुराहो को छोड़कर अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे था। अब तीसरे चरण में जिन जगहों पर वोटिंग होनी है, वहां के बारे में मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 43 से 45 डिग्री तक तापमान रह सकता है। इसके साथ ही राज्य में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस अभी तक दोनों चरणों में कोई उत्साह नहीं दिखा पाई है। पार्टी के स्टार प्रचारक चुनावी अभियान से गायब जैसे रहे। कांग्रेस का कोई ऐसा बड़ा नेता प्रचार में नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार को घेर सकता। इसकी एक वजह कमलनाथ का छिंडवाड़ा और दिग्विजय का राजगढ़ में फंसना भी माना जा रहा है। इसी के चलते भाजपा की चुनावी मशीनरी ने भी सामने कड़ी चुनौती नहीं होने से ज्यादा सक्रियता नहीं दिखाई। यह भी गर्मी के साथ कम मतदान का एक कारण माना जा रहा है।

# शाक्य वोटर बनेंगे क्या यहां सपा का भाग्य

## जीत की हैट्रिक के लिए दो बार के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर के सामने इस बार कठिन चुनौती

**एटा लोकसभा सीट**

मनोज त्रिपाठी

एटा लोकसभा के चुनाव में तापमान बढ़ने के साथ जातीय गर्मी भी बढ़ गई है। भाजपा राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस करने और मोदी की गारंटी का प्रचार करने का साथ जातीय गुणा-गणित का भी हिसाब किताब लगा रही है। ऐसा इस कारण है, क्योंकि इस बार सपा ने दो बार से चुनाव हार रहे कुं. देवेंद्र सिंह यादव की जगह शाक्य समाज के देवेश शाक्य को चुनाव मैदान में उतारकर भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाने वाले शाक्य मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने की कोशिश की है। देवेंद्र शाक्य वर्ष 2005 और 2010 में औरैया से जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। हालांकि इस लड़ाई में बसपा भी कम नहीं है, उसने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद इरफान को सामने करके सपा के पीडीए फार्मूले की चुनौती बढ़ा दी है। भाजपा से एटा के मौजूदा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मंसूबा पाले हैं। पार्टी ने उनके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की विरासत के पहरेदार उनके पुत्र दो बार के सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भइया इस बार एटा सीट पर फंसे नजर आ रहे हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी कुं. देवेंद्र सिंह यादव को हराया था। साल 2014 में मोदी लहर में भी उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह यादव को ही करारी शिकस्त दी थी। देवेंद्र यादव अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसके चलते समाजवादी पार्टी ने इस बार एटा में देवेश शाक्य को चुनावी मैदान में उतारकर चुनौती कड़ी कर दी है।

ओबीसी में शाक्य उपजाति है। राजवीर सिंह लोध समुदाय से हैं। इस तरह ओबीसी की दो उपजातियां आमने-सामने हैं। अब ऐसे में ओबीसी की अन्य जातियों को अपने पाले में करने की जंग छिड़ी है। यही वजह है कि भाजपा ने पूरा ध्यान कासगंज जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर ज्यादा लगा रखा है।

रणनीति के तहत सोरों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की जनसभा कराने के बाद शाक्य-मौर्य मतदाताओं को जोड़ने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आए। पार्टी के शाक्य नेता समाज से अपने जुड़ाव और रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं। एक दिन पहले कासगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गरज गए हैं। इसके मुकाबले एटा सदर और मारहरा विधानसभा क्षेत्र लोधी बाहुल्य होने से भाजपा बेफिक्र है। लोधी मतदाताओं की कल्याण सिंह में अटूट निष्ठा है, ऐसे में उनके पुत्र के कारण पार्टी यहां अपनी बढ़त मानकर चल रही है।

**मुस्लिम वोटों में सेंधमारी से खुल सकता कमल खिलने का रास्ता :** बसपा एटा लोकसभा सीट पर आज तक जीत भले न पाई हो लेकिन कई बार अन्य दलों के चुनावी समीकरण जरूर बिगाड़ चुकी है। बसपा ने इस बार कॉडर वोट के साथ मुस्लिम वोटरों के जोड़तोड़ का गणित बनाया है। मुस्लिम वोटरों के बिखरने का सबसे बड़ा और सीधा प्रभाव सपा प्रत्याशी पर पड़ेगा। यही वजह है कि जानकारों के मुताबिक अभी यहां भाजपा और सपा दोनों हाथी की चाल देख रहे हैं। अगर हाथी की चाल तेज होती है तो सपा का नुकसान करेगी, लेकिन हाथी की सुस्त रफ्तार भाजपा के लिए परेशानी का सबब बनेगी।

**हाथ का नहीं मजबूत साथ :** सपा और कांग्रेस में गठबंधन जरूर है, लेकिन एटा में सपा अकेले ही चुनाव लड़ते नजर आ रही है। कांग्रेस का संगठन मृतप्राय है। बसपा से उतरे मो. इरफान पहले कांग्रेस में ही थे। कांग्रेस की स्थिति यह है कि उसके जिलाध्यक्ष तक पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।


देवेश शाक्य।


राजवीर सिंह।

- सपा के देवेश शाक्य सजातीय मतों के सहारे मुकाबले में, बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी से भाजपा को राहत की सांस और मतों के बिखराव की आस

### पांच बार जीत का रिकार्ड महादीपक शाक्य के नाम

एटा लोकसभा सीट पर 1952 में पहला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के रोहन लाल चतुर्वेदी ने जीता था। 1957 में भी वही जीते। 1962 में हिंदू महासभा के बिशन चन्द्र सेठ को जीत मिली। 1967 में कांग्रेस ने वापसी की और रोहन लाल चतुर्वेदी तीसरी बार जीते। 1971 में भी उन्होंने ही जीत दर्ज की। जनता पार्टी की लहर में 1977 भारतीय लोकदल से महादीपक सिंह शाक्य विजयी रहे। लेकिन 1980 कांग्रेस के मुशीर अहमद खां और 1984 में लोकदल के मोहम्मद महफूज को जीत मिली। 1989 में भाजपा से महादीपक सिंह शाक्य ने जीत हासिल की, तो 1991, 1996, 1998 लगातार चार बार सांसद चुने गए। 1999 में सपा के देवेन्द्र सिंह यादव ने उनकी जीत का सिलसिला तोड़ा और 2004 में भी जीत हासिल की। 2009 में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह निर्दलीय लड़कर सपा के समर्थन से जीते। 2014 और 2019 के चुनाव में उनके पुत्र राजवीर सिंह भाजपा से दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

### 2019 आम चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह | 5,45,348 |
| सपा | देवेन्द्र सिंह यादव | 4,22,678 |

### 2014 आम चुनाव का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह | 4,74,978 |
| सपा | देवेन्द्र सिंह यादव | 2,73,977 |
| बसपा | नूर मोहम्मद खान | 1,37,127 |

### 2019 में यह था वोट शेयर




### 2014 का वोट प्रतिशत

| 51.28% | 29.58% | 14.80% |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | बसपा |

### लोधी, यादव और शाक्य मतदाताओं का गढ़

- एटा लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 72 हजार से अधिक है। एटा जिला को लोधी, शाक्य व यादव मतदाताओं का गढ़ माना जाता है। शाक्य मतदाताओं की संख्या यहां एक लाख 80 हजार के करीब मानी जाती है। हालांकि लोधी राजपूतों की संख्या सबसे ज्यादा 2 लाख 90 हजार के आसपास गिनी जाती है। इसके बाद यादव मतदाता लगभग ढाई लाख, ब्राह्मण 95 हजार, वैश्य 85 हजार और जाटव मतदाताओं का अनुमान लगभग दो लाख है। लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों कासगंज, अमांपुर, पटियाली में शाक्य मतदाता अधिक हैं।

### तीन मुख्यमंत्रियों को रास आया यह लोकसभा क्षेत्र

- 1977 की जनता पार्टी सरकार में मुख्यमंत्री चुने गए रामनरेश यादव आजमगढ़ छोड़कर एटा की निधौलीकलां विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़े थे। उनके लिए निधौली कलां के विधायक रामसिंह यादव ने इस्तीफा देकर सीट छोड़ी थी। मुलायम सिंह यादव भी निधौली कलां से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने थे। कल्याण सिंह भी 1993 में लोध बाहुल्य कासगंज विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे।

# ...अबकी बार अखिलेश के सियासी रसूख का इम्तिहान

कानपुर

**अमृत विचारः** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना समाजवादी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरी है। हालांकि मुलायम के निधन के बाद मैनपुरी में हुआ उप चुनाव डिंपल यादव ने जीता था, तब परिवार में एका हुआ था और चाचा-भतीजा, शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव ने साथ आकर नेताजी की विरासत बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था। लेकिन अब पार्टी के प्रदर्शन का पूरा दारोमदार अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे पर है। ऐसे में यह चुनाव सपा के परंपरागत वोटरों को साथ रखने के साथ प्रदेश में 'यादव लैंड' कही जाने वाली लोकसभा की 10 सीटों पर तेज रफ्तार में साइकिल दौड़ाने का भी है।

उत्तर प्रदेश में मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें यादव बहुल मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें यादव लैंड कहकर भी पुकार जाता है। अब इन सीटों के चुनावी परिणाम ही प्रदेश और देश में अखिलेश यादव का सियासी रसूख और भविष्य तय करेंगे। यह भी साफ हो जाएगा कि मुलायम के बाद यादव समाज कितनी बड़े संख्या बल के साथ अखिलेश की नुमाइंदगी कुबूल करता है, क्योंकि भाजपा ने यादव बहुल सीटों पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उतारकर अखिलेश के यादव वोट बैंक में दरार डालने का पूरा जाल बिछा रखा है।

वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 26 सीटें जीती थीं। इनमें यादव लैंड की मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं और आजमगढ़ की सीटें शामिल थीं। जौनपुर भाजपा के हिस्से में आई थी। 2004 में सपा के 37 सांसद चुने गए थे। मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं, जौनपुर लोकसभा सीटों पर सपा ने विरोधियों को पछाड़ दिया था। इस चुनाव में फैजाबाद और आजमगढ़ से बसपा जीती थी। हालांकि 2009 के चुनाव से सपा का जनाधार खिसकने लगा। इस चुनाव में सपा ने 21 सीटें जीतीं। लेकिन इनमें यादव लैंड की केवल तीन मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद लोकसभा सीटें शामिल थीं। हालांकि एटा से सपा समर्थित उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जीते थे। फिरोजाबाद सीट पर अखिलेश यादव के इस्तीफा देने से उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के राज बब्बर ने जीत दर्ज कर ली थी। उन्होंने अखिलेशकी पत्नी डिंपल यादव को हरा दिया था। वर्ष 2009 में बलिया सीट सपा ने जीती, फैजाबाद से कांग्रेस, जौनपुर से बसपा, संतकबीर नगर से बसपा और आजमगढ़ से भाजपा ने जीत हासिल की थी।



- मुलायम सिंह के बिना पहला आम चुनाव तय करेगा यादव समाज का सपा को कितना समर्थन
- 2009 से जनाधार में गिरावट, सपा की जीती 21 सीटों में यादव बहुल केवल मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद थीं

### बीते चुनाव में सपा का सबसे खराब प्रदर्शन

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का यादव लैंड में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इस चुनाव में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव और आजमगढ़ से अखिलेश यादव ही चुनाव जीत पाए। वहीं वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आजमगढ़ सीट पर भाजपा ने जीतकर कमल खिला दिया।

### अन्य पिछड़ी जातियों के भाजपा की ओर मुड़ने के जवाब में आया पीडीए

- वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह अन्य पिछड़ी जातियां भाजपा की ओर एकजुट हुईं उससे सपा को विजय दिलाने वाले मुस्लिम-यादव समीकरण का प्रभाव कम हो गया। इसीलिए इस बार के चुनाव में अखिलेश यादव ने जनाधार बढ़ाने के लिए 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूला तैयार किया है। अब इसकी परीक्षा होनी है।

# बसपा ने भाजपा के कथित समर्थन का दाग धोया, गठबंधन की राह में बिछाए कांटे

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी जिसे लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने के कारण बड़ी चुनौती नहीं माना जा रहा था, जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, दो दर्जन सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष में आकर कहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन तो कहीं भाजपा के लिए जीत की राह में कांटे बिछाती बनती नजर आ रही है। प्रत्याशी चयन में चतुराई दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के ऊपर पिछले विधानसभा चुनाव में लगा भाजपा को कथित मौन समर्थन का दाग धोने के साथ ही अपने भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के लिए एक ऐसी खुली जमीन तैयार कर दी है, जहां से बसपा एक बार फिर मजबूत वोट बैंक की नई उड़ान भर सकती है।

बीते चार दशक में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव में उतरने के मायावती के फैसले का निहितार्थ अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करके 10 लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन इनमें से ज्यादातर साथ छोड़ गए हैं। विधान सभा चुनाव में पार्टी का वोट बैंक धड़ाम हो गया था। 2017 के विधान सभा चुनाव में जहां बसपा को 22.23 फीसदी वोट मिले थे, वहीं 2022 में यह आंकड़ा घटकर 12.88 पर आ गया था। वोट शेयर में लगभग 10 फीसदी वोटों की भारी गिरावट के साथ पार्टी सिर्फ एक सीट पर सिमट गई थी। यही वह वजह थी, जिसने बसपा सुप्रीमो को नए सिरे से रणनीति बनाने के लिए मजबूर किया। लोकसभा चुनाव में अभी तक बसपा ने ही सबसे ज्यादा मुस्लिम वर्ग को टिकट दिए हैं। पार्टी अब तक 20 से अधिक मुस्लिम प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा के इन मुस्लिम उम्मीदवारों ने सपा और कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों की मुश्किल बढ़ा दी है। माना जा रहा कि बसपा के इस कदम से मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा प्रत्याशी को फायदा हो सकता है। लेकिन बसपा की अपनी रणनीति है, वह अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए अपने प्रत्याशी को जीत की संभावना के साथ टिकट दिए हैं। पार्टी का मानना है कि मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव जीत नहीं पाए तो भी अच्छा प्रदर्शन करके वोट प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होंगे। इसी रणनीति के चलते ही बसपा ने दलित समुदाय को प्रतिनिधित्व देने के साथ 18 सवर्ण और 16 ओबीसी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। बसपा के मुस्लिम और सवर्ण प्रत्याशी पश्चिम उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों की चुनौती कमजोर करते नजर आए, तो कहीं-कहीं भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने।

जौनपुर, मेरठ, मैनपुरी, बस्ती, बंदायू, आजमगढ़ समेत जैसी सीटों पर बसपा ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ साथ भाजपा की राह भी मुश्किल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतरकर बसपा ने भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है, तो यहां बसपा ने ब्राह्मण समाज के ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। मैनपुरी में प्रत्याशी बदलकर यादव उम्मीदवार उतारकर डिंपल यादव की परेशानी बढ़ा दी है।





### पार्टी का प्रदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| 2009 | 20 सीटें | 27.42% वोट |
| 2014 | 00 सीटें | 19.77% वोट |
| 2019 | 10 सीटें | 22.43% वोट |

- पार्टी ने अपना गिरता वोट बैंक संभालने के लिए लिया था अकेले चुनाव लड़ने का फैसला
- 20 मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनौती कमजोर करने का प्रयास
- सवर्ण और ओबीसी को कई सीटों पर टिकट देकर भाजपा के लिए भी खड़ी कर दी परेशानी
- विधानसभा चुनाव में भाजपा के कथित मौन समर्थन का टैग हटाया, आकाश को दी नई जमीन

# फतेहपुर में सपा तय नहीं कर पा रही उम्मीदवार

**फतेहपुर।** फतेहपुर संसदीय सीट पर भाजपा चुनाव प्रचार में आगे चल रही है। यहां से पार्टी ने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को पुनः मौका दिया है। जबकि बसपा ने कानपुर देहात के रहने वाले डॉ. मनीष सचान पर दांव खेला है। सपा अभी प्रतयाशी को लेकर असमंजस में है। पार्टी नेतृत्व अभी यह तय नहीं कर पा रहा है कि उसका चेहरा कौन होगा। कभी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम पर चर्चा होती है तो कभी पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल के नाम की। पार्टी कार्यकर्ता भी परेशान हैं क्योंकि भाजपा और बसपा के उम्मीदवार जनता से मिल रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। निरंजन ज्योति लगातार दो बार से इस सीट पर जीत रही हैं। 2009 में सपा से राकेश सचान जीते थे। अब वे भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

## ओपी राजभर की प्रतिष्ठा फंसी

मऊ। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के लिए घोसी सीट का चुनाव प्रतिष्ठा बन गया है। यहां उनके बेटे अरविंद राजभर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें घेरने के लिए सपा- कांग्रेस ने राजीव राय तो बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उतारा है। राजीव राय जहां ओपी राजभर से नाराज भाजपा नेताओं को साधने में जुटे हैं तो दलित और मुस्लिम मतदाताओं को जोड़कर जीतने की कोशिश में बाल कृष्ण चौहान भी ताकत लगा रहे हैं। नेता भले ही बाहर से अरविंद राजभर के साथ नजर आ रहे हैं लेकिन पूर्व में दिए तीखे बयानों के कारण वे दिल से उनके साथ नहीं जुड़ पा रहे हैं।




**भरी हुंकार**
आगरा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें कार्यकर्ताओं ने गदा भेंट किया।

**चुनावी रंग**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के रोड शो में तिलक नगर में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का मुखौटा लगाकर विराधी दलों के नेताओं को जवाब दिया।

# कालीन नगरी में हैट्रिक लगाने को भाजपा ने रचा चक्रव्यूह

**भदोही संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** कालीन उत्पादन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध भदोही संसदीय सीट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। ममता ने कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के वंशज ललितेश त्रिपाठी को यहां से उतारा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उन्हें यहां से जीत दिलाने के लिए रात- दिन लगे हुए हैं। ललितेश के कंधे पर भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद रमेश चंद बिंद का टिकट काटकर विनोद कुमार बिंद को दिया है। जीत की हैट्रिक लगाने को भाजपा ने यहां मजबूत चक्रव्यूह रचा है जिसे भेदने के लिए टीएमसी उम्मीदवार के साथ ही बसपा के इरफान अहमद बब्लू भी जूझ रहे हैं। भदोही संसदीय सीट 2008 के परिसीमन में अस्तित्व में आई थी। पहले यह सीट भदोही- मिर्जापुर के नाम से जानी जाती थी। 2009 में जब पहला चुनाव हुआ तो बसपा ने जीत दर्ज की, लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद बने। उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। तब सपा तीसरे, जदयू चौथे और कांग्रेस का उम्मीदवार पांचवें स्थान पर था। 2019 में पार्टी ने वीरेंद्र सिंह मस्त के स्थान पर रमेश चंद बिंद को उम्मीदवार बनाया तो वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस चुनाव में भी बसपा उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे। तब सपा से बसपा का गठबंधन था। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व सांसद रमाकांत यादव मात्र 25604 वोटों पर ही सिमट गए थे। भाजपा ने फिर टिकट बदला है और विनोद कुमार बिंद पर भरोसा जताया है। विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर जिले की मझवां विस सीट से निषाद पार्टी के विधायक हैं। चंदौली निवासी डॉ. बिंद को 2022 के चुनाव में ज्ञानपुर विस सीट से सपा ने पहले उम्मीदवार बनाया था बाद में टिकट काट दिया था। इससे नाराज होकर वे निषाद पार्टी में शामिल हो गए थे मझवा सीट से मैदान में उतरे और जीते भी।


विनोद कुमार बिंद।


ललितेश त्रिपाठी।


इरफान अहमद बब्लू।

- समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ा है
- ममता बनर्जी ने ललितेश त्रिपाठी तो भाजपा ने विनोद कुमार बिंद को उतारा

### तीन विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा



- भदोही लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से प्रतापपुर, हंडिया और भदोही सीट समाजवादी पार्टी के कब्जे में है जबकि ज्ञानपुर से निषाद पार्टी और औराई से भाजपा का विधायक है। विधानसभा चुनाव परिणाम को ध्यान में रखकर बात करें तो इस चुनाव में सपा का पलड़ा भारी दिखता है लेकिन भाजपा उम्मीदवार को मोदी की गारंटी का पूरा भरोसा है। वैसे भी तृणमूल कांग्रेस का इस क्षेत्र में कोई आधार नहीं है उसे सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के दम पर ही चुनाव लड़ना है। ललितेश कांग्रेस से बगावत कर टीएमसी में शामिल हुए थे। इससे भी कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे नाराज दिखते हैं। हालांकि बसपा भी यहां लड़ाई में दिख रही है। पार्टी के उम्मीदवार लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और पार्टी के परंपरागत दलित मतदाताओं व मुस्लिम मतदाताओं के सहारे वे जीत का गणित लगा रहे हैं।

# राजनाथ के पास 7, कौशल के पास 5 करोड़ की संपत्ति

## प्रत्याशियों ने शपथ पत्र दाखिल कर आय और परिवार का दिया ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** लखनऊ और मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी करोड़पति हैं। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह पांच वर्ष में वार्षिक आय करीब सात लाख रुपये बढ़ गई है। राजनाथ सिंह ने 1969 में गोरखपुर विश्वविद्यालय से विज्ञान वर्ग में स्नातक और 1971 में स्नातकोत्तर किया था।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की वर्ष 2019 में सालाना आय 17 लाख 76 हजार 660 रुपये थी जो पांच वर्षों में बढ़कर 2024 में 25 लाख 28 हजार 887 रुपये हो गई है। उनके पास 75 हजार की नगदी, चार लाख बीस हजार रुपये का 60 ग्राम सोना है। साथ ही चार लाख की अंगूठियां पहनते हैं। उनके पास 32 बोर की रिवाल्वर और दो नाली बंदूक भी है। राजनाथ सिंह के पास नगदी, जेवरात, असलहा और बैंक खातों में कुल 3 करोड़ 11 लाख 32 हजार 962 रुपये है। इनके पास एक करोड़ 47 लाख 30 हजार रुपये की कृषि योग्य भूमि है, जबकि गोमती नगर विपुल खंड में 45 सौ वर्ग फीट निर्मित मकान की कीमत 1 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये है। मकान और खेती की जमीन की कुल कीमत 3 करोड़ 34 लाख 80 हजार रुपये है। रक्षामंत्री की पत्नी सावित्री सिंह के पास 45 हजार नगदी, 52 लाख 50 हजार रुपये के सोने के जेवरात, नौ लाख 37 हजार रुपये की साढ़े बारह किलो चांदी है। वहीं मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर की वार्षिक आय 10 लाख 38 हजार 700 रुपये है। जबकि पत्नी जया की वार्षिक आय 4 लाख 77 हजार 790 रुपये है। कौशल के पास तीन लाख रुपये नगद और पत्नी के पास 1 लाख 80 हजार रुपये है। पत्नी के पास पांच लाख रुपये का सौ ग्राम सोना, 43 हजार रुपये की चांदी के जेवरात और एक लाख रुपये की एक पिस्टल है। नगदी, जेवर और पिस्टल मिलाकर 63 लाख 34 हजार 860 रुपये की संपत्ति है। कौशल के पास सवा लाख रुपये का एप्पल फोन सहित 44 लाख 72 हजार 134 रुपये की संपत्ति है। कौशल किशोर के पास 4 करोड़ 31 लाख रुपये की चल और अचल संपत्ति है। जबकि विधायक पत्नी जया के पास 2 करोड़ 12 लाख रुपये की संपत्ति है। कौशल ने 1977 में कालीचरण इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की और शिया कॉलेज से 1979 स्नातक की पढ़ाई अधूरी छोड़ दी।

## फसल बचाने के प्रयास में जिंदा जल गया किसान

**महोबा, अमृत विचार :** खेत में थ्रेसिंग कराने के लिए रखी फसल में आग लग गई और आग बुझाने के प्रयास में किसान जिंदा जल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दमकल विभाग के जवानों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया, लेकिन किसान की पूरी फसल जलकर बर्बाद हो गई।

कुलपहाड़ क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास देशराज यादव के खेत में गेहूं की फसल रखी हुई थी। तभी अचानक फसल में आग लग गई। आग की लपटों ने खेत के किनारे बने पशुवाड़े को भी अपनी चपेट में ले लिया। किसान पानी लेकर फसल के पास गया, इसी बीच आग फसल के दूसरे छोर में भी लग गई, जिससे किसान आग के बीच में फंस गया। यह देखकर ग्रामीण दौड़ पड़े और चारों तरफ से आग बुझाने लगे, इसी बीच कुछ ग्रामीणों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दे दी। दमकल विभाग ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तबतक किसान की जिंदा जलकर मौत हो गई और फसल भी जलकर राख हो गई।

## आपराधिक जांच में सहयोग को अपने दायित्व का पालन करें बैंक अधिकारी

विधि संवाददाता,प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिन- प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर अपराधों और उनकी जांच में सहयोग न करने वाले बैंक अधिकारियों के ढुलमुल रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बैंक अधिकारियों से कानून का पालन करने वाले नागरिक होने की उम्मीद की जाती है जो पुलिस द्वारा की जा रही आपराधिक जांच में सहयोग करने के लिए अपने कानूनी दायित्व का पालन करें।

कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उन बैंक अधिकारियों के खिलाफ उचित आपराधिक कार्यवाही की जाए जो ऐसे मामलों में सहयोग नहीं करते हैं। पुलिस के पास साक्ष्य छिपाने या अपराध की जांच में बाधा डालने वाले अपराधियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्यवाही करने का पूरा अधिकार है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजय भनोट की पीठ ने आलोक झा द्वारा दायर दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की। मौजूदा मामले में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं और आईटी अधिनियम की धारा 66 डी के तहत पुलिस स्टेशन -पिलखुवा, हापुड़ में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बहस के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बैंक अधिकारियों के कथित असहयोग के कारण जांच एजेंसी अपना काम ठीक ढंग से नहीं कर पा रही है।

बैंक अधिकारी महत्वपूर्ण साक्ष्य को छिपा रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। इस पर कोर्ट ने कहा कि साइबर अपराध का खतरा समय के साथ भयानक रूप ले रहा है। ऐसे में पुलिस और बैंक अधिकारियों का ढीला रवैया संपूर्ण आपराधिक जांच के ढांचे को कमजोर बनाता है। कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए निचली अदालत को भी संबंधित बैंक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### डीजी सुभाष चंद्र, आनंद कुमार आज सेवानिवृत्त होंगे



**लखनऊ, अमृत विचार :** लंबे समय तक पुलिस विभाग में सेवाएं देने के बाद दो आईपीएस अफसर आज सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सेवानिवृत्ति के दौरान आज पुलिस मुख्यालय में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीजीपी प्रशांत कुमार समेत समस्त वरिष्ठ अफसर मौजूद रहेंगे। 1990 बैच के आईपीएस आफिसर सुभाष चंद्र वर्तमान में महानिदेशक साइबर क्राइम के पद पर तैनात हैं। मूल रूप से हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले सुभाष चंद्र ने यूपी में पुलिस विभाग के कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां निभाई। उधर, 1988 बैच के आईपीएस आनंद कुमार वर्तमान में महानिदेशक सीबीसीआईडी हैं। मूल रूप से पटना के रहने वाले आनंद कुमार को 2021 में अति उत्कृष्ट सेवा मेडल भी मिल चुका है।

### कांग्रेस ने राजनाथ व स्मृति इरानी से पूछे सवाल

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को केंद्रीय मंत्रियों भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह व स्मृति इरानी से सवाल पूछे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डा. सीपी राय ने कहा कि नामांकन करने वाले इन नेताओं को जनता के सवालों का जवाब देना जरूरी है। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राजनाथ सिंह ने देश के रक्षा मंत्री रहते हुए देश की भूभागीय अखंडता और अस्मिता से समझौता क्यों किया? उन्होंने कहा कि चीन की सेना लद्दाख में भारत की सीमा में घुसकर बैठी है। 52 पेट्रोलिंग प्वाइंट में से 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर हमारी सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दिया जा रहा है। विश्व की सबसे ऊंची हवाई पट्टी दौलत बैंग ओल्डी के नीचे वाई जंक्शन पर पेट्रोलिंग प्वाइंट 10 से 13 तक चीन की सेना बैठी है। नेताओं ने कहा कि अमेठी की सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी में अपनी आलीशान कोठी का निर्माण कराया, जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी अमेठी की जनता को बतौर सांसद अपने पांच काम बताएं फिर चुनाव में जायें।

### 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 को प्रदेश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को प्रदेश में 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई। एक मार्च से अब तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित 90.42 लाख रुपये की 36,1700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग व आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। अब तक 3211.02 लाख रुपये नकद, 4583.70 लाख रुपये की शराब, 21850.88 लाख रुपये की ड्रग्स, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 1156.39 लाख रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गई है।

### प्रसार भारती के अध्यक्ष ने किया रामलला का दर्शन-पूजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या दौरे पर आए प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अफसरों के साथ रामलला की आरती के सजीव प्रसारण की समीक्षा की। अफसरों को कार्रवाई का निर्देश दिया। अध्यक्ष सहगल महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचे। यहां प्रसार भारती के अधिकारियों के साथ बैठक की। अयोध्या में मौजूद पुजारियों सतेंद्र दास सहित अन्य पुजारी, श्री राम जन्म भूमि न्यास के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, विश्व हिंदू परिसद के संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज से विचार विमर्श किया। सुझाव लिया कि कैसे इसका और बेहतर प्रसारण हो।

## बिजली कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन दिये गये पेंशन प्रपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन सोमवार को पेंशन प्रपत्र दिये गये। शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने इन कर्मियों को प्रपत्र सौंपे। कॉरपोरेशन की ओर से पिछले माह से इस तरह की नई शुरुआत हुई है, जिसके तहत कर्मियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन व अन्य प्रपत्र सौंपे जाते हैं, ताकि सेवानिवृत्त कर्मियों को कोई दिक्कत न होने पाये।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पहले ऊर्जा निगमों में सेवानिवृत्ति के बाद कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिये परेशान होते थे। उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनवरी माह में पेंशन के 600 मामले लम्बित थे, जो तीन महीने में मात्र 92 रह गये हैं। पेंशन अदालतें चालू की गई हैं जो प्रत्येक तीन महीने पर लगाई जाती हैं। अगली पेंशन अदालत जून में होगी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों अध्यक्ष ने साधना भटनागर (प्रमुख निजी सचिव), रामनरेश पाल (सहायक अभियंता), लक्ष्मी नारायण पांडे (अवर अभियंता), रागिनी शर्मा (स्टेनोग्राफर) व अरुण कुमार पांडे (स्टेनो-ग्रेड-2) शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्य विद्युत उत्पादन निगम के प्रबंध निदेशक रणवीर प्रसाद समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बसपा ने अमेठी में प्रत्याशी बदला, तीन सीटों पर प्रत्याशी उतारे

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी ने एक दिन बाद ही सोमवार को अमेठी में प्रत्याशी बदलते हुए तीन सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवा लाल गौतम ने 10वीं सूची जारी करते हुए अमेठी से नन्हें सिंह चौहान, प्रतापगढ़ से प्रथमेश मिश्रा और झांसी से रवि प्रकाश कुशवाहा को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने रविवार को अमेठी में रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया था। प्रत्याशित घोषित किये 24 घंटे भी नहीं बीतें, पार्टी ने प्रत्याशी बदलकर सभी को चौका दिया है। पांचवे चरण की सीटों में अमेठी व रायबरेली सीट पर अभी तक कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। इससे यह दोनों सीट चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

## भाजपा ने यशवंत का निष्कासन वापस लिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने एमएलसी और पूर्व मंत्री यशवंत सिंह का निष्कासन रद करते हुए उन्हें अपना लिया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को यशवंत सिंह को पत्र जारी कर उनका निष्कासन समाप्त कर दिया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वह फिर से पार्टी के विचारों के प्रति समर्पण व निष्ठा के साथ पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे।

भाजपा ने अप्रैल 2022 में एमएलसी यशवंत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। उस वक्त यशवंत सिंह को आजमगढ़-मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपने बेटे विक्रांत सिंह रिशू को निर्दलीय चुनाव लड़ाने व प्रचार प्रसार करने का आरोपित पाया गया था। इस बीच सूत्रों के मुताबिक, यशवंत सिंह घोसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। घोसी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

### योगी के लिए ही खाली की थी परिषद की सीट



योगी आदित्यनाथ के साल 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उस समय यशवंत सिंह सपा से विधान परिषद के सदस्य थे और जब योगी ने 2017 में उप्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तब वह विधानमंडल के किसी सदन के सदस्य नहीं थे। नियमानुसार छह माह के भीतर ही योगी को विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना जरूरी था। उस समय सबसे पहले यशवंत सिंह ने विधान परिषद की सदस्यता से त्यागपत्र देकर योगी के लिए विधान परिषद की राह आसान की थी। योगी 2017-2022 के अपने पहले कार्यकाल में विधान परिषद सदस्य रहे और इस बार विधानसभा चुनाव में गोरखपुर शहर क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं। यशवंत सिंह को बाद में भाजपा ने विधान परिषद में भेजा। उनका कार्यकाल पांच मई 2024 तक है।

## अब मथुरा में बजेगी श्रीकृष्ण की बांसुरी : पाठक

कार्यालय संवाददाता,बांदा



बांदा के जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा में मंच पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, मंत्री राकेश सचान व अन्य। ● अमृत विचार

● **भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में विपक्षियों पर बरसे डिप्टी सीएम**

**अमृत विचार :** शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस चुनाव को रामभक्तों और रामभक्तों पर गोली चलाने के बीच की जंग बताते हुए कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया। वहीं निकट भविष्य में मथुरा स्थित भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर बांसुरी बजाने के संकेत देकर बहुसंख्यकों में उत्साह भरा।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट से कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह पटेल का नामांकन दाखिल कराया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनसभा को संबोधित किया। डिप्टी सीएम ने कहा कि जल्द ही मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विवाद सुलझाकर वहां श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए लोकसभा चुनाव को धर्मयुद्ध बताया। कहा कि एक तरफ धर्म आधारित भारतीय जनता पार्टी है, तो दूसरी तरफ सनातन विरोधी, अधर्मी व भ्रष्टाचारी राजनीतिक दल हैं। कहा कि रामभक्तों का सीना गोलियों से छलनी करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर के साथ ही देश को विकास के पथ पर सरपट दौड़ाने का काम किया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही एक्सप्रेस-वे की सौगात मिल रही है। कहा कि भाजपा की सरकार में बच्चों को मिड-डे-मील, जूता-मोजा, ड्रेस के साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। नसभा को भाजपा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल के अलावा प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद आदि ने भी संबोधित किया।

## आईआईटी कानपुर ने वायु प्रदूषण के नए स्रोत पहचाने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है शोध**

**अमृत विचार :** आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने वायु प्रदूषण की नए सिरे से पहचान की है। प्रदूषण के नए स्रोत की जानकारी और उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को भी पहचाना है। रिपोर्ट को नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। इस शोध के लिए पांच शहरों के साथ राजधानी क्षेत्र से भी नमूने लिए गए थे।

आईआईटी कानपुर के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने यह शोध किया है। इस शोध ने उत्तरी भारत में हानिकारक वायु प्रदूषकों के प्रमुख स्रोतों के साथ उनके मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। अध्ययन से पता चलता है कि स्थानीय उत्सर्जन, विशेष रूप से विभिन्न ईंधनों के अधूरे दहन से, क्षेत्र में खराब वायु गुणवत्ता स्वास्थ्य प्रभावित करते हैं। प्रोफेसर सच्चिदानंद त्रिपाठी ने कहा कि वायु प्रदूषण के स्रोतों और उत्तरी भारत में मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव के बारे में नए अध्ययन से इससे निपटने की प्रभावी रणनीति विकसित करने में मदद करेगी। इस अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली के अंदर यातायात, आवासीय हीटिंग और औद्योगिक गतिविधियों से अमोनियम क्लोराइड और कार्बनिक एरोसोल का उत्पादन बढ़ा है। इस समस्या में लकड़ी, गोबर, कोयला और पेट्रोल जैसे ईंधन का अधूरा दहन भी शामिल है। इससे हानिकारक कण बनते हैं जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## वर्ग पहेली-55

**बाएं से दाएं**

2. 1. चमड़े का काम करने वाला 2. जूते सीलने तथा बनाने वाला कारीगर।

5. 1. लेख आदि की प्रतिलिपि करने वाला व्यक्ति 2. लिखने वाला, लेखक 3. मुंशी, मुहर्रिर 4. लीथो प्रेस पर छपने के लिए एक विशेष कागज़ पर विशेष स्याही से लिखने का काम करने वाला व्यक्ति।

7. 1. हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी 2. खजांची।

8. 1. सीढ़ी 2. देहरी, चौखट, दहलीज़।

9. दम घोंटने वाला, सांस फुला देने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. घूंसा, मुष्टिकाप्रहार 2. वह प्रहार या चोट जिसके पड़ने से 'धम' शब्द हो ; धमका।

3. एक औषधीय वनस्पति, यष्टिमधु, मुलेठी।

4. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाला एक शासक

6. तीन पहिए या चक्केवाला।

7. 1. अनुचर, हमेशा साथ-साथ रहने वाला 2. सेवक, नौकर, सेवा में रहने वाला 3. कर्मचारी।



### वर्ग पहेली -54 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ख | नि | 2 ज | ते | ल | |
| | | | मा | | | |
| | 3 तु | 4 क | मा | | 5 लि | |
| 6 हं | | 7 सा | र | भा | टा | |
| भा | | व | | | 8 ना | की |
| | 9 ठा | ट | बा | ट | | |

## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

### सुडोकू -133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07.05 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तरषाढ़ा 1 मई 04.09 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** - आज विवाहित लोगों को अपने लिए कुछ नया करने का विचार मन में आएगा तथा आपका पार्टनर उसमे भरपूर साथ देगा जो आपको आनंदित करेगा। दोनों के बीच आपसी स्नेह में बढ़ोत्तरी होगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे।

**वृष** - आज अपने प्रतिद्वंद्वियों पर नजर बनाकर रखें क्योंकि वे आपका नुकसान कर सकते हैं। व्यापार में आपके पास ऐसे समझौते आएंगे जो दिखने में तो आकर्षित होंगे लेकिन यह आपके लिए अनुचित सिद्ध हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज नौकरी कर रहे लोगों का मन अपने काम से उब सकता है तथा वे अपने लिए नई नौकरी की तलाश कर सकते हैं। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे। आपको अपने मित्रों की ओर से कुछ अच्छा अवसर भी मिल सकता है।

**कर्क** - आज आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे जो व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। आपके मित्र भी आपका सहयोग करेंगे लेकिन आप किसी चीज़ को लेकर संशय में रहेंगे। भूमि संबंधी निवेश में लाभ मिलेगा। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे।

**सिंह** - आज आपके मृदु स्वभाव के कारण घर में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा सभी के मन में आपके प्रति सम्मान और बढ़ेगा। ऐसे में आपको अपने मित्रों का सहयोग भी मिलेगा जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी। मन में काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या** - आज उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे तथा आपके सहपाठी भी आपसे प्रसन्न होंगे। परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हो सकती है जिससे आपका मन आशंकित रहने की भी संभावना है।

**तुला** - आज प्रेम जीवन के लिए दिन उत्तम है। विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के प्रति कुछ यादगार अनुभव रहने की संभावना है जिससे आप दोनों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। आप किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** - आज स्कूल के छात्र अपना समय रचनात्मक कार्यों में देंगे जिसमें उन्हें आनंद की अनुभूति होगी। किसी भी कार्य को शुरू करते समय आप संशय में रहेंगे लेकिन अंत में उसमें सफलता मिलेगी। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे।

**धनु** - आज इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे लोगों को किसी का सहयोग मिल सकता है जिससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा तथा भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन मिलेगा। आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है।

**मकर** - आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम से संतुष्टि मिलेगी तथा ऑफिस में उनके काम की प्रशंसा होगी। सहकर्मी आपके काम से प्रसन्न होंगे तथा आपके साथ मिलकर कुछ नया प्लान भी करेंगे। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है तथा आपका अपने परिवार वालों के साथ संबंध और मधुर बनेगा। घर में कोई नई खुशी आ सकती है जिसमे सभी सम्मिलित होंगे। किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे तो उसमे असफलता मिलेगी।

**मीन** - आज श्वास की बीमारी से जुड़े रोगी अपना विशेष ध्यान रखें तथा प्रदुषण वाले क्षेत्रों से दूरी बनाकर रखें। अस्थमा के रोगियों को यदि कहीं बाहर जाना है तो हमेशा अपने साथ इनहेलर रखें। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U MOVIES | स्वीकार किया मैने | सुबह : 08.26 |
| B4U MOVIES | यमला पगला दीवाना | शाम : 05.52 |
| SONY MAX | अशिकी | सुबह : 11.00 |
| SONY MAX | हिट द फर्स्ट केस | रात : 09.00 |
| SONY PIX | रेडी प्लेयर वन | दोपहर : 12.48 |
| SONY PIX | क्लैश ऑफ़ द टाइटन्स | शाम : 06.58 |
| ZEE CINEMA | प्रेम | सुबह : 11.40 |
| ZEE CINEMA | तमाशा | शाम : 06.00 |
| colors CINEPLEX | चिराग | सुबह : 09.23 |
| colors CINEPLEX | अग्निपथ | रात : 09.33 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम :06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति - जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज- पर क्यों?
पति-जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज- एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से- तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड- मेरे पापा चीन के थे।
सोनू- तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड- वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू- हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53800-54000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,650 |
| सोना रवा | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71000 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,100 |
| चांदी आभूषण | 82,000 |

## मुरादाबादमंडी

दाल चन : 75-76 रुपये मसूर : 88-90 रुपये मलका : 82-85 रुपये अरहर : 118-125 रुपये उड़द : 95-101 रुपये धोआ उड़द : 110-120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

### ओस्टर ग्लोबल ने की 440 करोड़ के कोष की घोषणा

**नई दिल्ली।** ओस्टर ग्लोबल ने 440 करोड़ के कोष का प्रयोग प्रौद्योगिकी आधारित उभरते क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि ओस्टर इंडिया पिनेकल फंड स्थापित उपभोग-संचालित क्षेत्रों और उभरते प्रौद्योगिकी-आधारित नवीन क्षेत्रों दोनों को समर्थन देना चाहता है।

# खरीदारी से लौटी रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

## अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया नतीजों और बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट से बाजार में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी



- आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई पांच प्रतिशत की तेजी
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिरावट

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में पांच प्रतिशत की तेजी ली। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित लाभ 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ होने से शेयरों को रफ्तार मिली। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त में सफल रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से घरेलू स्तर पर बाजारों में उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया। पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97% और स्मालकैप सूचकांक में 0.07% की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंक खंड में 2.70% और वित्तीय सेवा खंड में 1.81% की तेजी रही जबकि रियल्टी एवं सेवा खंड में गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कारोबारी सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और बाजार एक प्रतिशत चढ़ गया। अनुकूल वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से कारोबार को समर्थन मिला।

### नियामक शुल्क पर सेबी के निर्देश के बाद बीएसई का शेयर 19% टूटा

**नई दिल्ली।** सेबी ने प्रीमियम मूल्य के बजाय अपने विकल्प अनुबंधों के कुल मूल्य के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे बीएसई के शेयर में सोमवार को 19 फीसदी की गिरावट आई। इसका कारण उसे अब अधिक नियामक शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। एनएसई पर शेयर 18.63 फीसदी गिरकर 2,612.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर 103.10 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। बीएसई ने शुक्रवार को एनएसई को बताया कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के मामले में कुल मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही उसे पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त विनियामक शुल्क का भुगतान ब्याज सहित करने को कहा गया है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक पत्र मिलने के एक महीने में उक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीएसई ने कहा था कि वह सेबी के पत्र के अनुसार दावे की वैधता का मूल्यांकन कर रहा है। सभी अनुबंधों के खरीद/बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि प्रीमियम टर्नओवर सभी अनुबंधों पर भुगतान किए गए प्रीमियम का योग है।

# बैंकों पर लुकआउट आदेश का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी




- बंबई हाईकोर्ट ने कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट या एलओसी जारी करने से बैंक को रोका है

वित्त मंत्रालय बंबई हाईकोर्ट के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का मूल्यांकन करेगा। अध्ययन के बाद फैसला होगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

# ब्लूपाइन एनर्जी ने सौर परियोजना के लिए 418 करोड़ का लिया ऋण

नई दिल्ली, एजेंसी



- परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र से सालाना 3.23 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

परियोजना से सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7 लाख मकानों को बिजली मुहैया कराई जा सकेगी। ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बताया कि गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एचडीएफसी बैंक के ऋण से संभव हुआ है। बयान में कहा गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 418 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।

### टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक से समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक से समझौता किया है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन उपाध्यक्ष राजेश कौल ने कहा कि हमारे ग्राहकों को उनके वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्तपोषण समाधान तक आसान पहुंच उनके संचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

# सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

गुरुग्राम, एजेंसी




- स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का लगाया था आरोप

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है। महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा कि इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा कि नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने कहा था कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु आहार की बिक्री की। इन आरोपों पर नेस्ले इंडिया के प्रमुख ने कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के भोजन के लिए हर उत्पाद वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा, "पोषण संबंधी पर्याप्तता का अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 48 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किग्रा हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार और अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था। उनका नेटवर्क पांच देशों ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला था।, यह गिरोह जम्मू-कश्मीर और गुजरात में भी सक्रिय था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से नकदी गिनने की मशीन और तीन आलीशान गाड़ियों के साथ कुल 21 लाख रुपये की अवैध धनराशि भी जब्त की गई है। यादव ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के खेल को मिजोरम का बताया गया

**इंफाल।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के लोकप्रिय खेल को मिज़ोरम का बताए जाने के कुछ दिनों बाद भाजपा विधायक ने तत्काल इसमें सुधार की मांग की है। मणिपुर से भाजपा विधायक आर के इमो सिंह ने एक्स पर कहा, मुकना-कांगजेई मणिपुर का पारंपरिक खेल है। यह हॉकी का एक प्रकार है और इसमें कुश्ती भी शामिल है, इसलिए इसे कुश्ती-हॉकी के नाम से जाना जाता है। एनसीईआरटी ने इस खेल का मिज़ोरम से संबंध प्रकाशित कर बड़ी गलती की है। एनसीईआरटी को इस गलती को तुरंत सुधारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने शिक्षा संबंधी सामग्रियों में सटीकता के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय खेलों के संबंध में। शिक्षक संघ ने अधिकारियों से त्रुटि को जल्दी से ठीक करने का आग्रह किया।

### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है। सुकमा एसपी एसपी किरन के अनुसार सुरक्षाबल को मुखबिर से किस्टाराम थाना क्षेत्र के पेसेलपाड़ और उसके आसपास के पहाड़ों और जंगल में नक्सलियों की सूचना मिली थी। डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ 208 कोबरा बटालियन की टीम को मौके के लिए रवाना हुई। सुरक्षाबल के जवान जैसे ही मौके पर पहुंचे तभी नक्सलियों ने उन पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग गए। सर्च ऑपरेशन में जवानों ने घटनास्थल से हथियार समेत एक नक्सली का शव बरामद किया है।

### मलबे की चपेट में आई जीप, दो लोगों की मौत्

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जुब्बल उपमंडल के तहत सनेल में रविवार देर रात जीप के ऊपर भारी मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल राजीव संख्यान ने सोमवार यह जानकारी दी। सतीश मृतकों की पहचान रोहड़ू निवासी सतीश कुमार और बिशम्बर शर्मा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में क्रमश 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

### छत्तीसगढ़ : सड़क दुर्घटना में नौ की मौत

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई तथा 22 घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए। पुलिस सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास पिकअप मालवाहक से टकरा गया, जिससे मौके पर ही पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना में 22 लोग घायल हो गए। पथर्रा गांव के लोग पिकअप से तिरैया गांव गए थे। जब वे लौट रहे थे तब पिकअप सड़क किनारे खड़े मालवाहक से टकरा गया।

# भाजपा-आरएसएस की संविधान को बदलने की योजना: राहुल

## उत्तर गुजरात के पाटण शहर की चुनावी रैली में कांग्रेस नेता ने साधा निशाना

पाटण (गुजरात), एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वह दलितों, आदिवासियों, सामान्य श्रेणी के गरीबों तथा ओबीसी की भागीदारी बढ़ाने के लिए देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी। उत्तर गुजरात के पाटण शहर में लोकसभा उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर के समर्थन में चुनावी रैली में राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा और आरएसएस की सत्ता में आने के बाद संविधान को बदलने की योजना है।

उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदायों की है लेकिन आपको कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पतालों, निजी विश्वविद्यालयों या नौकरशाही में उनका प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा। हम सत्ता में आने के बाद सबसे पहले जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे। आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और वह संविधान भी बदलना चाहता है जो लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, पानी जैसी सुविधाओं के साथ ही उन्हें मिले अधिकारों का आधार है। राहुल ने कहा कि भाजपा नेता कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे जो गरीबों की रक्षा करता है। मोदी चाहते हैं कि केवल 22-25 लोगों का संपत्ति, ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण हो। उनके 10 साल के शासन में यह सब कुछ हुआ है। महज एक प्रतिशत आबादी 40 प्रतिशत संपत्ति को नियंत्रित करती है।

### प्रियंका गांधी ने सेक्स स्कैंडल पर मोदी, अमित शाह को घेरा



**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कथित सेक्स स्कैंडल पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि मामले में आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना महिलाओं पर अत्याचार कर देश छोड़ने में कैसे कामयाब हो पाए? कलबुर्गी जिले के सेडम शहर में चुनावी रैली में वाड्रा ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं के खिलाफ अत्याचार करने वालों को बचा रहे हैं। प्रज्वल रेवन्ना जिसने मोदी के साथ मंच साझा किया और जिसके लिए मोदी ने वोट मांगे, उसने हजारों महिलाओं पर अत्याचार किया। मैं मोदी और अमित शाह से पूछना चाहती हूं कि वे इस बारे में क्या कहना चाहते हैं? कुछ समय पहले जब वह तीन दिन के लिए अपनी बेटी (विदेश) से मिलने गईं तो मोदी और शाह कहने लगे कि वह (प्रियंका) विदेश चली गईं।

### धन शोधन में निलंबित आईएएस की जमानत याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए रद कर दी कि यह एक असाधारण मामला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से ईडी ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि मामले में सुनवाई जल्द पूरी होगी। आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार किए। यह कोई सामान्य नहीं बल्कि असाधारण मामला है। इस मामले में कुछ तो गलत है। हम याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। कोर्ट ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी।

# डॉ. कीर्ति काले को मिला निराला श्री सम्मान




नई दिल्ली के हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के आयोजित समारोह में निराला श्री सम्मान लेतीं डॉ. कीर्ति काले।

नई दिल्ली

- पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से किए गए सम्मानित

नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. कीर्ति काले को निराला श्री सम्मान और भोपाल के मदन मोहन समर को साहित्य भारतीय सम्मान दिया गया। पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, सम्मान ट्रॉफी, 21 हजार नकद आदि दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया रहे। जटिया ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने काव्य पाठ किया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी मंडल ने 39 वर्ष पूर्ण करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुंवर रायजादा, डॉ. शुभ्रा सिंह, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज,सरोज शर्मा,सरिता जैन, राकेश मेहरा, रमेश कुमार गंगेले, सुनीता पूनिया, एसएस डोगरा, बलजीत कौर तन्हा, विकास यश कीर्ति, शिव कुमार दाधीच (बीकानेर) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन और हरि प्रकाश आदि अनेक कवि और साहित्यकार उपस्थिति रहे।

मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता का जन्मदिवस भी मनाया गया। कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# रेवंत रेड्डी को समन जारी असम में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली/हैदराबाद, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैलाए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सिलसिले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने को कहा है। भाजपा शासित कुछ राज्यों ने भी मामले में कार्रवाई की है और पहली गिरफ्तारी असम में हुई है।

पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया था। रेड्डी को पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन साथ लाने को कहा गया है जिसका इस्तेमाल फर्जी वीडियो साझा करने में किया गया था। कर्नाटक के सेडम में कांग्रेस की चुनावी रैली में रेड्डी ने कहा कि ऐसे नोटिस से कोई नहीं डरता। प्रधानमंत्री मोदी अब चुनाव जीतने के लिए दिल्ली पुलिस का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, असम पुलिस ने फर्जी वीडियो मामले में रीतम सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

## शाह का फर्जी वीडियो मामला

### जयपुर में भी प्राथमिकी दर्ज

**जयपुर।** भाजपा के सोशल मीडिया विभाग के प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत और सोशल मीडिया विभाग के सह संयोजक अजय विजयवर्गीय ने अमित शाह की वीडियो से छेड़छाड़ कर उसे वायरल करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ये जयपुर के साइबर अपराध थाने में सोमवार को दर्ज कराई गई।

### भाजपा ने की आयोग से शिकायत कांग्रेस पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को कांग्रेस के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारने के लिए अमित शाह का फर्जी वीडियो प्रसारित किया। साथ ही कांग्रेस पर कार्रवाई की भी मांग की। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और राष्ट्रीय मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने टीएमसी की भी शिकायत की और आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी हिंसा को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है।

### सेक्स स्कैंडल विवाद: दोषी साबित होने पर राजग उम्मीदवार प्रज्वल पर होगी कार्रवाई: कुमारस्वामी

शिवमोग्गा, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने हासन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल विवाद पर टिप्पणी करते हुए जद (एस) की जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

कुमारस्वामी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत है। उन्होंने कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एक कथित पेन ड्राइव साक्ष्य जारी करने के बारे में उन्होंने कहा कि इसका खुलासा उचित समय पर किया जाएगा। कुमारस्वामी ने पिछले जुलाई में यह मामला उठाया था, जिसमें सिद्दारमैया सरकार में एक कैबिनेट मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आरोप काफी बड़े हैं।

# नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

कोटा (राजस्थान), एजेंसी

राजस्थान में कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यार्थी ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा आत्महत्या करने का यह सातवां मामला है।

पुलिस ने बताया कि मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था और एक साल से अधिक समय से यहां कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और निष्पक्ष जांच की मांग की है। सहायक उपनिरीक्षक कप्तान ने कहा कि मृतक के माता-पिता की मांग पर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा उसके शव को देखे जाने से नौ घंटे पहले उसने आत्महत्या की थी। पंचाल का शव रविवार रात कुन्हारी पुलिस थाना क्षेत्र के लैंडमार्क सिटी स्थित छात्रावास में उसके कमरे के छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया था।

### सारण : हत्या मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

**छपरा।** सारण व्यवहार न्यायालय के सांसद विधायक न्यायालय ने हत्या के मामले में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम- सह- सांसद, विधायक के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने सुनवाई की। 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव के शत्रुघ्न गुप्ता की दुकान पर तारकेश्वर सिंह एवं संजीव सिंह और देवनाथ राय पहुंचे। तारकेश्वर ने शत्रुघ्न को गोली मार दी और उसे साथ ले गए। शत्रुघ्न का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के पास मिला था।

## आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जाइंट्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
दोपहर 7 : 30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

## एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी में बृजेश, सागर, सुमित के पदक पक्के

अस्ताना (कजाकस्तान), एजेंसी



भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए। बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के हांग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाकस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेंगी।

## पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे सात बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालीफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया। इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो बीडब्ल्यूएफ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी। सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से

## भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई मुकाबले में नजर राहुल पर

लखनऊ, एजेंसी



टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या भी महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# वरुण-सॉल्ट ने आसान कर दी केकेआर की जीत

## कोलकाता ने दिल्ली को सात विकेट से हराया, अरोड़ा और राणा ने चटकाए दो-दो विकेट



वरुण चक्रवर्ती
3 विकेट
4 ओवर
16 रन

कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नााबद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला। केकेआर ने पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सॉल्ट ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 79 रन बनाए। अक्षर पटेल ने नारायण के रूप में पहली सफलता दिलाकर इस साझेदारी को तोड़ा। सॉल्ट को अक्षर ने उन्हें बोल्ड करके नाइट राइडर्स को बड़ा झटका दिया।

इससे पहले नौवें ओवर में ही नाइट राइडर्स की टीम 100 रन के आंकड़े को छू चुकी थी। श्रेयस और वेंकटेश ने इसके बाद पारी को संभाला। नाइट राइडर्स को अंतिम छह ओवर में 20 रन की दरकार थी और श्रेयस तथा वेंकटेश ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

**68** रनों की पारी खेलकर फिल सॉल्ट ने केकेआर को दिलाई मजबूत शुरुआत

**दिल्ली 153/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 | 7 | 3/0 |
| मैकगुर्क का वेंकटेश अय्यर बो स्टार्क | 12 | 7 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 | 15 | 2/1 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 6 | 3 | 0/1 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 | 20 | 2/1 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 | 21 | 2/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 4 | 7 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 1 | 3 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 5/1 |
| रसिक सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 8 | 10 | 1/0 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

**कोलकाता 157/3** — 16.3 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 68 | 33 | 7/5 |
| सुनील नारायण का मैकगर्क बो अक्षर | 15 | 10 | 3/0 |
| रिंकू सिंह का कुलदीप बो विलियम्स | 11 | 11 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 | 23 | 3/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 | 23 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0, अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0



### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी

### तीरंदाज दीपिका कुमारी टॉप्स में फिर शामिल

**नई दिल्ली।** शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। अभी तक पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ धीरज बोम्मादेवरा ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सके हैं। आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तुर्की के अंताल्या में 15 और 16 जून को होगा। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है।

### दीक्षा एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 10 में

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में एक और अच्छे प्रदर्शन के बाद लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) के ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष -10 में पहुंच गईं। दीक्षा अब 455 अंकों के साथ एलईटी में नौवें स्थान पर है। इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ शीर्ष पर हैं। प्रणवी उर्स अपने पहले वर्ष में 25वें स्थान के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दीक्षा का आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेना लगभग तय है जो तोक्या में पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के बाद उनका दूसरा ओलंपिक होगा। वह अदिति अशोक के साथ खेलेंगी, जो अपने तीसरे ओलंपिक में खेलेंगी।

### वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता



**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।

### आर्सनल-मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी

**लंदन।** आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाये रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

### स्याही लगी उंगली दिखाने पर मिलेगी 25 प्रतिशत छूट

**जालंधर।** खेल उद्योग संघ ने आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने वालों को खेल सामानों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने आज व्यापारी संघों, स्पोर्ट्स गुड्स एसोसिएशन के सदस्यों से एक जून को लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनने का आग्रह किया। इस दौरान खेल उद्योग से जुड़े व्यापारियों/ उद्योगपतियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने उनसे कहा कि वे अपनी-अपनी औद्योगिक इकाइयों पर मतदाता जागरूकता के संबंध में साइन बोर्ड/बैनर आदि लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें ताकि कर्मचारी/श्रमिक अपने मतदान के अधिकार के प्रति संवेदनशील बनें।

## ऐसे मत बनो जैसे तुम नहीं हो : गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पीसीबी के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। गिलेस्पी ने कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! उन्होंने कहा आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है।



- पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के नवनियुक्त मुख्य जेसन ने पढ़ाया दिग्गज टीम को पाठ

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर कराची, रावलपिंडी को चुना

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

## भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू, एजेंसी

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।



- किदांबी श्रीकांत और सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी प्रतिद्वंद्वियों को हराया

## ओलंपिक क्वालीफायर टीम में कोई बदलाव नहीं : डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा कि अगर महासंघ के पास एशियाई प्रतियोगिता और इस्तांबुल में आगामी विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के बीच एक महीने का समय होता तो भी वह पेरिस खेलों के आखिरी क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित कराता। नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के लिए शायद ही कोई समय था। इसलिए विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के लिए वही प्रविष्टियां भेजने का निर्णय लिया गया। पहलवानों के लिए अपने संबंधित भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कम समय में दो बार वजन घटाना बहुत मुश्किल होता।



- इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले हैं विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर

## टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता आज करेंगे बैठक

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात करेंगी लेकिन टीम की आधिकारिक घोषणा एक दिन बाद हो सकती है।

बीसीसीआई सचिव सीनियर चयन समिति (पुरुष) के संयोजक हैं और उनके अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के कारण यह समझा जाता है कि बैठक अहमदाबाद में होगी। दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का स्थान चयन बैठक में चर्चा के दो महत्वपूर्ण बिंदू होंगे। ऐसा समझा जाता है कि लोकेश राहुल (आईपीएल में अब तक 144 के स्ट्राइक रेट और 378 रन) और संजू सैमसन (161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन) के बीच दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अब भी संघर्ष चल रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय

**मुंबई।** बॉलीवुड में इरफान खान को ऐसे दमदार अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी आंखें भी अभिनय करती थीं। गहरी नशीली आंखे, ठहरी आवाज, वह बॉलीवुड के हीरो की तरह नहीं था लेकिन उसके चुंबकीय व्यक्तित्व में कुछ ऐसा था जो लोगों को बरबस जोड़ लेता सम्मोहित कर लेता। इरफान खान का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी आंखें याद आती हैं। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जो बड़ी ही संजीदगी से अपनी आंखों से अभिनय करते थे। इरफान के पिता भी कहते थे कि ये आंखें हैं या प्याला हैं। राजस्थान के जयपुर में इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम पठान परिवार में 07 जनवरी 1967 को हुआ था। इरफान खान उन दिनों क्रिकेटर बनना चाह रहे थे। इस बात का खुलासा इरफान ने खुद ही एक इंटरव्यू के दौरान किया था। इरफान खान ने कहा था, एक वक्त था जब मैं क्रिकेट खेलता था। मेरा सेलेक्शन सीके नायडू टूर्नामेंट के लिए हुआ था। उसमें मेरे 26 साथी चुने गए थे जिन्हें एक कैंप में जाना था, लेकिन मैं नहीं जा पाया, क्योंकि कैंप में जाने के लिए मैं पैसे का इंतजाम नहीं कर पाया। मैंने डिसीजन लिया कि क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इरफान खान अभिनेता बनना चाहते थे तो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया था। इरफान खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में दूरदर्शन के सीरियल ''श्रीकांत'' से की। कहा जाता था कि इरफान की आंखें दमदार अभिनय करती हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर टॉम हैंक्स ने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा था कि इरफान की आंखें भी अभिनय करती हैं। 'बीहड़ में तो बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में' इरफान की फिल्म पान सिंह तोमर का ये डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। इरफान खान ने अपने करियर के दौरान मकबूल, लंच बॉक्स, हासिल, लाइफ ऑफ पाइ, हिंदी मीडियम, हैदर, पीकू जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम किया। 'अंग्रेजी मीडियम' इरफान खान की आखिरी फिल्म थी, जो 2017 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल थी। इरफान खान ने अपने सिने करियर में ऐसी कई फिल्में की हैं, जो मील का पत्थर साबित हुई। तिग्मांशु धूलिया की फिल्म ''हासिल'' के लिए उन्हें ''बेस्ट विलेन'' का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। इरफान खान को फिल्म ''पान सिंह तोमर'' के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2011 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इरफान आज ही के दिन 29 अप्रैल को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गए।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# मालदीव में भी एमडीएच मसाले प्रतिबंधित

- जांच में मिला एथिलीन ऑक्साइड भारत और अमेरिका में भी जांच कर रहीं एजेंसियां

माले, एजेंसी

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर के बाद मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी (एमएफडीए) ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी।

एमएफडीए ने कहा कि ये मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में आयात किए जाते हैं। बता दें, इस महीने की शुरुआत में हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में 'कीटनाशक' बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया, एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है। बता दें कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

### भारतीय कंपनी बोली-झूठे और निराधार आरोप




एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को खारिज किया करते हुए कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं और इनके कोई ठोस सबूत नहीं है। एमडीएच ने कहा, 'हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है। इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है।

## जयपुर, गोवा में हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर और गोवा हावाई अड्डों पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# सूर्य की तपिश से ऑक्सीजन निगल रही है वनाग्नि

**575** आग लगने की घटनाएं हुईं नवंबर से अब तक उत्तराखंड में

**690** हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए इससे, 14 लाख से ज्यादा का नुकसान

*भारत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी आम है। अधिकतर जंगलों में आग लगने की घटनाएं नवंबर से जून के बीच अधिक सामने आती है। तापमान, वर्षा, वनस्पति और नमी जैसे कई कारक आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदार हो सकते है। विशेषज्ञें के अनुसार, तीन कारक जंगल की आग के फैलने का कारण बनते हैं- ईंधन भार, ऑक्सीजन और तापमान। सूखी पत्तियां जंगल की आग का ईंधन होती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वेबसाइट बताती है कि भारत के लगभग 36 प्रतिशत जंगलों में अक्सर आग लगने का खतरा रहता है।*

- उत्तराखंड में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के जंगल में लगी आग चौथे दिन रविवार को भी जारी रही। वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाई। इस अभियान में अब एनडीआरएफ भी मदद कर रही है। रविवार को कई इलाकों में आग बुझा दी गई। हालांकि नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़ व बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। पिछले 24 घंटों में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुई हैं।



### क्यों भड़की आग

लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन की तरह हैं। चीड़ के जंगल इसमें पेट्रोल का काम कर रहे हैं। यों तो नैनीताल में चार दिनों से जंगलों में आग लगी हुई थी, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई।

### कहां-कहां फैली

नैनीताल जिले के भूमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के जंगलों में आग बुरी तरह भड़की, जहां वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने पानी की बौछारें छोड़ीं। पहले हेलिकॉप्टर को नैनी झील से पानी लेना था, इसके लिए थोड़ी देर के लिए इस झील में नौकायन रोकना पड़ा, लेकिन बाद में हेलिकॉप्टर ने भीम ताल से पानी लेने का फैसला किया।

## एक नजर

### केंद्र ने सूखा प्रबंधन को लेकर कर्नाटक को दिए 3 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार को लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ कर्नाटक सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी से पूछा, कुछ राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### रूस के खिलाफ अब तेज होगी हथियारों की आपूर्तिः नाटो प्रमुख

**कीव।** नाटो प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग इस समय यूक्रेन यात्रा पर हैं। उन्होंने सोमवार को यूक्रेन से कहा कि हाल के महीनों में गठबंधन सदस्य सैन्य सहायता देने का अपना वादा पूरा करने में विफल रहे हैं, लेकिन अब हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति बढ़ेगी। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति तेज करने का अनुरोध किया है, जिससे रूस का मुकाबला किया जा सके। यूक्रेन की अघोषित यात्रा पर पहुंचे नाटो महासचिव स्टोलटेनबर्ग ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात कर युद्ध के हालात पर चर्चा की।

### स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा

**स्कॉटलैंड।** मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले



पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी। 39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

### केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटा, 40 की मौत, कई लोग लापता

**नाकुरु (केन्या)** केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक बांध टूट गया, जिससे करीब 40 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 40 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, जो कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## 26 हजार नियुक्ति रद करने पर हाईकोर्ट के फैसले को ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

# शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

कलकत्ता हाईर्ट के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

### संदेशखालिः आरोपी का बचाव क्यो कर रही है सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल से जुड़े



एक और मामले में सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखालि मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे। पीठ के सवाल का जवाब देते हुए राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। वकील ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी (ईडी) को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 मई को होगी। हाई कोर्ट द्वारा ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए जाने में देरी को लेकर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। उन पर रांची के बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। अपनी गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद यानी कि 16 अप्रैल को हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका दायर की थी। फिलहाल वह रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

### सीए परीक्षाएं स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा चुनावों के कारण मई में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षाओं के कुछ पेपर स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चुनाव की तारीखों पर परीक्षा तय नहीं की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव 7 और 13 मई को होने हैं और 6 मई और 12 मई को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने से परीक्षा के संचालन के लिए पहले से मौजूद व्यापक व्यवस्थाएं बाधित होंगी।

## रवांडा भेजने के लिए प्रवासियों को पकड़ने में लगी ब्रिटेन सरकार

- शरणार्थियों को हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में सोमवार से अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय दो हफ्ते तक चलाए जाने वाले इस अभियान में अवैध शरणार्थियों को देशभर से हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा है। देशभर में ऐसे सेंटरों की संख्या बढ़ाकर दो हजार से अधिक हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ शरणार्थी पहले से ही डिटेंशन सेंटर में हैं और उन्हें रवांडा भेजने के लिए चिह्नित भी किया जा चुका है। बता दें, इंग्लैंड में स्थानीय काउंसिल चुनाव के चलते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जल्दी में कार्रवाई की है। पिछले सप्ताह सुनक ने कहा था कि रवांडा के लिए पहली उड़ानें 10 से 12 हफ्ते में रवाना होंगी। ब्रिटेन से रवांडा भेजे जाने वाले लोगों में 5 हजार भारतीय भी शामिल हैं। ये लोग 1 जनवरी 2022 अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी की निदेशक डेनिसा डेलिक ने कहा कि, रवांडा में शरणार्थियों को भेजना क्रूर और महंगा है।

### बाइडन ने प्यूर्टो रिको में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को प्यूर्टो रिको में डेमोक्रेट पार्टी के आंतरिक चुनाव में जीत हासिल की। रविवार को प्यूअर्टो रिको के डेमोक्रेटिक ने 65 में से 36 प्रतिनिधियों का चयन किया, जिसे उन्हें (प्यूअर्टो रिको) अगस्त के अंत में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सम्मेलन में भेजना है। बता दें कि प्यूअर्टो रिको के अमेरिकी नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं है। इस साल की शुरुआत में प्यूअर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रॉड्रिग्ज ने बताया था कि वह यहां के नागरिकों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

### बर्फ ने किया चक्का जाम



**अनंतनाग:** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से वाहन फंसे रहे। मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से सैलानी पहाड़ी हिस्सा का रुख कर रहे हैं। ● एजेंसी

## अरब सागर में नौका से 60 करोड़ की ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ दो दिनों तक चले संयुक्त अभियान में अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 60 करोड़ रुपये की ड्रग्स के साथ दो को गिरफ्तार किया है।

तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अरब सागर में संदिग्ध नौका की पहचान कर रोक लिया और जांच शुरू कर दी। मछली पकड़ने वाली नाव से लगभग 173 किलोग्राम ड्रग्स और महाराष्ट्र के रहने वाले मंगेश तुकाराम आरोटे उर्फ साहू और हरिदास कुलाल उर्फ पुरी को गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने आगे की पूछताछ के लिए गुजरात एटीएस और एनसीबी को सौंप दिया गया है।

# खालसा दिवस पर ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तानी नारे

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में खालसा दिवस मनाया गया, जिसमें काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उनको संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकारों की रक्षा के लिए हम मौजूद हैं। इस बीच उपस्थित लोगों ने खालिस्तान के नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा कि कनाड़ा विविधता के कारण ही मजबूत है।

टोरंटो में रविवार को खालसा दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के साथ समझौता करने सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कनाड़ा की सबसे बड़ी शक्ति यहां की विविधता है, लेकिन यही मतभेदों के कारण ही मजबूत भी हैं।

### भारत ने कनाडा के उप उच्चायुक्त को किया तलब

आयोजन में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी को जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार ने कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब किया है और कड़ा विरोध जताया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह दर्शाता है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इस तरह की अभिव्यक्तियां एक तरफ भारत और कनाडा के बीच संबंधों को प्रभावित करती हैं, तो दूसरी तरफ कनाडा में हिंसा और अपराध के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

## रूस में आतंकी हमला 2 पुलिसकर्मी समेत 5 हमलावरों की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि 5 हमलावर भी मारे गए हैं।

रूस के आंतरिक मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा के अनुसार, रविवार देर रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में हुई गोलीबारी में चार अन्य अधिकारी घायल हो गए और सभी पांच हमलावर मारे गए। देश की शीर्ष राज्य आपराधिक जांच एजेंसी और जांच समिति ने इस हमले को लेकर कहा कि इन बंदूकधारियों ने एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र में एक अन्य पुलिस चौकी पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक अन्य घायल हो गया था।

# लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल

सना, एजेंसी

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक जहाज को निशाना बनाकर मिसाइल से हमला किया। हमले से एक तेल टैंकर क्षति पहुंची है और एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यमन के सादा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों का संचालन करते समय हमला किया गया और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया।

ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने कहा, माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत पर मोखा के तटीय क्षेत्र में तीन मिसाइलें दागीं है, जो जिबूती से सऊदी अरब जा रहा था। पोत में सवार चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। घटना में अमेरिकी सेना ने अभी तक इस कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें, हूती ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन शक उनपर ही है।

### बाइडन-नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत

**तेल अवीव।** व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

**विज्ञान** | यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने घटना के एक साल बाद किया खुलासा

# पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने दूर की आकाशगंगा में पहली बार दुर्लभ विशाल मैग्नेटार विस्फोट की खोज की है। इस तरह के महाविस्फोट हमारी आकाशगंगा में सिर्फ तीन बार ही देखे गए हैं। मैग्नेटार बहुत अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले तारे होते हैं।

यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने की खोज में बताया है कि, इस महा विस्फोट को 15 मई 2023 को देखा गया था। करीब एक साल बाद इस घटना का खुलासा हो पाया है। यह मैग्नेटार विस्फोट आकाशगंगा एम 82 में हुआ है। जब पहली बार इस घटना को देखा तो वैज्ञानिकों के लिए इस विस्फोट का रहस्य समझ से परे था। वैज्ञानिक इतना संमझ पाए थे कि सुदूर की आकाशगंगा में उत्पन्न यह विस्फोट का प्रकाश दुर्लभ है। इससे पहले कभी इस तरह की घटना नही देखी गई थी। जिसे समझने के लिए खगोल वैज्ञानिकों को गहन शोध करना पड़ा। यह विशाल मैग्नेटर विस्फोट पृथ्वी से केवल 12 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ था। इस विस्फोट की सच्चाई जानने के लिए यूरोपीय देशों के कई वैज्ञानिकों जुटे। तब पता चला कि यह मैग्नेटार का विस्फोट है। मैग्नेटार अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले युवा न्यूट्रॉन तारे हैं। इनका चुंबकीय क्षेत्र सामान्य न्यूट्रॉन तारे से लगभग 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली होता है और पृथ्वी से लगभग एक खरब गुना अधिक माना जाता है। पिछले 50 वर्षों में हमारी अपनी आकाशगंगा में केवल तीन ऐसी विशाल खगोलीय घटनाओं की पहचान की गई है और अब हमारे पास हमारी आकाशगंगा के बाहर से पुष्टि की गई ये पहली घटना है। इटली के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ-आईएएसएफ) के वैज्ञानिक सैंड्रो मेरेगेटी के नेतृत्व में यह खोज हुई।



मैग्नेटार तारे के चुम्बकीय क्षेत्र की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### 2004 में देखा गया था मैग्नेटार विस्फोट

हमारी अपनी आकाशगंगा में 2004 में मैग्नेटार विस्फोट देखा गया था। यह विस्फोट पृथ्वी से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। यह इतना शक्तिशाली था कि इसका प्रभाव पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर भी पड़ा था। मैग्नेटार विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो अपने नजदीकी तारों समेत ग्रहों को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं।

# भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूटा

- जयशंकर बोले-राजनीतिक बाधाओं से विकास पर पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गए हैं। इसके साथ ही राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों की वजह से इस क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। दिल्ली विवि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहा कि, दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरणः आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना बहुत जरूरी हो गया है।

जयशंकर ने विश्वविद्यालय के छात्रों से बात करते हुए कहा, भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था या अभी होता। इसकी वजह से पूर्वोत्तर को जो विकास का स्तर देखना चाहिए था वह धीमा हो गया। इसके बाद पहले कुछ दशकों में विभाजन



के बाद राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों की वजह से पूर्वोत्तर को वह फायदा नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिला। केंद्रीय मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम अभी जो विकास देख रहे हैं, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं भारत सरकार को पहले की पूर्व दिशा की ओर देखना चाहिए और फिर उत्तर-पूर्वी राज्यों को देखना चाहिए।